नई दिल्ली
सोमवार, 6 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 25
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यूनं. 27


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग कल

# दांव पर लगी चार पूर्व मुख्यमंत्रियों व छह केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा! 7 मई को ईवीएम में कैद होगा 122 महिलाओं समेत 1331 प्रत्याशियों का सियासी भविष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल मंगलवार को देश के 11 राज्यों व केंद्र शासित राज्यों की की 93 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 122 महिलाओं समेत 1331 प्रत्याशी अपनी सियासी किस्मत आजमा रहे हैं। देश के गृहमंत्री अमित शाह समेत छह केंद्रीय और दो यूपी के मंत्रियों की प्रतिष्ठा दावं पर है।

जबकि इस चरण के सियासी दंगल में चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की भी अग्नि परीक्षा होगी। वहीं कई पूर्व केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और जानीमानी हस्तियां भी सियासी जंग के मैदान में हैं। लोकसभा की 543 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में पहले और दूसरे चरण में 190 सीटों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इन केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर प्रतिष्ठा

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इनमें गुजरात की गांधीनगर से गृहमंत्री अमित शाह, पोरबंदर से स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और राजकोट से मत्स्य पालन, पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, कर्नाटक की धारवाड़ से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, मध्य प्रदेश की गुना से नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा यूपी की आगरा से विधि एवं न्याय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। वहीं यूपी की योगी सरकार के मैनपुरी सीट से ठाकुर जयवीर सिंह तथा हाथरस से अनूप वाल्मीकि भी चुनाव मैदान में हैं।



## चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की अग्नि परीक्षा

मंगलवार को तीसरे चरण के चुनाव में चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की भी अग्नि परीक्षा होने जा रही है। इनमें मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राजगढ़ से दिग्विजय सिंह चुनाव मैदान में हैं। वहीं कर्नाटक की पूर्व मुख्यमंत्रियों बसवराज बोम्मई और जगदीश शेट्टार, हावेरी सीट से बसवाराव बोम्मई तथा बेलागावी सीट से जगदीश शेट्टार अपनी सियासी प्रतिष्ठा दांव पर लगाकर चुनाव मैदान में हैं।

## भाजपा ने उतारे 82 प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे 1331 प्रत्याशियों में वैसे तो सबसे ज्यादा 640 निर्दलीय प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन प्रमुख राजनीतिक दलों सबसे ज्यादा 82 प्रत्याशी भाजपा चुनाव मैदान में हैं। इसके बाद बसप ने 79, कांग्रेस 68, सपा ने 10, तृणमूल कांग्रेस ने 6, शिवसेना (यूबीटी) ने पांच, शिवसेना (शिंदे) ने दो, राकांपा (सपा), राकांपा (अजीत), ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सियासी जंग में धनकुबेरों की भरमार

लोकसभा चुनाव के इस दौर में 386 प्रत्याशी करोड़पतियों की फेहरिस्त में शामिल है, जिसमें सबसे ज्यादा भाजपा ने 76 और कांग्रेस ने 60 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। जबकि बसपा के 29, सपा के 9, शिवसेना के 5, तृणमूल के 4, राकांपा (सपा), जदयू, राजद व राकांपा (अजीत) के 3-3 तथा शिवसेना के दोनों प्रत्याशियों के नाम करोड़पतियों की सूची में हैं। इन करोड़पति प्रत्याशियों में 1361 करोड़ की संपत्ति के साथ सबसे अमीर गोवा दक्षिण लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पल्लवी श्रीनिवास डेम्पो तथा सबसे गरीब महाराष्ट्र की कोल्हापुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी इरफान अबुतालिब चांद है, जिसने अपनी संपत्ति केवल 100 रुपए घोषित की है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### डोप टेस्ट से इंकार किया बजरंग पूनिया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के लिए पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। नाडा ने रविवार 5 मई को इस स्टार पहलवान को डोप टेस्ट न कराए जाने को लेकर एक्शन लेते हुए सस्पेंड कर दिया। इस कड़े कदम की वजह से बजरंग पूनिया के पेरिस ओलंपिक में खेलने को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है।

### दिल्ली-नागपुर में भूकंप कोई नुकसान नहीं



**नई दिल्ली।** देश के दो बड़े शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। महाराष्ट्र के नागपुर में दोपहर 2 बजकर 30 मिनट के करीब आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई है। भूकंप का केंद्र उमरेड गांव में था। दिल्ली में भूकंप 4 बजकर 19 मिनट 14 सेकंड पर आया। भूकंप की तीव्रता 2 मापी गई। केंद्र पश्चिमी दिल्ली था।

### राजस्थान में नीट का गलत प्रश्नपत्र वितरित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि रविवार को राजस्थान में एक नीट परीक्षा केंद्र पर गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने के कारण कुछ अभ्यर्थी प्रश्नपत्र लेकर बाहर चले गये। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि बाद में परीक्षा केंद्र के 120 प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा आयोजित की गई। सवाई माधोपुर के एक परीक्षा केंद्र में यह हुआ।

श्री रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, भव्य व जोशीला स्वागत हुआ

# दो किमी के रोड शो में बरसे करीब 100 क्विंटल फूल, घंटे घड़ियाल, ढोल-नगाड़े और शंख गूंजे



अयोध्या के जरिए पीएम मोदी अवध की नौ लोकसभा सीटों पर वोटरों को साध गए

सुग्रीव किला राम जन्मभूमि पथ से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक रोड शो हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक बार फिर अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। करीब 15 मिनट तक दर्शन करने के बाद भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह के समर्थन में रोड शो किया। अयोध्या के जरिए पीएम मोदी अवध की नौ लोकसभा सीटों पर वोटरों को साध गए। प्रधानमंत्री मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्री राम जैसा विशाल

रोड शो के बीच पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में लिखा9 अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्री राम जैसा विशाल है अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्री राम जैसा विशाल है। रोड शो में आशीर्वाद देने आई जनता-जनार्दन का अभिनंदन।

पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए विशेष रथ को फूलों से सजाया गया था। यह रथ लखनऊ में तैयार किया गया था। रथ पर यूपी के सीएम योगी भी सवार थे।

पीएम ने सबसे पहले करीब 15 मिनट तक की श्री रामलला की पूजा

प्रधानमंत्री के कारण दर्शन की व्यवस्था बाधित नहीं हुई

रोड शो के दौरान मोदी-मोदी व जय श्री राम के नारे लगते रहे



- ▶▶ शाम 7:14 बजे एयरपोर्ट पहुंचे पीएम मोदी।
- ▶▶ 7: 50 बजे राम मंदिर के गेट नंबर 11 से प्रवेश किया।
- ▶▶ 7: 53 बजे रामलला के दरबार में साष्टांग दंडवत किया। इसके बाद पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।
- ▶▶ 8:17 बजे पीएम मोदी का दो किलोमीटर लंबा रोड शो

## मुख्य मार्ग के हर घरों पर भगवा झंडे लगाए गए

पीएम के आगमन को लेकर अयोध्या की भव्य साज-सज्जा की गई। मुख्य मार्ग के हर घरों पर भगवा झंडे लगाए गए। राम जन्मभूमि के गेट नंबर 11 को राममंदिर की थीम पर सजाया गया। 50 किलो फूल से यहां रामलला के बाल स्वरूप के चित्र सहित राममंदिर का मॉडल, बालकराम की छवि को दर्शाया गया।

### इकबाल ने जताई इच्छा.. फिर एक बार पीएम बनें मोदी



राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा है कि वह चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें। एक्स पर जारी एक पोस्ट में इकबाल अंसारी ने कहा कि पीएम मोदी भाग्यशाली हैं कि उनका चुनाव राम की नगरी से शुरू हो रहा है। उनका दस साल का पीएम पद का कार्यकाल बहुत अच्छा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रोड शो में बड़ी संख्या में साधु-संत भी शामिल हुए

पीएम मोदी का रोड शो दो किलोमीटर की दूरी तय कर लता मंगेशकर चौक तक पहुंचा। पूरे रास्ते पुष्प वर्षा कर पीएम मोदी की अगवानी की गई। इस दौरान घंटा घड़ियाल, ढोल-नगाड़े और शंख ध्वनि गुंजायमान होता रहा। रोड शो में बड़ी संख्या में साधु और संत भी शामिल हुए।

### पांच स्थानों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

पीएम मोदी के रोड शो के दौरान राम जन्मभूमि पथ से लता चौक तक 82 ब्लॉक में अयोध्यावासी रहे। जबकि पांच स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। महिलाओं के लिए तीन, युवाओं के लिए दो, तीर्थ-पुरोहितों और संत-महंत व वरिष्ठ धर्माचार्यों के लिए सात ब्लॉक आरक्षित थे। इसी तरह समाज के अन्य वर्गों के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए। महिलाएं एक रंग के परिधान और युवा एक रंग की टी शर्ट में नजर आए।

2000 रुपए की फीस से जुड़ी याचिका पर बोला दिल्ली हाईकोर्ट

# एसी स्कूलों में पढ़ाना है तो इसका खर्च माता-पिता को ही वहन करना पड़ेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्कूल में वातानुकूलन का खर्च माता-पिता को वहन करना होगा, क्योंकि यह छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में वातानुकूलन के लिए प्रतिमाह 2,000 रुपए वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी। पीठ ने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रसीद में एयर कंडीशनिंग का शुल्क दर्ज, रिपोर्ट मांगी

*अदालत ने कहा कि फीस रसीद में एसी दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्कूल द्वारा ली जाने वाली फीस में कोई अनियमितता नहीं है। याचिकाकर्ता मनीष गोयल स्कूल में 9 वीं कक्षा में पढ़ता था। उनके अनुसार छात्रों को एयर कंडीशनिंग सुविधा प्रदान करने का दायित्व स्कूल प्रबंधन पर है और उक्त सुविधा छात्रों को स्कूल के स्वयं के धन और संसाधनों से प्रदान की जानी चाहिए। डॉक्यूमेंट में बताया कि अधिकारी संबंधित मुद्दे की जांच कर रहे हैं और प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट को बताया गया कि शिकायतों पर महाराजा अग्रसेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।*

### यह अन्य शुल्कों से अलग नहीं

हाईकोर्ट ने साफ कहा कि स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली एयर कंडीशनिंग सेवाओं की लागत माता-पिता को वहन करनी होगी क्योंकि यह बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधा है। यह प्रयोगशाला शुल्क और स्मार्ट क्लास शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है। माता-पिता स्कूल का चयन करते समय स्कूल में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं और कीमत का भी ध्यान रखना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि शिक्षा निदेशालय को भी शिकायतें मिलने के बाद इस मुद्दे पर विचार करना पड़ा और याचिका सुनवाई योग्य नहीं थी।

राजस्थान में भीषण सड़क हादसा

# त्रिनेत्र गणेश के दर्शन को जा रहे एक ही परिवार 6 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ सवाई माधोपुर

राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा बौंली थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर बनास पुलिया के समीप हुआ।

मारे गए परिवार के लोग सीकर से रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश के दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ। हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बनास नदी पुल



के पास उस समय हुआ जब अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। बौंली थाने के उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने बताया कि कार में सवार लोग सवाई माधोपुर जा रही कार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

दवाएं मानकों के मुताबिक नहीं

# सिप्ला-ग्लेनमार्क ने यूएस बाजार से दवाएं वापस मंगाईं


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दवा निर्माता कंपनी सिप्ला और ग्लेनमार्क अपनी दवाओं में विनिर्माण संबंधी समस्या आने के कारण अमेरिकी बाजार से इन्हें वापस मंगवा रही हैं। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (यूएसएफडीए) की रिपोर्ट के अनुसार, सिप्ला की न्यू जर्सी स्थित सहायक कंपनी ने इप्रेट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस




मंगवाए हैं। वहीं, ग्लेनमार्क फार्मा ने हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए उपयोग में आने वाली दवा डिल्टियाजेम हाइड्रोक्लोराइड की कैप्सूल की 3,264 बोतलें वापस मंगाई हैं। ग्लेनमार्क की ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स इंक, यूएस दवा बनाने में कुछ ▶▶ शेष पेज 5 पर

# 8 फीट ऊंचे शिवलिंग के दर्शन करेंगे भक्त



### बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई

**जम्मू।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल ▶▶ शेष पेज 5 पर

देहरादून में मंदिर के शिलान्यास में फिसलकर गिर गए थे

# इस्कॉन आईजीसी के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण का निधन, वृंदावन में दी जाएगी 'समाधि'

एजेंसी ▶▶ मथुरा

इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन हो गया है।

रविवार सुबह देहरादून में उनका निधन हुआ। गोपाल कृष्ण दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज



सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों व वृंदावन सहित विश्व के सभी मंदिरों में शोक की लहर है। सोमवार को गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का पार्थिव शरीर वृंदावन लाया जाएगा। इस्कॉन मंदिर में प्रभुपाद की समाधि के पास ही अंतिम दर्शन को सुबह 11 बजे से रखा जाएगा। दोपहर 2.30 बजे करीब उनको इस्कॉन की गोशाला के पास समाधि दी जाएगी।

करीब दो से ढाई लाख भक्त उनके अंतिम दर्शन को वृंदावन आ सकते हैं। 1944 में नई दिल्ली में जन्मे गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज एक मेधावी छात्र थे, जिन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां ▶▶ शेष पेज 5 पर

मसालों में कीटनाशक मामले पर पहली बार आई सफाई

एफएसएसएआई का कहना है कि भारत में कीटनाशकों को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की तरफ से कीटनाशक अधिनियम, 1968 के तहत बनाई गई केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबी और आरसी) के माध्यम से विनियमित किया जाता है

# एफएसएसएआई का दावा-मसालों में 10 गुना ज्यादा कीटनाशक तो बिल्कुल नहीं

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि भारत में अधिकतम अवशेष सीमा यानी कीटनाशक मिलाने की सीमा दुनियाभर में सबसे कड़े मानकों में से एक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 10 गुना ज्यादा पेस्टीसाइड को मंजूरी देने वाली खबरों पर सफाई जारी की है। उसने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया है जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि भारतीय फूड कंट्रोलर ने जड़ी-बूटियों और मसालों में तय मानक से 10 गुना ज्यादा कीटनाशक मिलाने की मंजूरी दी है। एफएसएसएआई ने कहा कि ऐसी खबरें झूठी और बेबुनियाद हैं। एक प्रेस जारी कर भारतीय




खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि भारत में अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) यानी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईबी और आरसी से मिले आंकड़ों की करता है जांच

एफएसएसएआई का कीटनाशक अवशेषों की जांच के लिए बनाया गया साइंटिफिक पैनल सीआईबी और आरसी से मिले आंकड़ों को जांचता है। इसके बाद सभी खतरे से जुड़े आंकड़ों की जांच के बाद एमआरएल तय किए जाते हैं। इस दौरान भारत के लोगों की डाइट और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं को भी ध्यान में रखा जाता है। केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और रजिस्ट्रेशन कमेटी से रजिस्टर्ड कुछ कीटनाशक है। उदाहरण के लिए, विभिन्न एमआरएल वाली कई फसलों पर मोनोक्रोटोफॉस के उपयोग की अनुमति है जैसे चावल 0.03 मिलीग्राम/किग्रा, खट्टे फल 0.2 मिलीग्राम ▶▶ शेष पेज 5 पर

# गर्मी ने बढ़ाई परेशानी, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गर्मियों के इस सीजन में रविवार का दिन सबसे गर्म रूप के दिन में दर्ज हुआ। दिल्ली के स्पोर्ट्स काम्पलैक्स में लोगों को 44 डिग्री सेल्सियस का सितम झेलना पड़ा। जबकि कई जगह पारा 42-43 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं इस मौसम में दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2 डिग्री ज्यादा है।

आईएमडी के अनुसार दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2 डिग्री



नीचे राहत वाला कहा जा सकता है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार वीकेंड रविवार का दिन दिल्ली के लोगों के लिए भीषण गर्मी वाला दर्ज हुआ। इस मौसम में पहली बार कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जिसके चलते लोगों को घरों में रहना पड़ा। आईएमडी का अनुमान है कि सोमवार से अगले दो तीन दिन पारे में दो डिग्री तक बढ़त दर्ज होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। यानी आने वाले दिन दिल्ली के लोगों के लिए बेरहम रह सकते है। हालांकि गुरुवार को बेशक आईएमडी हल्की बारिश की संभावना जता रहा है, किंतु तापमान 40 डिग्री के आस पास ही रहेगा। बता दें कि गर्मियों के इस सीजन में अप्रैल महीना भी दिल्ली के लिए बेहद राहत भरा रहा। इसी तरह मई के पहले तीन दिन भी ठंडक वाले ही रहे थे। लेकिन अब सूरज अपने कड़े तेवर दिखाने लगा है, जिसके चलते भीषण गर्मी लोगों की हालत खराब करने लगी है।

## बिजली की मांग लगातार पांच हजार मेगावाट पार हो रही है दर्ज, जल्द आंकड़ा बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गर्मी बढ़ने के साथ ही दिल्ली में बिजली की मांग भी लगातार पांच हजार मेगावाट पार दर्ज हो रही है। रविवार को वीकेंड के बावजूद दिल्ली में बिजली की मांग का आंकड़ा पांच हजार मेगावाट पार 5099 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि एक दिन पहले शनिवार को मांग 5189 मेगावाट रही थी। दूसरी तरफ वीकेंड पर न्यूनतम मांग का आंकड़ा बढ़कर 3516 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि शनिवार को न्यूनतम मांग का आंकड़ा 3485 मेगावाट दर्ज किया गया था। जहां गर्मी बढ़ रही है वहीं बिजली की मांग में बढ़त के चलते लोगों की शिकायत है कि कटौती भी बढ़ने लगी है। लेकिन निजी बिजली आपूर्ति कंपनियां टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस का दावा है कि मांग बढ़ने के बावजूद कहीं कोई कटौती नहीं की जा रही। इनका कहना है कि अभी दिल्ली में मांग पांच हजार के आंकड़े के ही पार पहुंची है जबकि हम आठ हजार मेगावाट मांग तक को आपूर्ति करने में सक्षम है। इन कंपनियों की माने तो 2024 में गर्मियों की मांग के पूर्वानुमान के तहत विभिन्न स्त्रोतों से पर्याप्त बिजली की व्यवस्था कर रखी है। इसमें पन बिजली से लेकर सौर ऊर्जा व अन्य विकल्प शामिल है। वहीं कंपनियों का कहना है कि जहां अचानक खराबी आती है वहां एक तय समय के लिए बिजली बंद की जाती है और उसके बाद तुरंत चालू कर दी जाती है।

**खबर संक्षेप**

### सीआईएससीई की 10वीं, 12वीं का परिणाम आज

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने रविवार को बताया कि आईसीएसई (10 वीं कक्षा) और आईसीएस (12वीं कक्षा) के परिणाम की घोषणा छह मई को दिन में 11 बजे की जाएगी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। बोर्ड ने इस सत्र से 10 वीं और 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा बंद करने का भी निर्णय लिया है। इमैनुएल ने कहा कि जो अभ्यर्थी परीक्षा के एक ही वर्ष में अपने अंक या ग्रेड में सुधार करना चाहते हैं, वे अधिकतम दो विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं। अंक सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी।

### गैस रिफिलिंग करते हुए दुकानदार झुलसा



**नई दिल्ली।** राजधानी के गांधी नगर इलाके में एक दुकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते समय रविवार को हादसा हो गया। धमाका होने से रिफिलिंग कर रहा दुकानदार मामूली रूप से झुलस गया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां व पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गांधी नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली थी कि गांधी नगर में एक दुकान में एलपीजी के बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलिंग की जा रही थी। उसी वक्त धमका हुआ और दुकानदार घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गैस रिसाव की वजह से धमाका हुआ था, सिलेंडर नहीं फटा था। दुकान में आग नहीं लगी। पुलिस का कहना है कि निगम और प्रशासन से अवैध रिफिलिंग सेंटर पर कार्रवाई करने के लिए कहा जाएगा।

## 15 टन मसाला और रॉ मैटेरियल जब्त

# नकली मसाले बनाने वाली दो फैक्ट्रियों का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने किया तीन को गिरफ्तार

करावल नगर में चल रही नकली मसाले बनाने वाली दो फैक्ट्रियों का पर्दाफाश क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने किया है। इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 15 टन मसाला और रॉ मैटेरियल जब्त हुआ है। इसके अलावा मशीनें, टैंपो और अन्य उपकरण बरामद हुये। गिरफ्तार तीन लोगों में एक आपूर्तिकर्ता शामिल है।

डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार साइबर सेल, अपराध शाखा की टीम को मिलावटी खाद्य मसालों के निर्माता और आपूर्तिकर्ताओं पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया था। इसी बीच एक सूचना प्राप्त हुई कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में कुछ निर्माता/दुकानदार विभिन्न ब्रांड के नाम पर मिलावटी मसालों के निर्माण और बिक्री में शामिल हैं। जानकारी को एएसआई कंवरपाल द्वारा और विकसित किया गया। इसके बाद करावल नगर क्षेत्र में दो फैक्ट्रियों पर छापेमारी की गई। एक जगह दिलीप सिंह उर्फ बंटी और खुर्शीद मलिक मिले। यहां मिलावटी हल्दी बनाई जा रही थी। पुलिस पार्टी को देखकर दोनों ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें काबू कर लिया गया। इसके बाद दोनों से पूछताछ की गई। दिलीप सिंह ने बताया कि वह इस निर्माण इकाई का मालिक है और खुर्शीद मलिक ने बताया कि वह इन मिलावटी निर्मित मसालों का आपूर्तिकर्ता है। निर्मित इकाई के निरीक्षण पर यह पता चला कि मिलावटी मसाले यानी हल्दी पाउडर, गरम मसाला पाउडर, अमचूर पाउडर और अन्य कच्चे माल यानी सड़े हुए चावल, सड़े हुए नारियल, नीलगिरी के पत्ते, सड़े हुए जामुन, लकड़ी की धूल, साइट्रिक एसिड, चोकर, सूखी मिर्च के सिर व रंग रसायन आदि पाया गया। इसके बाद खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को भी सूचित किया गया, जिन्होंने मौके पर आकर यूनिट का निरीक्षण किया और बरामद मिलावटी हल्दी, चना मसाला, अमचूर, धनिया पाउडर आदि के कई नमूने लिए। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि एक अन्य फैक्ट्री काली खाता रोड, करावल नगर में भी चल रही है। वहां पर भी छापेमारी की गई। मौके पर मौजूद सरफराज नाम के व्यक्ति को मिलावटी मसाले बनाते हुए पकड़ा गया।

### मर्डर केस में शामिल दो शूटरों समेत तीन धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने टिल्लू गिरोह के दो शूटरों समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन पर गैंगवार में हत्या का आरोप है। कुछ दिन पहले अलीपुर इलाके में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने बदमाश नरेंद्र उर्फ ढीलू को गोलियों से भून दिया था। फायरिंग में नरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि उसके एक साथी तरूण के पैर में तीन गोलियां लगी थी। तीसरा साथी अमित मौके से भाग निकला था। पुलिस के अनुसार नरेंद्र अलीपुर थाने का घोषित अपराधी और गोगी गिरोह का सदस्य था। गोगी की रोहिणी कोर्ट में हत्या की गई थी। गिरफ्तार दो शूटर हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस की जांच में पता चला कि मर्डर की योजना जेल में बनाई गई थी। टिल्लू की तिहाड़ जेल में गोगी गैंग ने हत्या की थी। उसी का बदला लेने के लिये अलीपुर में 22 अप्रैल को दिनदहाड़े नरेंद्र की हत्या की गई थी। यह हत्या गैंगवार का नतीजा थी। इसके साथ ही इलाके में वर्चस्व कायम रखना भी एक मकसद था। गिरफ्तार तीनों बदमाशों के नाम विशाल, हैप्पी और भारत कुमार है। इनकी पुरानी संलिप्तता का पता लगाया जा रहा है। बदमाशों के पास से एक मोटर साइकिल और दो पिस्टल बरामद हुये।

## होटल में चल रहा था कैसीनो, नौ लाख जब्त

### पांच आयोजकों समेत 22 दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल में अवैध कैसीनो का भंडाफोड़ किया गया है। पांच आयोजकों समेत 22 लोग गिरफ्तार हुये हैं। इनसे 9.25 लाख नकदी, 160 कैसीनो टोकन, 16 पासे और 16 ताश की गड्डी जब्त हुई है।

पुलिस के अनुसार इंटरस्टेट सेल, अपराध शाखा की टीम के एसआई आशीष को एक फाइव स्टार होटल में अवैध कैसीनो चलने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। जानकारी को और विकसित किया गया और एक टीम बनाई गई जिसमें इंस्पेक्टर सतेंद्र मोहन भी शामिल थे। 5 मई को तड़के लगभग दो बजे होटल पर छापेमारी की गई। जिन दो कमरों में कैसिनो पाया गया, वे अतुल सैनी के नाम पर बुक थे। कमरों की जांच के दौरान, चार आयोजकों सहित 22 व्यक्ति पकड़े गये। चार मुख्य लोगों के नाम अतुल सैनी, सनी बडजातिया उर्फ बबलू (बीसी थाना अंबेडकर नगर), अरुण शर्मा, अजीत कुमार है। इनके पांचवें साथी और मास्टरमाइंड सचिन निवासी कृष्णा नगर, सफदरजंग एन्क्लेव को बाद में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि फाइव स्टार होटल में कमरे बुक कर अवैध कैसीनो चलाया जा रहा था। आयोजक सचिन सैनी ने अपने परिचित ग्राहकों को फोन कर होटल की व्हाट्सएप लोकेशन भेजी थी। वहां प्रवेश प्रतिबंधित था, जिसे अतुल सैनी की पुष्टि के बाद ही खोला जाता था। कैसीनो का प्रबंधन सचिन सैनी द्वारा किया जा रहा था।

## हरियाणा सह प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह समेत सैकड़ों आप नेता भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव से पहले नेताओं द्वारा दल बदलने का सिलसिला तेजी से जारी है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी (आप) के हरियाणा के सह प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, द्वारका से आप नेता मुकेश सिन्हा एवं कादीपुर से प्रवीण राणा सहित सैकड़ों आप कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

इस मौके पर लोकसभा चुनाव समिति के संयोजक अजय महावर, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान आदि के साथ मनोज तिवारी की पुत्री रिति तिवारी भी मौजूद रहीं। रिति तिवारी ने भी भाजपा परिवार में नव सम्मिलित सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। भाजपा में शामिल होने वालों में आप नेता बाबा तिवारी, विनोद मुद्गल, दुर्गेश, सत्यम सिंह, गौरव सिंह, अजय पाठक, चन्दन सिंह, विक्की सिंह, नीरज पाण्डेय, रामनिवास तिवारी, बी.एन. पाण्डेय, डी एन पाण्डेय, मृत्युंजय सिंह, नरेश शेष, लव कुश दुबे, भूपेन्द्र सिंह, पवन सिंह राजौरिया एवं नचबलिए के विजेता रहे विनोद



■ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी ने पार्टी पटका पहना कर किया स्वागत

ठाकुर प्रमुख थे। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आने वाले समय में हमें सिर्फ अपने बूथ पर ध्यान देना है और हर बूथ पर हर वोट डलवाने का संकल्प लेना है। यदि हमारे बूथ का अंतिम वोट भी भाजपा के पक्ष में डल जाए तो आने वाले समय में दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर एक ऐसी सरकार है जिसके भ्रष्टाचार के किस्से लगातार सामने आ रहे हैं और हमारी जिम्मेदारी है कि इनके भ्रष्टाचारों को घर-घर जाकर उजागर करें। तिवारी ने कहा कि आज दिल्ली में पार्टी में ऐसे गणमान्य शामिल हो रहे हैं जिन्होंने जमीन पर काफी काम किया है। प्रवीण राणा ने बुराड़ी के केशव नगर कॉलोनी टूटने लगी तो उसे बचाने का काम किया। ऐसे लोग जो जनता से सीधे जुड़े हैं, उनका भाजपा में शामिल होने से काफी मजबूती मिलेगी। तिवारी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आज सभी तत्पर है और भाजपा हमेशा आप सभी के किसी भी सुख दुख में मदद के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की अपनी एक नीति है और उस नीति के तहत सभी को आगे बढ़ना है और एक मजबूत सरकार बनानी है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अन्ना आंदोलन में जब हम एक साथ मंच पर थे तो ऐसा लगा कि मानो दिल्ली के एक नई क्रांति आ सकती है लेकिन आज जब हम देखते हैं तो पहले कदम के सभी साथी आज अरविन्द केजरीवाल के साथ नहीं है। इतना ही नहीं जिन कार्यकर्ताओं ने आप को राष्ट्रीय पार्टी बनाने की कोशिश की आज उनके साथ धोखा किया गया है और उन्हें उनका हक तक नहीं दिया गया। इसलिए इतने अपमान के साथ पार्टी में रहना ठीक नहीं है इसलिए यह समय था जब हमने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। प्रवीण राणा ने कहा कि यूं तो जब से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे तबसे ही हमें आप पार्टी में घुटन हो रही थी पर जब हमें टुकड़े टुकड़े गैंग के कन्हैया कुमार का समर्थन करने को कहा गया तो हमने आप छोड़ने का निर्णय लिया।

### आप नेता कितने भी वॉकथॉन कर लें इंडिया गठबंधन के सातों उम्मीदवार हारेंगे : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा ने कहा कि आप नेता कितने भी वॉकथॉन कर लें पर इंडिया गठबंधन के सातों उम्मीदवार लाखों वोटों से चुनाव हारेंगे। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने कहा है कि दिल्ली वाले चाहते हैं कि दागदार अरविंद केजरीवाल के दागी साथी बताएं कि बेल पर चल रहे सोनिया गांधी परिवार के आलावा आय से अधिक सम्पति के मामले झेल रहा लालू यादव परिवार, भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे अखिलेश यादव एवं हेमंत सोरेन जैसे नेताओं को लेकर बना इंडिया गठबंधन कौन सी वाशिंग मशीन में धुल कर खुद को पाक साफ दर्शाता है। भाजपा ने कहा कि बेहतर होगा की दूसरों पर उंगली उठाने से पहले आप नेता दिल्ली वालों को बताएं कि आखिर क्यों अरविंद केजरीवाल को किसी भी अदालत से जमानत नहीं मिल रही और आखिर क्यों वह बेल की रेल में बैठे नेताओं के साथ इंडिया गठबंधन का भाग बने हैं। प्रदेश भाजपा ने कहा कि जब बेल पर चल रहे संजय सिंह जैसे नेता भ्रष्टाचार पर बोलते हैं तो बहुत हास्यास्पद लगता है और ऐसे नेताओं के कारण ही राजनीतिक व्यवस्था अपनी विश्वसनीयता खो रही है।

### उम्रकैद की सजा मिलने के बाद की पैरोल जंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आजीवन कारावास की सजा के बाद पैरोल पर बाहर आकर अंडरग्राउंड होने वाले एक शातिर अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इस पर हत्या और लूट का केस दर्ज था। आरोपी तीन साल से फरार था। इसका नाम मोहम्मद आलम बताया गया है। इसे जहांगीरपुरी इलाके से पकड़ा गया। आलम शालीमार बाग थाने के 22 मार्च 2010 को दर्ज हुये हत्या और लूट के मामले में वांटेड था। 17 जुलाई 2012 को रोहिणी फास्ट ट्रैक कोर्ट में इसे जुर्माने के साथ उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। लेकिन बाद में आरोपी पैरोल पर बाहर आकर फरार हो गया था।

## पत्नी की हत्या को लेकर एक व्यक्ति की दोष सिद्धि और उम्र कैद की सजा बरकरार

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी वकील की भूमिका पर कहा- अदालतों को 'महज टेप रिकॉर्डर' जैसा काम नहीं करना चाहिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतों को सुनवाई के दौरान एक सहभागी भूमिका निभानी है और गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए 'महज टेप रिकॉर्डर' जैसा काम नहीं करना है। न्यायालय ने कहा कि आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान, किसी मुकर चुके गवाह से सरकारी वकील व्यावहारिक रूप से कोई प्रभावी एवं सार्थक जिरह नहीं करते हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायाधीश को न्याय के हित में कार्यवाही की निगरानी करनी होती है और यहां तक कि सरकारी वकील के किसी भी तरह से असावधान या सुस्त होने की स्थिति में अदालत को कार्यवाहियों पर प्रभावी नियंत्रण करना चाहिए, ताकि सच्चाई तक पहुंचा जा सके। लोक अभियोजन सेवा एवं न्यायपालिका के बीच संबंधों को आपराधिक न्याय प्रणाली की बुनियाद बताते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने बार-बार कहा है कि सरकारी वकील आदि के पद पर नियुक्ति जैसे विषयों में राजनीतिक विचार का कोई तत्व नहीं होना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

### 1995 का मामला

न्यायालय ने 1995 में अपनी पत्नी की हत्या को लेकर एक व्यक्ति की दोष सिद्धि और उम्र कैद की सजा बरकरार रखते हुए सुनाये गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। पीठ ने शुक्रवार को सुनाये गए अपने फैसले में कहा कि



सच्चाई तक पहुंचना और न्याय प्रदान करना अदालत का कर्तव्य है। अदालतों को सुनवाई में सहभागी भूमिका निभानी होगी और गवाहों के बयानों को रिकार्ड करने के लिए महज टेप रिकॉर्डर के तौर पर काम नहीं करना नहीं होगा। न्यायालय ने कहा कि अदालत को अभियोजन एजेंसी के कर्तव्य में लापरवाही और गंभीर चूक के प्रति सचेत रहना होगा। पीठ ने कहा कि न्यायाधीश से उम्मीद की जाती है कि वह सुनवाई में सक्रियता से भाग लेंगे और सही निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए उपयुकत संदर्भ में उन्हें जो कुछ जरूरी लगे, गवाहों से आवश्यक जानकारी निकालेंगे। न्यायालय ने कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ किया गया कोई अपराध पूरे समाज के खिलाफ अपराध है तथा इस तरह की परिस्थितियों में, न तो सरकारी वकील और ना ही सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश किसी भी तरह से चूक या असावधानी को वहन कर सकते हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सरकारी वकील जैसे पद पर नियुक्तियां करते समय सरकार को व्यक्ति के केवल उपयुक्त होने पर ध्यान देना चाहिए।

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सुनवाई को आपराधिक न्याय प्रणाली की बुनियाद करार देते हुए पीठ ने कहा कि लोगों के मन में यह उचित आशंका है कि आपराधिक मुकदमा न तो स्वतंत्र है और न ही निष्पक्ष है क्योंकि सरकार द्वारा नियुक्त वकील इस तरह से मुकदमा चलाते हैं, जहां अभियोजन पक्ष के गवाह अक्सर मुकर जाते हैं। न्यायालय ने उल्लेख किया कि समय के साथ, शीर्ष अदालत ने आपराधिक अपीलों पर सुनवाई करते हुए देखा है कि मुकर चुके गवाह से सरकारी वकील द्वारा व्यावहारिक रूप से कोई प्रभावी और सार्थक जिरह नहीं की जाती है। पीठ ने कहा कि हम यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि यह सरकारी वकील का कर्तव्य है कि वह मुकर चुके गवाह से विस्तार से जिरह करें और सच्चाई को स्पष्ट करने का प्रयास करें तथा यह भी स्थापित करें कि गवाह झूठ बोल रहा है और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत पुलिस को दिये अपने बयान से जानबूझकर मुकर गया है। शीर्ष अदालत, दिल्ली हाईकोर्ट के मई 2014 के फैसले को चुनौती देने वाली दोषी की अपील पर विचार कर रही थी, जिसने अधीनस्थ अदालत द्वारा उसे सुनाई गई उम्र कैद की सजा की पुष्टि की थी।

## अंगदान दर में सुधार के लिए आईसीयू में मस्तिष्क मृत्यु के मामलों की निगरानी करें: केंद्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र ने राज्यों से कहा है कि वे गहन चिकित्सा कक्षा (आईसीयू) में भर्ती मरीजों का मस्तिष्क मृत होने के मामलों पर नजर रखें, क्योंकि ऐसे मामलों की खराब पहचान एवं खराब प्रामाणीकरण के कारण देश में अंगदान की दर निम्न स्तर पर बनी हुई है।



राज्यों को दी गई सलाह का उद्देश्य देश में अंगदान की दर को बढ़ाना है।

यह दर प्रति दस लाख की आबादी पर एक दाता से भी कम है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने राज्यों को लिखे पत्र में कहा कि भारत में अंगदान की दर लगातार कम (एक वर्ष में प्रति दस लाख जनसंख्या पर एक दाता से भी कम) बनी हुई है। पत्र में कहा गया कि आईसीयू में भर्ती मरीजों का मस्तिष्क मृत होने से जुड़े मामलों पर नजर रखी जाए, क्योंकि ऐसे मामलों की खराब पहचान एवं खराब प्रामाणीकरण के कारण देश में अंगदान की दर निम्न स्तर पर बनी हुई है। मानव अंग ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार, आईसीयू में संभावित मस्तिष्क मृत्यु के मामलों की पहचान करना आवश्यक है। कुमार ने कहा कि इसके अलावा यह जांचना अनिवार्य है कि क्या ऐसे संभावित दाताओं ने अंगदान का संकल्प लिया था और यदि नहीं, तो परिवार के सदस्यों को हृदय गति रुकने से पहले कानून के तहत अंगदान करने के अवसर के बारे में जागरूक किया जाए। यह पत्र पिछले महीने सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और क्षेत्रीय तथा राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठनों के निदेशकों को भेजा गया।

सुनीता केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में देवली में किया रोड शो

# दिल्ली की महिलाओं को मिलने वाले एक हजार रुपए रोकने के लिए मुख्यमंत्री को जेल में डाला : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की हर महिला को एक हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसीलिए इन्होंने आपके मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया, ताकि महिलाओं को एक हजार रुपए महीना न मिल सके। ये लोग चाहे कुछ भी कर लें। आपके सीएम शेर हैं और अपनी माताओं-बहनों को हजार रुपए महीना देकर ही दम लेंगे। ये बातें रविवार को सुनीता केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के देवली विधानसभा में रोड शो को संबोधित करते हुए कही। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में आयोजित विशाल रोड शो में भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। एक तरफ समर्थकों की भीड़ से सड़क खचाखच भरी हुई थी, तो दूसरी तरफ बड़ी संख्या में लोग घर की बालकनी और छत पर खड़े होकर उनका अभिनंदन कर रहे थे। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी हाथ जोड़ कर दिल्ली की जनता से आशीर्वाद लिया और जेल का जवाब वोट से देने की अपील की। देवली विधानसभा में विशाल रोड शो के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने



कहा कि अभी तक किसी कोर्ट ने उनको दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है। क्या यह जांच 10 साल चलेगी तो ये लोग अरविंद केजरीवाल को 10 साल जेल में रखेंगे। इससे पहले कोई व्यक्ति तब जेल जाता था, जब अदालत उसे दोषी ठहरा देती थी। अभी इन्होंने एक नया सिस्टम निकाला है। ये कहते हैं कि जब तक जांच चलेगी, तब तक जेल में रहना पड़ेगा। यह सरासर इनकी गुंडगर्दी और तानाशाही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक सच्चे देशभक्त, ईमानदार और पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं। हमारी शादी के 30 साल हो गए। मैं 30 साल से उनको देख रही हूं। जब हमारी शादी तय हुई तो उन्होंने मुझसे एक ही सवाल पूछा कि मेरे समाज सेवा करने से तुम्हें कोई दिक्कत तो नहीं होगी? उनके मन में एक ही जूनून है कि आदमी आदमी की जिंदगी कैसे बेहतर किया जाए। 2011 में एक बहुत बड़ा आंदोलन हुआ। उस दौरान उन्होंने लोगों के हक के लिए दो बार लंबे-लंबे अनशन किए। उन्होंने 13-14 दिन तक कुछ नहीं खाया। अरविंद केजरीवाल को पिछले शुगर है और रोजाना इंसुलिन ले रहे हैं। डॉक्टर्स ने अनशन के लिए मना किया, लेकिन उन्होंने जनता के हक के लिए अपनी जान दांव पर लगा दी। अभी अरविंद केजरीवाल जे गए तो इन्होंने उनकी इंसुलिन बंद कर दी। उनका शुगर लेवल 300 के उपर पहुंच गया।

ऐसे तो अरविंद केजरीवाल की किडनी और लीवर खराब हो जाएगी। बड़ी मुश्किल से कोर्ट जाकर हमने परमिशन ली कि अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दी जाए। इन लोगों ने गुंडागर्दी मचा रखी है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल को 3 बार मुख्यमंत्री चुना है। यही सब इन लोगों को खटकता है कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को इतना प्यार क्यों करते हैं? अरविंद केजरीवाल का क्या कसूर है? क्या उनका यह कसूर है कि उन्होंने दिल्ली में बिजली 24 घंटे फ्री कर दी। पहले बहुत पावर कट लगते थे, लेकिन अब 24 घंटे बिजली आती है। उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। अब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। मोहल्ला क्लीनिक बना दिए और सरकारी अस्पताल अच्छे कर दिए। अब वहां अच्छा इलाज होता है।

लोकसभा चुनाव में दिल्ली के अंदर सुनीता केजरीवाल का यह तीसरा विशाल रोड था। उनके रोड शो में समर्थकों का उत्साह देखने लायक था। पूरा इलाका आम आदमी पार्टी के झंडे से पट गया था। लोग जेल की सलाखों में कैद अरविंद केजरीवाल का पोस्टर भी हाथ लिए दिखे। कई जगह आई लव यू केजरीवाल के पोस्ट भी लगे हुए थे। अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी ने खुद चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली हैं। यह दिल्ली की महिलाओं को बेहद प्रभावित कर रहा है। रोड शो के दौरान सड़कों के किनारे और घरों की बालकनी और छतों पर बड़ी संख्या में महिलाएं खड़ी होकर सुनीता केजरीवाल का हौसला बढ़ा रही हैं। रविवार को भी यह देखने को मिला। महिलाएं बालकनी में खड़ी होकर सुनीता केजरीवाल का अभिनंदन करती दिखीं और उन पर फूल भी बरसाए।

### 'केजरीवाल शेर हैं उन्हें कोई झुका नहीं सकता और तोड़ नहीं सकता'

सुनीता केजरीवाल ने गुजरात की जनता से कहा कि इनकी तानाशाही चरम सीमा पर है, लेकिन आपके अरविंद केजरीवाल शेर हैं, उन्हें कोई झुका नहीं सकता और तोड़ नहीं सकता। अरविंद केजरीवाल भारत मां के सच्चे लाल हैं। आज भारत मां की यह बेटी आपसे विनती करती है, इस देश को बचा लो। यह देश तानाशाही की ओर जा रहा है। लोकतंत्र खतरे में हैं। तानाशाही आएगा तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। अब आप सबको अपने वोट की ताकत को समझना होगा। 25 मई को सभी को वोट देने जरूर जाना है और झाड़ू का बटन दबाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान को जीताना है और तानाशाही को हराना है। हम सब मिलकर तानाशाही को हराएंगे। हम मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे।

# पीएम मोदी ने लिया समान नागरिक संहिता कानून बनाने का संकल्प :धनखड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पश्चिमी दिल्ली के खैरा गांव में कमलजीत सहरावत के लिए प्रभारी धनखड़ ने मांगे वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समान नागरिक संहिता कानून बनाने का संकल्प लिया है। भाजपा ने उत्तराखंड से इसकी शुरुआत कर दी है। देश की जनता जानती है कि पीएम मोदी जो कहते हैं उसको पूरा जरूर करते हैं, यही मोदी की गारंटी है। यह बात रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में नजफगढ़ जिला के गांव खैरा में पार्टी प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के पक्ष में प्रचार करने के दौरान कही। उन्होंने लोगों से मतदान करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में तरुण यादव और मीना तरूण यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा को ज्वाइन किया। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाया, कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक की रोकथाम के लिए कानून बनाया, सीएए को लागू किया। धनखड़ ने कहा कि मोदी ने हर घर शौचालय बनवाया, रसोई गैस पहुंचाई, नल से शुद्ध जल हर घर पहुंचाया, आयुष्मान योजना से गरीब व्यक्ति की महंगे इलाज की चिंता खत्म की। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के निशुल्क इलाज की गारंटी मोदी ने दी है। धनखड़ ने कहा कि कोरोना संकट काल में हर व्यक्ति की चिंता भाजपा की मोदी सरकार ने की। गरीब अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री राशन दिया, अब मोदी ने अगले पांच साल तक फ्री अनाज देने की गारंटी दी है। पीएम सम्मान निधि के पैसे सीधे किसानों के खातों में आ रहे हैं। फसल लागत मूल्य का डेढ़ गुणा भाव देने का कानून बनाया, बीमा योजनाएं बनाकर लागू की। मोदी जी ने भाजपा के संकल्प पत्र की प्रथम कॉपी आपके साथ लगते झज्जर के किसान रामबीर को दिल्ली बुलाकर दी। यह मोदी के दिल में किसानों के प्रति सम्मान भाव को दर्शाता है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भ्रष्टाचार की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए है जबकि भाजपा की राजनीति सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाने की है।

# सच को जन-जन तक पहुंचाने में करें सोशल मीडिया का प्रयोग : के. अन्नामलाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के सानिध्य में रविवार को दिल्ली भाजपा सोशल मीडिया विभाग द्वारा केन्द्रीय कार्यालय विस्तार में सोशल मीडिया वालंटियर मीट का आयोजन किया। इस मीट में तमिलनाडु के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने प्रदेश के लगभग एक हजार से अधिक सोशल मीडिया वालंटियर्स को संबोधित किया।

सोशल मीडिया वालंटियर्स को संबोधित करते हुए के. अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा हमेशा से सत्य पर विश्वास करती है नैरेटिव पर नहीं, इसलिए जितना सच हो सके, उसे हमें सोशल मीडिया के द्वारा लोगों तक पहुंचाना है। जो लोग देश का विकास नहीं चाहते हैं वे एक ऐसे नैरेटिव सेट करते हैं जो भारत के अंदर लोगों को तोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी सर्वे कंपनियां देश के बारे में बताती है वह जमीनी हकीकत बिल्कुल दूर है। इसलिए हमें अगर किसी भी सर्वे के बारे में पता चले तो उसकी जमीनी हकीकत की जानकारी आम जनता तक पहुंचानी जरुरी है। के अन्नामलाई ने कहा कि कांग्रेस साउथ इंडिया में आज एक नैरेटिव फैला रही है कि मोदी जी 400 पार इसलिए चाहते हैं क्योंकि वह संविधान को खत्म करना चाहते हैं जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस के समय में संविधान पूरी तरह से खतरे में था और सस्पेंड किया गया। आज अगर कोई फस्ट टाइम वोटर्स है वह कांग्रेस सरकार के समय में 8 साल का रहा होगा तो उसको इतिहास में क्या हुआ उसके बारे में जानकारी देना जरुरी है। तमिलनाडु के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज इंडी गठबंधन के पास ना तो प्रधानमंत्री कैंडिडेट हैं, ना ही उनके पास कोई नैरेटिव है क्योकि हर राज्य में अलग अलग नैरेटिव है, यह लोकसभा चुनाव है जो देश के लिए है ना कि किसी राज्य के लिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे उन्होंने कहा था कि 1990 तक घर-घर में लोग पानी पाइप के माध्यम से पिएंगे लेकिन यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नल से जल योजना के माध्यम से पूरा किया। इसलिए सोशल मीडिया वालंटियर्स इस बार नैरेटिव और सत्य दोनों में अंतर समझाने की कोशिश लोगों को करें।

# दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी भाजपा, भ्रष्टाचारियों को खुलेआम देती है संरक्षण : सिंह

## आम आदमी पार्टी ने राजेंद्र नगर में 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत वॉकथॉन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी का नाम भाजपा है जो भ्रष्टाचारियों को खुलेआम संरक्षण देती है। बीजेपी आज पूरे देश के सामने नंगी हो चुकी है। इन्होंने बेशर्मी की सारे हदें पार कर दी हैं। यह बातें रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने राजेंद्र नगर विधानसभा में जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत आयोजित वॉकथॉन में शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। संजय सिंह ने कहा कि लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का वॉकथॉन एक बहुत अच्छा तरीका है। हम लोग जनता के बीच जा रहे हैं और बता रहे हैं कि किस तरह भाजपा की वॉशिंग मशीन 2014 के बाद पूरे देश के भ्रष्टाचारियों को भाजपा के साथ मिलकर, उनका सहयोग लेकर और मंत्री बनाकर उनके भ्रष्टाचार के दाग को धुल रही है। यह कोई छोटा मामला नहीं है। भाजपा ने जिन पर पहले खुद भ्रष्टाचार के आरोप लगाए आज उन्हें अपनी पार्टी में मिला लिया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा के खिलाफ भाजपा छह महीने तक प्रदर्शन करती है। भाजपा उन पर वॉटर घोटाले का आरोप लगाकर बुकलेट जारी करती है। इसके बाद भी भाजपा हिमंता बिश्वा सरमा को अपनी पार्टी में शामिल कर मुख्यमंत्री बना देती है। इसी तरह शुभेंदु अधिकारी, मुकुल राय, जनार्धन रेड्डी जैसे बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल कर लिया। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने रविवार सुबह राजेंद्र नगर में 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में उत्साहित युवाओं ने आप का झंडा और सीएम केजरीवाल के कटआउट के साथ शामिल हुए। वॉकथॉन में आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, लोकसभा प्रत्याशी सोमनाथ भारती, मेयर शैली ओबेरॉय, विधायक दुर्गेश पाठक, विधायक विशेष रवि और विधायक शिव चरण गोयल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।



### दिल्ली के लोग जेल का जवाब वोट से देंगे : संजय सिंह

संजय सिंह ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का खुलासा हुआ कि चंदा दो-धंधा लो। इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा ने रिश्वत लिया और धोखा दिया। जिन कंपनियों से रिश्वत ली गई, उनको मोदी सरकार द्वारा 3 लाख 8 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया है। कंपनियों पर ईडी-सीबीआई के छापे मारे गए और और उनसे रिश्वत ली गई। भाजपा ने इतना भ्रष्टाचार किया है कि भ्रष्टाचार के मामले में बीजेपी पाताल में घुस गई है। बीजेपी जब भी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलती है तो लगता है ओसामा बिन लादेन और गब्बर सिंह अहिंसा पर उपदेश दे रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जनता को जगा रहे हैं। जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री को गलत तरीके से जेल में डाला गया है, दिल्ली के लोग जेल का जवाब वोट से देंगे और दिल्ली में सातों सीटें इंडिया गठबंधन की आएंगी।

### पूरी दिल्ली चाहती है केजरीवाल को जेल से बाहर लाना : पाठक

एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि जब से भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को एक फर्जी केस में बंद किया है, तब से पूरी दिल्ली और देश में लोग अपने-अपने तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लोग हर जगह विरोध कर रहे हैं। कहीं रैली निकल रही है तो कहीं लोग सड़कों पर निकल रहे हैं। हम देश में सत्याग्रह के तरीके से प्रदर्शन करके लोगों को जागरूक करने की कोशिश कर रहे हैं। आज राजेंद्र नगर विधानसभा में इस वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग आ रहे हैं। सबका मकसद एक ही है कि अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर करो। साथ ही जिस तरह बीजेपी संविधान खत्म करने की कोशिश कर रही है और देश में हर जगह अन्याय हो रहा है लोग उसके खिलाफ खड़े हो रहे हैं।

### दिल्ली के हर कोने से उठ रही एक ही आवाज, भाजपा की तानाशाही को है हटाना : राय

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली के हर कोने से एक ही आवाज उठ रही है कि भाजपा की इस तानाशाही को हटाना है और इस बार काम करने वाले सांसदों को जीताकर संसद के अंदर भेजना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता, युवा अलग-अलग तरीके से अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने का विरोध कर रहे हैं। दिल्ली के लोग जेल का जवाब वोट की ताकत से देने के लिए 25 मई का इंतजार कर रहे हैं। इसी कड़ी में लोगों को जागरूक करने के लिए हर रविवार को वॉकथॉन कैंपेन शुरू किया गया है। इसमें सुबह-सुबह लोग पूरी उर्जा के साथ इकट्ठा हुए हैं। यह इस बात का संकेत दे रहा है कि दिल्ली के लोग और युवा अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। भाजपा की इस तानाशाह सरकार को 25 मई को अपनी वोट की ताकत से जवाब देंगे।

### सौरभ भारद्वाज ने भाजपा की वॉशिंग मशीन में भ्रष्टाचारियों के धुलने का दिखाया डेमो

वॉकथॉन के दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा की वॉशिंग मशीन का डेमो भी दिखाया कि कैसे इस मशीन में डालने के बाद बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी धुलकर बेदाग हो जाते हैं। उन्होंने प्रतीक स्वरूप अजीत पवार, अशोक चौव्हान, प्रफुल्ल पटेल और नवीन जिंदल को भाजपा की वॉशिंग मशीन में डाला और वो नारंगी रंग में साफ-सुथरे बाहर निकले। इस दौरान सौरभ ने कहा कि हम जगह-जगह मोदी वॉशिंग मशीन का डेमो दिखाकर लोगों को बताते हैं कि कैसे इस मशीन में भ्रष्टाचारियों को डाल कर साफ-सुथरा किया जाता है।

### भाजपा तानाशाही तरीके से सरकार चला रही है, संविधान को खतरा : शैली ओबेरॉय

शैली ओबेरॉय ने कहा कि आम आदमी पार्टी पढ़ी लिखी पार्टी है। हम एक वॉकथॉन के माध्यम से दिल्ली के मतदाताओं को उनके वोट की ताकत बता रहे हैं। बीजेपी तानाशाही तरीके से सरकार चला रही है, उससे लोकतंत्र और संविधान को खतरा है। अब देश को बचाने की जरूरत है। युवा वर्ग हमारे देश की संपत्ति है। उन्हें समझाने की जरूरत है कि अगर वो अपने लिए रोजगार के अच्छे साधन चाहते हैं तो आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन का साथ दें।

### पूर्वी दिल्ली क्षेत्र से बसपा के दो उम्मीदवारों का नामांकन, आप से आए वकार को हरी झंडी

नई दिल्ली। दिल्ली लोकसभा चुनावों में बहुजन समाज पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार उतारे है। लेकिन पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से बसपा के एक जगह दो दो उम्मीदवारों ने पर्चा भर दिया है। इसमें पहले बसपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार पाल है जिन्होंने पार्टी सिंबल मिलने के चलते पहले ही पर्चा भर दिया था। जबकि दूसरे उम्मीदवार आम आदमी पार्टी छोड़कर आए वकार चौधरी है, इन्होंने भी पूर्वी दिल्ली से बसपा उम्मीदवार के रूप में शनिवार को अपना नामांकन कर दिया था। इस पूरे मामले पर बसपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह का कहना है कि पूर्वी दिल्ली से पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार वकार चौधरी है। उन्होंने साफ करते हुए बताया कि बसपा ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। क्योंकि पार्टी को कोई जल्दबाजी नहीं थी। ऐसे में राजेंद्र कुमार पाल को बसपा ने केवल सिंबल दिया था, लेकिन चुनाव आयागे में पार्टी के सिंबल के लिए ए और बी फॉर्म नहीं दिया था। ऐसे में पाल ने बिना ए और बी फॉर्म के ही अपना नामांकन कर दिया जोकि वैध नहीं है। जबकि बसपा सुप्रीमो मायावती ने उम्मीदवार बदलते हुए शनिवार को घोषित किए गए वकार चौधरी को सिंबल भी दिया और ए और बी फॉर्म भी जारी किया। ऐसे में बसपा के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में चुनाव आयोग की तरफ से वकार चौधरी को मान्यता मिलेगी, इसलिए वकार ही हमारे अधिकृत उम्मीदवार है।

# देवेंद्र यादव ने संभाला पदभार

## यादव ने कांग्रेसी नेताओं को एक मंच पर लाकर की एकजुटता दिखाने की कोशिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में हो रही इन दिनों बड़ा उथल पुथल के बीच रविवार को नवनियुक्त अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पदभार संभाला। लोकसभा चुनाव के ऐन वक्त पर पार्टी छोड़कर जा रहे नेताओं के बावजूद यादव ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को एक मंच पर लाकर एकजुटता दिखाने की भरपूर कोशिश की है। वीकेंड पर चुनाव प्रचार का पूरा जोर होने के बावजूद यादव ने पदभार आयोजन किया और संदेश देने की कोशिश की कि जो बड़े नेता गत दिनों कांग्रेस छोड़कर गए है उससे पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ा है। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजन समारोह में यादव अच्छी खासी भीड़ जुटाने में सफल रहे। यादव की ताजपोशी के समय पूर्व प्रदेश अध्यक्षों में अजय माकन, चांदनी चौक से उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल, सुभाष चोपड़ा व अनिल कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री हारून युसूफ, डॉक्टर नरेंद्र नाथ, पूर्व सांसद रमेश कुमार, कृष्णा तीरथ, डाक्टर योगानंद शास्त्री, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित अन्य नेता मौजूद थे। देवेंद्र यादव एआईसीसी कोषाध्यक्ष अजय माकन व सुभाष चोपड़ा के साथ राजीव भवन पहुंचे। अपने संबोधन में यादव ने कहा कि कांग्रेस द्वारा दिखाए विश्वास के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, सोनिया गांधी राहुल गांधी का हार्दिक आभार। उन्होंने कहा यह समय चुनौती पूर्ण है, और हम सब मिलकर इससे निपट लेंगे। यादव ने कहा कि भाजपा की तानाशाही सरकार के 10 वर्षों के शासन में एक पक्ष नीति के चलते संविधान खतरे में है। हमें संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी होगी।

आज देश को कांग्रेस की जरुरत है, क्योंकि आज गरीब, मजदूर, युवा, महिला, किसान, निम्न व मध्यम वर्ग आज लगभग देश की 95 प्रतिशत जनसंख्या भाजपा के पूंजीपति संरक्षण की नीति से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि हमें मजबूती के साथ एकजुट होकर लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़नी है।

### वीकेंड के मौके पर इंडिया गठबंधन ने जमकर किया प्रचार

**नई दिल्ली।** चुनावी मौसम में रविवार यानी वीकेंड का दिन उम्मीदवारों व पार्टियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं माना जाता। क्योंकि अवकाश के चलते अधिकांश मतदाता अपने घरों में ही मिल जाते है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए दिल्ली के भाजपा व इंडिया गठबंधन सहित अन्य उम्मीदवारों ने भी वीकेंड का जमकर फायदा उठाया। अलग अलग दलों के उम्मीदवारों ने विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्राएं व डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क किया और अपने लिए वोट मांगे। कांग्रेस के उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल ने रविवार को चांदनी चौक लोकसभा सीट अंतर्गत कई क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ वोट मांगे। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा से त्रस्त जनता के सामने इस समय इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने का बेहतरीन विकल्प मौजूद है। उन्होंने कहा कि खुद मतदाताओं का कहना है कि अब उन्हें केवल 25 मई को मतदान का इंतजार है। उत्तर पश्चिम दिल्ली आरक्षित सीट से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज ने समर्थको के साथ विभिन्न क्षेत्रों में बैठकों के सहारे मतदाताओं से खुद के लिए वोट डालने की अपील की। उदित राज ने कहा कि इस सीट पर गत पांच साल में भाजपा के सांसद ने कुछ नहीं किया। लोग भाजपा से परेशान हो चुके है इसलिए इस बार बदलाव लाने जा रहे है। वहीं उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने भी कई जगह बैठकों में हिस्सा लिया अपने लिए वोट मांगे। कन्हैया ने एक बैठक में कहा कि संविधान को बचाने के लिए दिल्ली सहित पूरे देश में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए लोग तैयार बैठे है।

In Loving Memory of



Smt. Reshma Harbaksh Singh Ji
02.07.1966 - 06.05.2023
[National Gen. Secretary, Forum for Awareness of National Security]

Your spirit is holding us tight from within,
that's why your presence is still ever so strong .
You are our moral compass ,
the joy of our childhood , our bedrock to leap into the future .
We Love you ever so deeply .
that One's heart could leap out of our chest.
And we speak for everyone, who came in touch
with you in your life that you are unforgettable,
and will remain beautiful in perpetuity .

In Remembrance
Sons- Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh and family
Mobile No. : 8104712288, 7738109926,
7837291933

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी ने 'चाय पर चर्चा' की



**फरीदाबाद।** रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-18ए द्वारा भाजपा फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर का चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया । आयोजन आरडब्ल्यूए के महासचिव नरेन्द्र जैन एवं समाज सेवी विकास जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिगंबर जैन समाज एवं आरडब्ल्यूए द्वारा कृष्णपाल गुर्जर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### 1950 नंबर पर एसएमएस भेज प्राप्त करें वोट पर्ची

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक मतदान



करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान के दिन अब घर बैठे ही वोट पर्ची को सिर्फ एक एसएमएस द्वारा प्राप्त करने की सुविधा शुरू की है। अब कोई भी मतदाता अपने मोबाइल फोन से एसएमएस भेज कर मतदान के दिन वोट पर्ची घर बैठे ही प्राप्त कर सकता है।

### रोटरी क्लब पूर्ण रूप से मानव सेवा को समर्पित



**गुरुग्राम ।** रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब रक्तदान शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंद मरीजों की लगातार सहायता कर रहा है। महिलाओं में सरवाईकल कैंसर से बचाव में अहम भूमिका रोटरी क्लब निभा रहा है।

### नशे के इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप कुमार की



टीम ने नशे के इंजेक्शन बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के सब इंस्पेक्टर सुनिल, एएसआई अमित, सिपाही अमित व सिपाही संदीप ने अल्फ्ला कॉलेज के पास से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से 5 इंजेक्शन बरामद हुए है। नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### ऑटो में शराब ले जा रहे तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 प्रभारी तरुण की टीम ने शराब की तस्करी करने वाले



आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने ऑटो में शराब ले जाते हुए काबू किया है। छानबीन करने पर 336 देशी शराब व 120 अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद हुई है। उसके खिलाफ थाना सदर बल्लबगढ में शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी की टीम ने आरोपी को देशी कट्टा व जिंदा रोंद



सहित काबू किया है। आरोपी को अपराध शाखा ने प्राप्त सूचना से रेलवे रोड बल्लबगढ़ से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ शहर बल्लभगढ़ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने मनाया स्थापना दिवस, चीन के राष्ट्रपति का फूंका पुतला

भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से रजत जयंती वर्ष मनाया गया। इस मौके पर पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। इसके साथ ही धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, भारत की सुरक्षा, पर्यावरण की रक्षा उद्देश्यों को लेकर देश में काम कर रहे भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से को मंच का रजत जयंती वर्ष मनाया गया। इस दौरान भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल के नेतृत्व में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का पुतला फूंका गया। इसके साथ ही चीन के सामान का बहिष्कार करते हुए सामान को जलाया। पर्यावरण बचाने का संदेश देने को पौधारोपण किया। शिव चालीसा धार्मिक पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

## मंच ने मनाया रजत जयंती समारोह , सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराया



पुतला फूंकने के दौरान काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे और चीन के खिलाफ नारेबाजी करने हुए चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंका। इस अवसर पर भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल ने कहा कि मंच के राष्ट्रीय प्रमुख इंद्रेश कुमार जी, महासचिव पंकज गोयल कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, भारत की सुरक्षा, पर्यावरण की रक्षा के विषय पर लाखों कार्यकर्ताओं के साथ देश-दुनिया में जनजागरण अभियान चलाए हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने अपनी स्थापना के 25 वर्षों में देशभर में शाखाओं की शुरुआत की है। देश के लोगों को त्वांग तीर्थ यात्रा पर ले जाकर उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराया जाता है। तिब्बत की आजादी के लिए लगातार हर साल किया जाता है। तिब्बत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहे इंद्रेश कुमार जी ने देश का तिब्बत के रूप में खोया गौरव लौटाने के लिए देश को भी जगाने का काम किया है।

### तिब्बत चीन से वापस लेने का किया आह्वान

देश के लोग भी इस बात के पक्ष में खड़े हैं कि हमें हमारा तिब्बत चीन से वापस लेना है। चीन ने तिब्बत के रूप में हमारी संस्कृति पर चोट की है। इसका करार जवाब भी चीन को दिया जाना है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि एक दिन तिब्बत आजाद जरूर होगी। भारत व तिब्बत माउंट कैलाश पर मिल-जुलकर खुशी मनाएंगे। उन्होंने देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे इस विषय की लड़ाई लडने के लिए, अपनी सांस्कृतिक, धार्मिक धरोहर वापस पाने के लिए भारत-तिब्बत सहयोग मंच के साथ जुड़ें। अमित गोयल ने कहा कि भारत-तिब्बत सहयोग ने हमेशा अहिंसा से ही अपनी मांगों को उठाया है। उन्होंने कहा कि चीन ने तिब्बत और तिब्बतियों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया है, उसके लिए चीन पर सवालिया निशान खड़े होते हैं।

### किसान सम्मान मजदूर रैली में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की भरी हुंकार

# ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाएगा फरीदाबाद का नहरपार इलाका

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि इस बार भी घोटालेबाजों को वोट की चोट से सबक सिखाना है और मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस की कार्यशैली पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि वर्ष 2014 से पहले देश में घोटालों के अंबार लगे हुए थे, 12 लाख करोड़ के घोटाले हुए, जिनमें मंत्री जेल जा रहे थे, भारत की छवि पूरी दुनिया में धूमिल हो रही थी, उसके बाद नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरी दुनिया में भारत का झंडा बुलंद कर दिया। कांग्रेस राज में विश्व में सबसे शक्तिशाली देशों की श्रेणी में भारत 11वें नंबर पर था, मोदी के नेतृत्व में भारत पांचवें नंबर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि घोटालेबाजों ने 2019 में चौकीदार को चोर बताया था लेकिन जनता ने भी ज्यादा सीटें जिताकर मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाते हुए उनके मुंह पर ताले लगा दिए थे।



### शहर के विकास को भाजपा ने पटरी पर लाया

उन्होंने कहा कि इस बार भी घोटालेबाजों को वोट की चोट से सबक सिखाना है और मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। गुर्जर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जैजू ठाकुर द्वारा आयोजित किसान सम्मान-मजदूर रैली में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांडी, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर मौजूद थे। इससे पूर्व पगड़ी बांधकर कृष्णपाल गुर्जर व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया । रैली में कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में हुंकार भरते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार संसद भेजने का विश्वास दिलाया। भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जो फरीदाबाद कांग्रेस शासनकाल में विकास के मामले में पिछड़ गया था, उसे भाजपा शासनकाल में पुनः विकास की पटरी पर लाया गया है।

### भाजपा के पूर्व विधायक ने कांग्रेस प्रत्याशी को दिया समर्थन

## पलवल में भाजपा को हराने का दावा और गुर्जर पर निशाना साधा



जिले में भाजपा को उस समय करारा झटका लगा जब पलवल में पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष चौधरी ने एक बडी महापंचायत का आयोजन कर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को हजारों लोगों की उपस्थिति में अपने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया। पलवल में आयोजित इस महापंचायत में मिले समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को जिले में बडी राजनीतिक ताकत मिली है। महापंचायत की अध्यक्षता पतराम चौहान मित्रोल ने की। वहीं महापंचायत को जिले की विभिन्न पालों से आए पंचों ने भी संबोधित किया।

महापंचायत में भाजपा के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर जमकर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है, जनहित में कोई काम नहीं किया। इसलिए उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया है। उन्होंने हाथ उठवाकर दावा किया कि इस बार पलवल जिले से भाजपा प्रत्याशी को हराकर कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को बडे बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजेंगे। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी निराश व हताश हैं, क्योंकि अब मोदी के नाम से भी वोट नहीं मिल रहे हैं। भाजपा के जुमले इस चुनाव में नहीं चल रहे हैं।

### जीडीए उपाध्यक्ष, सचिव समेत अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया श्रमदान

## जीडीए की मधुबन बापूधाम योजना में चला स्वैच्छिक सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स की पहल पर रविवार को सुबह जीडीए की महत्वाकांक्षी योजना मधुबन बापूधाम में गोल चक्कर के पास श्रमदान स्वैच्छिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। दो घंटे से ज्यादा देर तक चले इस अभियान में जीडीए के सभी अनुभागों के अधिकारी, लगभग 500 कर्मचारी व आर्वटियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वैच्छिक श्रमदान किया। खास बात यह रही की जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स,सचिव राजेश कुमार सिंह समेत तमाम अधिकारियों ने कर्मचारियों ने बड़े समन्वय के साथ इस अभियान को सफल बनाया।

### अन्य कॉलोनियों में भी चलेगा अभियान

जीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का दोहरा उद्देश्य है - संचारी रोग नियंत्रण के क्रम आम जनता, विशेषकर ऐसी योजनाएं/कॉलोनी जिनका रख-रखाव व अनुरक्षण प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है, उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है तथा काफ़ी समय से अनदेखी की जा रही मधुबन बापूधाम योजना में जीवामृत भरना। बहुत जल्दी जीडीए की अन्य कालोनियों में भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व आयुक्त मेरठ द्वारा भी बैठक लेकर सफ़ाई के निर्देश दिये गये थे। उपाध्यक्ष अतुल वत्स व अन्य अधिकारी व कर्मचारी निर्धारित समय पर मधुबन बापूधाम में पहुंच गए थे और वहां पर व्यवसायिक भूखंडों की सफाई शुरू की। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो घंटे से ज्यादा श्रमदान किया और वहां पर खड़ी झाड़ियों को हटाया। इस दौरान कई आवंटी भी पहुंचे और जीडीए अधिकारियों से इसके बारे में जानकारी ली। माह में कम से कम एक बार अभियान का अनुरोध किया गया। अधिकारियों ने उन्हें विश्वास दिलाया और कहा कि यदि उनका भूखण्ड यहां है तो वह इसकी रजिस्ट्री करा लें, रजिस्ट्री का कार्य शुरू किया जा चुका है, अब एमबीडी जीडीए की प्राथमिकता में है।

### पति नहीं लाया गर्मी में कूलर

## विवाद के बाद पत्नी ने फांसी पर लटककर दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एक पत्नी ने भीषण गर्मी में अपने पति से कूलर लाने को कहा, पति कूलर नहीं का सका तो दोनों के बीच विवाद हो गया। नाराज पत्नी ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



एसीपी (वेव सिटी )पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतका का नाम मोनिका है जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। डेढ़ साल पहले ही उसकी जयभूषण से शादी हुई थी। उनका छह महीने का एक बच्चा भी है। मोनिका अपने पति और बच्चे के साथ सुदामापुरी में रहती थी। साथ में मोनिका के दो छोटे भाई भी वहीं रहते थे।जयभूषण मजदूरी करता है। उनका कमरा तीसरी मंजिल पर है। शुरुआती जांच में पता चला है कि भीषण गर्मी होने के चलते पत्नी मोनिका ने पति जयभूषण से कूलर लाने के लिए कहा था, मगर वह कूलर नहीं ला सका। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद पति घर से चला गया। इसी बीच पति से नाराज मोनिका ने रविवार सुबह चुनरी से फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका के ही छोटे भाइयों ने यह देखकर उसे फंदे से नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी।

### एनसीआरटीसी ने साहिबाबाद में

## इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पहला ई-वाहन चार्जिंग प्वाइंट शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सतत विकास की दिशा में एनसीआरटीसी ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए साहिबाबाद स्टेशन पर पहले इलेक्टनिक्स वाहन चार्जिंग स्टेशन का अनावरण किया है। अब यात्री अपने ई वाहनों को साहिबाबाद स्टेशन पर लाकर आसानी से चार्ज कर सकेंगे। यह ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन के गेट नंबर एक पर स्थित बनाया गया है। इस ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन पर विभिन्न प्रकार के ई-वाहनों को चार्ज करने की सुविधा है।



### महज एक घंटे में फुल चार्ज

एनसीआरटीसी का यह कदम लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के कई उपायों में से एक है। इस स्टेशन पर यात्री चौपहिया वाहनों को चार्जिंग यूनिट पर महज एक घंटे में फुल चार्ज कर सकेंगे। वहीं धीमी चार्जिंग यूनिट पर चौपहिया वाहनों के चार्ज होने में लगभग 3 घंटे और दुपहिया वाहनों को लगभग डेढ़ घंटे का समय लगेगा। यात्री नमो भारत ट्रेनों में यात्रा करने के दौरान अपने वाहनों को चार्जिंग पर लगा सकते हैं।

## दौसा सड़क हादसे में नगर निगम के जेई की मौत

अस्पताल स्टाफ पर उपचार में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद


सेक्टर-8 स्थित निजी अस्पताल एक बार फिर आरोपों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। नगर निगम के जेई योगेश के इलाज में लापरवाही बरतने और परिजनों को शव देने में देरी को लेकर नगर निगम के सभी एसडीओ और जेई आरोप लगा रहे हैं कि जेई योगेश की मौत अस्पताल प्रशासन द्वारा बरती गई लापरवाही की वजह से हुई है।

दरअसल नगर निगम के जेई योगेश परिवार समेत बालाजी के दर्शन करने जा रहा थे। राजस्थान के दौसा में सड़क हादसे में घायल होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को उनकी मृत्यु हो गई।

परिजनों का कहना है कि जब योगेश अस्पताल में भर्ती हुआ तो अस्पताल के डॉक्टर ने बताया था योगेश के पैर में नॉर्मल फ्रैक्चर है, फिर बाद में कहा गया कि पैर का ऑपरेशन होगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर सही तरीके से डायग्नोज नहीं कर पाए। जिस कारण योगेश की मृत्यु हुई। योगेश की मृत्यु होने के बाद भी उसके शव को 6 घंटे तक परिजनों को नहीं सौपा गया।

### राजस्थान के श्रीबालाजी जा रहे थे दर्शन करने

नगर निगम के सुपरीटेंडेंट इंजीनियर ओमवीर ने बताया कि रविवार को योगेश का जन्मदिन भी है। 3 मई की रात को वह ड्यूटी खत्म करने के बाद स्कार्पियों में सवार होकर अपने परिवार के साथ श्रीबाला जी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। राजस्थान के दौसा में स्कार्पियो और ट्रक की टक्कर में योगेश घायल हो गए थे। हालांकि उनको गंभीर चोट न आने के कारण वह घर तक गए थे, लेकिन जब उनको आराम नहीं हुआ तो परिवार वालों ने उनको सर्वोदय हॉस्पिटल में एडमिट कराया। उनका कहना है कि जो भी सरकार द्वारा राहत मृतक के परिवार को दी जाती है वह सरकार द्वारा इसके परिवार को भी दी जाए यह प्रस्ताव हम कमिश्नर के आगे भी रखेंगे।



### शादी डॉटकाम से हुई पीड़िता की आरोपी से पहचान

## दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले को जम्मू-कश्मीर से किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी अरुण कुमार यूपी के गाजीपुर जिले के गांव डालिया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी की पहचान उसके साथ शादी डॉटकाम से वर्ष 2023 में हुई थी। जिसके बाद आरोपी के साथ पीड़िता की 4-5 महीने बात हुई फिर आरोपी जुलाई माह में फरीदाबाद आया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया साथ ही वह महिला के साथ रहने लगा। जिसने महिला के बच्चों व उसके खर्चा देने की बात कही।

### पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी

आरोपी से महिला ने जब खर्चा मांगा तो आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस टीम एएसआई सोनिका, एएसआई रमेश मुख्य सिपाही अजय ने गिरफ्तारी के लिए आरोपी के गांव में गई जहां से पता चला की आरोपी सीआरपीएफ में नौकरी करता है। जिसकी ड्युटी जम्मू कश्मीर में है। जहां से पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर फरीदाबाद लाई। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जुलाई माह में एक हीने की छुट्टी आया था जो आरोपी ने छुट्टी पीडिता के साथ में रह कर बिताई थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।




### आईपीएल की तर्ज पर अरावली गोल्फ लीग शुरू

## लीग में हिस्सा ले रहे हैं शहर के 36 बेस्ट गोल्फ प्लेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में पहली बार गोल्फ के एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर अरावली गोल्फ लीग शुरू की गई है। रविवार सुबह एनआईटी स्थित गोल्फ क्लब में कैबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर इस लीग का शुभारंभ किया। उन्होंने पहले टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट से शहर के लोगों में गोल्फ खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और लोग इस खेल के बारे में जागरूक होंगे।



### अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा

सीमा त्रिखा ने कहा कि आने वाले दिनों में अरावली गोल्फ क्लब को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित किया जाना है। इसके लिए हरियाणा टूरिज्म ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट भविष्य में हर साल आयोजित किया जाएगा ताकि शहर के लोग गोल्फ खेल को अच्छे से समझ सकें और इसके बारे में जागरूक हो सकें।

उल्लेखनीय है कि अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, इन टीमों को अलग-अलग नाम दिए गए हैं। इनमें पुट्ट पाइरेट्स, ईगल मास्टर्स, द रॉयल राइडर्स व अरावली गोल्फ टाइगर्स शामिल हैं।

### प्रत्येक टीम में होंगे 9 खिलाड़ी

पुट्ट पाइरेट्स के कप्तान अभय गुप्ता, ईगल मास्टर्स के कप्तान साहिल रत्तरा, द रॉयल राइडर्स के कप्तान सिद्धार्थ खुराना व अरावली गोल्फ टाइगर्स के कप्तान अजय जुनेजा हैं। कप्तान के अलावा प्रत्येक टीम में आठ-आठ खिलाड़ी और शामिल किए गए हैं, यानी प्रत्येक टीम में कुल 9 खिलाड़ी है। इस तरह टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 36 है। यह शहर के बेस्ट गोल्फ खिलाड़ी हैं। सभी खिलाड़ियों के अंकों को जोड़कर विजेता टीम की घोषणा की जाएगी। एकल खिलाड़ी के अंक केवल बेस्ट प्लेयर के लिए जोड़े जाएंगे। उद्यमी अजय जुनेजा ने बताया कि खेल के नियम तय कर लिए गए हैं।

## हॉट सीट हाथरसः भाजपा के सामने सियासी गढ़ बचाने की चुनौती!

# चर्चाओं में है भाजपा, समाजवादी पार्टी व बसपा प्रत्याशियों के प्रवासी होने का मुद्दा, त्रिकोणीय चुनाव मुकाबला होने के आसार

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम उत्तर प्रदेश की हाथरस लोकसभा सीट पर सात मई को होने वाला चुनाव भी हाईप्रोफाइल बना हुआ है। भाजपा का सियासी गढ़ माने जानी वाली इस सीट पर सपा और बसपा के बिछाए जाल को देखते हुए भाजपा ने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर यहां यूपी सरकार में मंत्री अनूप वाल्मिकी को प्रत्याशी बनाया है। इस वर्चस्व की जंग में सीधे तौर पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। सियासी गलियारों में यह चर्चा भी गरम है कि भाजपा, सपा और बसपा यानी तीनों दलों के प्रत्याशी हाथरस जिले के बाहर के हैं। यहां पर त्रिकोणीय चुनाव मुकाबला होने के आसार बने हुए हैं।


अनूप वाल्मिकी


जसवीर वाल्मिकी


हेमबाबू धनगर

### सभी जातीय समीकरण साधने में जुटे

देशभर में लोकसभा चुनाव में भाजपा ही नहीं अन्य राजनैतिक दल भी खासकर यूपी में जातीय समीकरण साधने में जुटे हुए हैं। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर का टिकट काटकर अनूप वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाकर दांव खेला है। विपक्षी गठबंधन से सपा ने जसवीर वाल्मीकि तथा बसपा ने हेमबाबू धनगर को उतारा है। यहां 10 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### हाथरस का चुनावी सफर

अब तक यहां 15 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा 7 बार भाजपा के प्रत्याशी जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं, जबकि कांग्रेस ने 4, जनता पार्टी ने 2, जनता दल व रालोद ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। साल 1962 में पहली बार हुए चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1967 और 1971 में भी कांग्रेस प्रत्याशी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंचे। सत्ता विरोधी लहर में 1977 के चुनाव में जनता पार्टी का प्रत्याशी जीता और उससे अगला चुनाव 1980 में जनता पार्टी ने जीत हासिल की। 1984 में एक बार फिर कांग्रेस ने चौथी जीत दर्ज की। इसके बाद 1989 के चुनाव में यह सीट जनता दल के कब्जे में चली गई। इसके बाद 1991 से अब तक हाथरस लोकसभा सीट पर भाजपा ने 7 बार जीत दर्ज की। साल 2009 राजग गठबंधन में भाजपा के समर्थन से ही रालोद प्रत्याशी ने यहां जीत दर्ज की। भाजपा के लिए विजयश्री की शुरुआत करने वाले किशनलाल दिलेर ने लगातार यहां भाजपा को 4 बार जीत दिलाई। उसके बाद राजग गठबंधन से इस सीट पर रालोद की प्रत्याशी सारिका बघेल जीती, जबकि 2014 में यहां राजेश दिवाकर और 2019 में किशनलाल दिलेर के पुत्र राजवीर सिंह दिलेर निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचे। जिनका इस बार टिकट काटकर भाजपा ने योगी कैबिनेट में मंत्री अनूप वाल्मीकि वाली को प्रत्याशी बनाया है।

### निर्णायक होंगी महिला वोटर

हाथरस मुस्लिम-जाट वोटरों के प्रभाव वाली सीट है। इस सीट पर 8,95,855 पुरुष वोटर और 10,34,392 महिला और 48 थर्डजेंडर समेत कुल 19,30,297 हैं। यदि सीट के जातिगत समीकरण पर नजर डाली जाए, तो सर्वाधिक जाटव 2.75 लाख, ठाकुर 2.25 लाख, जाट 1.80 लाख, ब्राह्मण 1.55 लाख, मुस्लिम 1.45 लाख, वैश्य 1.25 लाख, धनगर व यादव एक-एक लाख, कोरी 85 हजार, धोबी 80 हजार,कुशवाहा 60 हजार वाल्मीकि 40 हजार, अहेरिया 30 हजार तथा अन्य अन्य जातियों के 1,12,929 मतदाता हैं।

### कौन हैं भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी?

अनूप वाल्मीकि खैर तहसील क्षेत्र के गांव रकराना के रहने वाले हैं। शुरूआत राष्ट्रीय लोकदल से की। इसके बाद भाजपा में शामिल हो गए। 2012 में भाजपा के टिकट पर भाग्य आजमाया। 2017 के चुनाव में पार्टी की टिकट पर जीत कर विधायक बने। 2022 के चुनाव में अनूप को दूसरी बार विधायक बनने का मौका मिला। यूपी सरकार में राजस्व राज्य मंत्री बने। जसवीर सहारनपुर जिले में देवबंद के निवासी और कपड़ा कारोबारी हैं, जो संगठन में प्रदेश सचिव के साथ रामपुर मनिहारन के सपा के विधानसभा प्रभारी भी हैं। बसपा ने आगरा निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हेमबाबू धनगर के पिता जेपी धनगर बसपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा से पहले छात्र ने की आत्महत्या



**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले सके अस्थावां थाना क्षेत्र के काठमांडू टोला में रविवार को नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने परीक्षा के दो घंटे पहले ही खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दी। 20 वर्षीय मृतक का नाम प्रियांशु कुमार है। उसके कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। बरामद किए गए सुसाइड नोट में लिखा है कि नीट की परीक्षा नहीं निकाल सकते हैं, इसीलिए आत्महत्या कर रहे हैं। पुलिस शव को पीएम के लिए सदर अस्पताल ले आई।

### हेमंत की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** रांची की विशेष पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में



झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। वे फिलहाल रांची जेल में बंद हैं। कोर्ट अब अपना फैसला 10 मई को सुनाएगा। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने लिखित में अपने जवाब दाखिल किए। शुक्रवार को उच्च न्यायालय ने आपराधिक रिट याचिका खारिज की थी।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना कहा

# जो राम को लाएं उन्हें सत्ता में लेकर लाएं अयोध्या के नाम पर पहले डराया जाता था

एजेंसी ▶▶ इटावा

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिले के भरथना इलाके में एक विशाल जनसभा में विपक्षी दलों पर निशाना साधा। यहां उन्होंने इटावा, कन्नौज और मैनपुरी लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के लिए जनसभा को संबोधित किया। योगी ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। वहीं जनता से उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील भी की।

सीएम योगी ने कहा कि सीएम योगी ने कहा कि जो राम को लाएं हैं, आप लोग उन्हें सत्ता में लेकर लाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग पहले कहते थे कि राम नहीं हैं, अब अयोध्या में मंदिर बन जाने के बाद कह रहे हैं कि हम राम को मानते हैं, उनकी पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में गोलियां चला करती थीं। अयोध्या के नाम पर डराया जाता था। पहले इटावा की धरती से लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। लेकिन आज देखिए कितना भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। आप देख रहे हैं कि भगवान राम फिर से विराजमान हो गए हैं, हम लोग उनके दर्शन कर रहे हैं। अयोध्या में दर्शन करने के बाद त्रेता युग का स्मरण होता है।

**खास बातें**

- पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा, सम्मान और सुविधा है
- सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चल रहे
- भाजपा को वोट करें, फिर से कमल खिलाएं और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं
- विपक्ष के बयान देशद्रोही तत्वों का दुस्साहस बढ़ाते हैं।

सीएम योगी ने इटावा, कन्नौज और मैनपुरी लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के लिए जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक संपन्न हुए दो चरणों के मतदान में यह साबित हो चुका है कि 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य भाजपा-एनडीए गठबंधन अवश्य प्राप्त करेगा।



### हमारी सरकार में देश बना विकसित

सीएम योगी ने कहा कि पहले की सरकार में यहां गुंडागर्दी, महिलाओं पर अत्याचार, आतंक मचा हुआ था। यहां कोई भी सुरक्षित नहीं था लेकिन अब विकसित भारत में आप देख रहे होंगे कि यहां सुरक्षा भी है, सम्मान भी है, सुविधा भी है। यहां देश की 140 करोड़ की जनता मोदी का परिवार है हमारी सरकार सभी वर्ग के लोगों को साथ में लेकर चलने का काम करती है।

### पीएम मोदी ने सिर्फ जनता के बारे में सोचा

सपा कांग्रेस के लोग हमेशा अपने बारे में सोचते आए हैं लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री ने कभी भी अपने बारे में नहीं सोचा है। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ देश की जनता के बारे में सोचा है। मैं मंच पर खड़े होकर तीनों लोक सभा क्षेत्र की जनता से अपील करता हूं कि आप सब मतदान के दिन मतदान केंद्र पर पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी को अपना कीमती वोट देकर जिताने का काम करें। फिर से कमल खिलाएं और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं।

### भाजपा-एनडीए की विजय सुनिश्चित

सीएम योगी ने कहा कि यूपी की सभी 80 लोक सभा सीटों पर भाजपा-एनडीए की विजय सुनिश्चित है। अब तक संपन्न हुए दो चरणों के मतदान में यह साबित हो चुका है कि 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य भाजपा-एनडीए गठबंधन अवश्य प्राप्त करेगा। जनता-जनार्दन तीसरी बार भी मोदी सरकार के लिए संकल्पित है। विरासत, विकास और विश्वास का प्रतीक 'मोदी परिवार' फिर एक बार 'मोदी सरकार' निर्माण की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। योगी ने कहा कि मिश्रिख एवं मल्लावां की जनता का उत्साह और स्नेह 'फिर एक बार मोदी

### समृद्ध और सुरक्षित भारत के लिए मोदी जरूरी

सीएम योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में बेहद कमी आई है। पूर्वोत्तर भारत के अलगाववादी संगठनों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटे हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध और सुरक्षित भारत के लिए मोदी जी जरूरी हैं।

### विपक्ष के बयान आतंक को बढ़ावा देते

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस हो, नेशनल कॉन्फ्रेंस हो या समाजवादी पार्टी, इनके बयान आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले, राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले और भारत के बहादुर जवानों की शहादत को अपमानित करने वाले हैं। ऐसे बयान देशद्रोही तत्वों का दुस्साहस बढ़ाते हैं।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सपा के झंडे

# 100 सपाइयों के खिलाफ एफआईआर, क्षत्रियों में आक्रोश



एजेंसी ▶▶ मैनपुरी

यूपी की मैनपुरी सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का शनिवार को रोड शो खत्म होने के बाद सपा समर्थकों ने करहल चौराहे पर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चढ़कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कोतवाली में तैनात दरोगा हरिभान गौतम की तहरीर पर 100 अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीएम, सीएम पर अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में एक दूसरी एफआईआर भी दर्ज की गई है।

शनिवार की देर रात कोतवाली के एसआई हरिभान गौतम ने तहरीर देकर जानकारी दी कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का रोड शो खत्म होने के बाद के बाद 90 से 100 लोग सपा की लाल टोपी लगाकर और झंडा लेकर बाइकों से और पैदल करहल चौराहे पर आए और वहां

### अखिलेश के खिलाफ नारेबाजी

करहल चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सपा का झंडा लगाने की जानकारी होने के बाद क्षत्रिय समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। करहल चौराहे पर रविवार सुबह 300 से अधिक क्षत्रिय समाज के लोग एकत्र हो गए। यहां समाजवादी पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान चौराहे पर जाम लगाने का प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने समजावादी पार्टी और अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस घटना से आक्रोशित भाजपाइयों ने रविवार सुबह महाराणा प्रताप चौक पर धरना दिया और हुड़दंगियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सपा के लोकसभा प्रभारी और विधान सभा प्रभारी की गिरफ्तारी की भी मांग की।

### सीएम योगी ने की घटना की निंदा

सीएम योगी ने भी इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस से राष्ट्रनायकों के सम्मान की उम्मीद नहीं की जा सकती। ये दोनों पार्टियां सिर्फ आतंकियों और माफिया का महिमामंडन ही कर सकती हैं। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में अपने रोड शो की समाप्ति पर इसी स्थान पर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की थी। उन्होंने कहा कि माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ने वाले राष्ट्रनायक का अपमान कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### दांव पर लगी चार...

चुनाव के बाद अब तीसरे चरण में सात मई मंगलवार को होने वाले चुनाव के लिए रविवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। दरअसल तीसरे चरण के चुनाव के लिए 12 राज्यों की 95 सीटों पर चुनाव होना तय था, जिसमें दूसरे चरण में बसपा प्रत्याशी के निधन के कारण स्थगित मध्य प्रदेश की बैतूल सीट का चुनाव भी शामिल है। लेकिन चुनाव आयोग ने तीसरे चरण में जम्मू कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट का सात मई को होने वाला चुनाव भी स्थगित करके छठे चरण में 25 मई को कराने का फैसला किया। तो वहीं गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित होना भी इस चरण के कार्यक्रम में बदलाव का कारण बना। इसलिए अब सात मई को तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा।

**यूपी की इन सीटों पर उतरे योगी के दो मंत्री:** मैनपुरी लोकसभा सीट से कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह तथा हाथरस लोकसभा सीट पर अनूप वाल्मिकि भाजपा प्रत्याशी बनाए गये है। यूपी की जिन दस सीटों पर तीसरे चरण में मतदान होगा, उनमें से आठ सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा काबिज है।

**सभी दलों ने लगाया दागियों पर दांव:** देश की सियासत में सभी दल दागियों पर दांव खेलते आ रहे हैं। इसी तीसरे चरण में भी 241 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें राजनीतिक दलों में सबसे ज्यादा 26 कांग्रेस, 22 भाजपा, 7 बसपा, 5 सपा, 4 शिवसेना (उद्धव), 3 राजद, 2-2 राकांपा (सपा) व शिवसेना (शिंदे) के प्रत्याशी शामिल हैं। इनके अलावा जदयू, तृणमूल कांग्रेस आप के एक-एक प्रत्याशी आपराधिक पृष्ठभूमि की फेहरिस्त में शामिल हैं। वहीं 103 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी आपराधिक मामले लंबित होने की अपने शपथ पत्रों में घोषणा की है।

### भाजपा ने उतार...

जदयू, राजद और सीपीआई (एम) ने 3-3 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। इसके अलावा कर्नाटक राष्ट्र समिति ने सभी 14 सीटों पर अपने प्रत्याशियों पर दांव लगाया है।

### दो किमी के रोड शो...

एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से राम जन्मभूमि के लिए सड़क मार्ग से उनका काफिला रवाना पहुंचा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। मोदी के रोड शो के लिए विशेष रथ को फूलों से सजाया गया था। यह रथ लखनऊ में तैयार किया गया था। सुग्रीव किला राम जन्मभूमि पथ से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक रोड शो हुआ। इस दौरान मोदी-मोदी व जय श्री राम के नारे लगते रहे। इस दौरान करीब 100 क्विंटल फूल बरसाए गए। गुलाब की पंखुड़ियों से सारी सड़कें पट गईं। रोड शो में राम जन्मभूमि पथ पर भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में मोदी के स्वागत के लिए विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहे। मध्य प्रदेश के नीमच जिले से आए हुए श्रद्धालु मैं हूं मोदी का परिवार पोस्टर के साथ राम मंदिर पथ के ठीक सामने जय श्री राम के जयकारे लगा रहे थे। उधर, इन सब के बीच रामलला का दर्शन भी निर्बाध रूप से चलता रहा। श्रद्धालु बिना किसी रोक-टोक के दर्शन करते रहे। बाराबंकी से आए श्रद्धालु सचिन गौतम ने बताया कि कहीं कोई रोक-टोक नहीं है। राम मंदिर में उन्हें सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने केवल इतना किया है कि श्रद्धालुओं की कतारें सिर्फ तीन कर दीं।

### इकबाल ने जताई इच्छा..

रहा। हम उनके अयोध्या आगमन से बहुत खुश हैं और चाहते हैं कि वह एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें।

### एसी स्कूलों में पढ़ाना...

में रखना चाहिए। याचिकाकर्ता का बच्चा एक निजी स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ता है। दलील दी थी छात्रों को एसी सुविधा प्रदान करने का दायित्व प्रबंधन का है। इसलिए प्रबंधन द्वारा इसे अपने स्वयं के संसाधनों से प्रदान किया जाना चाहिए।

**अधिकारी को जानकारी दी थी:** अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि स्कूल द्वारा जारी की गई फीस रसीद में एयर कंडीशनर के लिए शुल्क की इंट्री फीस में दर्ज है, लेकिन याचिका में आरोप यह है कि फीस और एसी के लिए चार्ज डीओई को अवगत कराने के बाद बढ़ाए गए हैं।

### त्रिनेत्र गणेश के दर्शन...

**3 भाइयों की पत्नी समेत मौत:** बताया जा रहा है कि कार टक्कर में मारे गए एक ही परिवार के मृतकों की पहचान क्रमशः मनीष शर्मा, अनीता शर्मा (मनीष की पत्नी), कैलाश शर्मा संतोष (पत्नी कैलाश) सतीश शर्मा (पूनम पत्नी सतीष) के रूप में हुई। घायलों में की पहचान मनीष शर्मा के बच्चों मनन और दीपाली के रूप में की गई है। पुलिस अज्ञान वाहन की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।

**3 पुरुष और 3 महिलाएं काल कवलित:** बौली थाना पुलिस द्वारा बच्चों से मिली सूचना के मुताबिक सभी मृतक एक ही परिवार के है, जो सीकर के खंडेला से सवाई माधोपुर के रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश जी दर्शन करने जा रहे थे। मृतकों में अनीता पत्नी मनीष शर्मा, संतोष पत्नी कैलाश शर्मा, कैलाश पुत्र राम अवतार शर्मा, पूनम पत्नी सतीश शर्मा, मनीष पुत्र रामावतार शर्मा व सतीश शर्मा बताए जा रहे हैं।

### सिप्ला-ग्लेनमार्क ने...

कमियों के कारण दवा वापस ले रही है।

**लॉट्स में समस्या:** सिप्ला यूएसए ने 'शॉर्ट फिल' के कारण दवाओं के इन लॉट्स को वापस मंगाया है। यूएसएफडीए के अनुसार इन दवा के पाउचों में दवा की मात्रा तय सीमा से कम थी। इसके अलावा पाउचों में लिक्विड की बूंदें भी थीं।

**भारत में बनीं ये दवाएं :** इन दवाओं को भारत के इंदौर शहर के सेज प्लांट में बनाया गया था। इन दवाओं का उपयोग अस्थमा, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और एम्फिसीमा जैसे फेफड़ों के रोगों के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद के लिए किया जाता है।

**हाई ब्लड प्रेशर की दवा वापस मंगाई:** ग्लेनमार्क फार्मा ने डिल्टियाजेम हाइड्रोक्लोराइड की 17 अप्रैल 2024 से रिकॉल की शुरुआत की। यूएसएफडीए के अनुसार इस रिकॉल में वापस बुलाई गई दवाओं से कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना नहीं थी।

**भारत की दूसरी सबसे बड़ी दवा कंपनी है सिप्ला:** सिप्ला, भारत की दूसरी सबसे बड़ी दवा बनाने वाली कंपनी है। दुनियाभर में 47 जगहों पर इसके विनिर्माण इकाईयां हैं। दुनिया के 86 देशों में यह अपने उत्पादों की आपूर्ति करती है। कंपनी का मार्केट कैप 1.15 लाख करोड़ रुपए है।

**भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदायकः** भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदायक है, जो 60 मेडिकल कैटेगरी में 60,000 अलग-अलग जेनेरिक ब्रांड्स की दवाओं का निर्माण करता है। पूरी दुनिया में दवाओं की कुल आपूर्ति में भारत की 20% की हिस्सेदारी है। भारत में बनने वाली दवाओं की आपूर्ति जापान, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिमी यूरोप और अमेरिका सहित दुनियाभर के 200 से अधिक देशों में होती है।

### इस्कॉन आईजीसी...

प्रदान की गई थीं। उन्होंने 1968 में कनाडा में अपने गुरु और इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद से मुलाकात की और तब से उन्होंने सभी की शांति और कल्याण के लिए भगवान कृष्ण और सनातन धर्म की शिक्षाओं को दुनिया के साथ साझा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया।

### एफएसएसएआई का...

कीटनाशक मिलाने की सीमा दुनियाभर में सबसे कड़े मानकों में से एक है। वहीं कीटनाशकों के एमआरएल उनके खतरे के आकलन के आधार पर खाने की अलग-अलग चीजों के लिए अलग-अलग तय किए जाते हैं। एफएसएसएआई का कहना है कि भारत में कीटनाशकों को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की तरफ से कीटनाशक अधिनियम, 1968 के तहत बनाई गई केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबी और आरसी) के माध्यम से विनियमित किया जाता है। सीआईबी और आरसी कीटनाशकों की मैन्युफैक्चरिंग, आयात, निर्यात, ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज आदि को विनियमित करते हैं।

### आईबी और आरसी से...

किग्रा, कॉफी बीन्स 0.1 मिलीग्राम/किग्रा और इलायची 0.5 मिलीग्राम/किग्रा, मिर्च 0.2 मिलीग्राम /किलोग्राम। हालांकि, एफएसएसएआई ने माना कि कुछ कीटनाशक जो भारत में केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और रजिस्ट्रेशन कमेटी से रजिस्टर्ड नहीं हैं। उनके लिए यह लिमिट 0.01 मिलीग्राम /किलोग्राम से 10 गुना बढ़ाकर 0.1 मिलीग्राम /किलोग्राम की गई थी। यह वैज्ञानिक पैनल की सलाह पर ही किया गया था। एफएसएसएआई ने कहा कि वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर एमआरएल नियमित रूप से संशोधित होते रहते हैं। यह प्रक्रिया वैश्विक मानकों के अनुरूप है और यह सुनिश्चित करता है कि एमआरएल संशोधन वैज्ञानिक रूप से मान्य आधार पर किए जाते हैं, जो नवीनतम निष्कर्षों और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को दर्शाते हैं।

## मायावती ने फेक वीडियो पर किया सावधान

# फ्री राशन के बदले वोट भाजपा की चुनाव चाल, आयोग करे कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बहुजन समाजवादी पार्टी की सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने फ्री राशन के



बदले वोट पर भाजपा को घेरा। साथ ही फेक वीडियो पर लोगों को सावधान किया। उन्होंने कहा कि कुछ अराजकतत्व उनका फेक वीडियो बनाकर चलवा रहे हैं, इससे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने शनिवार को एक्स पर लिखा है कि आगरा की चुनावी जनसभा सहित अपनी सभी जनसभाओं में केंद्र द्वारा थोड़ा फ्री राशन देकर वोट मांगने की चुनाव चाल की निंदा करती हूं।

### जनता के टैक्स का पैसा खर्च हो रहा

मायावती ने कहा है कि यह कोई उपकार नहीं बल्कि यह लोगों के टैक्स का ही धन है जो जनता पर खर्च हो रहा है। अतः ऐसे हथकण्डों से सावधानी जरूरी है, फिर भी अब इसको लेकर पूरी तरह से गलत व फेक वीडियो बनाकर भाजपा के पक्ष में प्रचारित करने का बेहद अनुचित राजनीतिक प्रयास किया जा रहा है। इसके सम्बंध में पुलिस व चुनाव आयोग को भी तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

## तेजस्वी ने पीएम से मांगा 10 सालों का हिसाब

# जनता से कहा स्वयं से पूछना, खुद को जवाब देना, बिहार के लिए क्या किया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों के बीच जुबानी हमला अब



घमासान बदल रहा है। रविवार को पीएम मोदी ने दरभंगा की रैली में तेजस्वी यादव को बिहार का शाहेजादा बताकर तंज कसा तो पीएम के वार से घायल तेजस्वी यादव ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पहले उन्हें पीरजादा बताया और फिर सोशल मीडिया पर 8 सवालों वाला पोस्ट डालकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है।

### डबल इंजन सरकार बताए क्या मिला

तेजस्वी यादव ने पूछा कि मोदी के आने से क्या आपको नौकरी मिली? वर्षों में आपके गाँव को क्या दिया? वर्षों में आपके जिला और क्षेत्र को क्या दिया? क्या आपके गाँव के स्कूल को अपग्रेड किया? क्या आपके गाँव में हॉस्पिटल बनवाया? क्या आपके जिला और क्षेत्र में उद्योग लगवाया? वर्षों में क्या कोई बड़ा निवेश बिहार के लाए? वर्षों में जितना निवेश और विकास गुजरात का हुआ उतना बिहार में क्यों नहीं हुआ?



# नाटू-नाटू गाने के कोरियोग्राफर को नहीं मिली पहचान...

**मुंबई।** एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बनी राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म आरआरआर को दुनियाभर में पसंद किया गया। फिल्म के गाने नाटू- नाटू ने ऑस्कर अवार्ड अपने नाम किया। नाटू-नाटू गाने के म्यूजिक कंपोज़र एमएम कीरावानी को विश्व स्तर पर पहचान मिली। लेकिन इस गाने को कोरियोग्राफ करने वाले प्रेम रक्षित को दुनिया भूल गई। ये मुद्दा डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और बोस्को मार्टिस ने उठाया है। दोनों कोरियोग्राफर्स के मुताबिक आरआरआर के गाने नाटू-नाटू गाने पर दुनिया ने डांस किया। आज भी बड़े सेलेब्रिटी डांस स्टेप सीख रहे हैं। लेकिन इस गाने को कोरियोग्राफ करने वाले प्रेम रक्षित को कोई पहचान नहीं मिली।

## लाइफ Style

# जोया

## अब दिखती है बेहद खूबसूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जोया ने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2021 का खिताब जीता है। मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली जोया ने अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग शुरू की और आज वह टॉप मॉडल्स में शामिल हैं।

फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में एक्ट्रेस नीलम की बेटी का किरदार निभाने वाली बच्ची तो आपको याद ही होगी। फिल्म में सलमान खान की भांजी के किरदार में नजर आई नन्ही सी बच्ची ने अपनी क्यूटनेस से फैंस को काफी इंप्रेस किया था। फिल्म रिलीज होने के सालों बाद भी लोगों को उस बच्ची का मासूम का चेहरा याद है, लेकिन आज अगर आप उस बच्ची को देखेंगे तो बिल्कुल भी पहचान नहीं पाएंगे। 'हम साथ साथ हैं' की वो बच्ची अब पूरी तरह बदल गई है और आज वह मॉडलिंग की दुनिया में काफी मशहूर है। 30 साल की हो चुकी जोया अफरोज अब हद से अधिक खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आती हैं। जोया की लेटेस्ट फोटो देखने के बाद लोग उनकी तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट से कर रहे हैं। जोया ने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2021 का खिताब जीता है। मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली जोया ने अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग शुरू की और आज वह टॉप मॉडल्स में शामिल हैं। जोया ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर फिल्म कहो ना प्यार है, मन, कुछ ना कहो जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके साथ ही टीवी पर भी कई सीरियल्स में जोया को देखा गया था।



## हॉलीवुड मसाला




# खतरनाक बीमारी ने जकड़ा

**नई दिल्ली।** ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस चर्चा में हैं। निक अपने म्यूजिक कॉन्सट्र्स को लेकर लाइमलाइट में बने रहते हैं। लेकिन अब उन्होंने अपने कुछ कॉन्सर्ट को पोस्टपोन कर दिया है। अमेरिकन सिंगर ने इसके लिए फैंस से माफी भी मांगी। उन्होंने इसके पीछे का कारण अपना खतरनाक वायरस के संक्रमण को बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस से कॉन्सर्ट पोस्टपोन करने के लिए माफी मांगते नजर आ रहे हैं।



# बेयॉन्से का नाम होगा फ्रेंच डिक्शनरी में शामिल...

**नई दिल्ली।** बेयॉन्से संगीत की दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक नाम है। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोग बेयॉन्से की आवाज के दीवाने हैं। इन दिनों गायिका का नाम काफी सुर्खियां बटोर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बेयॉन्से का नाम फ्रांसीसी इतिहास में अमर होने जा रहा है। बेयॉन्से का नाम फ्रांसीसी डिक्शनरी में शामिल किया जाएगा। बेयॉन्से ने संगीत की दुनिया को एक से बढ़कर एक हिट गाने दिए हैं। उन्होंने अब तक के अपने करियर में 32 'ग्रैमी अवॉर्ड्स' जीते हैं। जब भी उनका कोई गाना रिलीज होता है वह दुनिया भर में नंबर एक की लिस्ट पर कई सप्ताह तक राज करता है। बेयॉन्से के फैंस इन दिनों काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।



# एक्टर्स के बराबर काम फीस मिलती है कम

**नई दिल्ली।** लारा दत्ता ने कहा कि सिनेमा में एक महिला के तौर पर बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, मगर इसमें सबसे बड़ी है फीस का भेदभाव। लारा ने ये भी कहा कि आज एक्टर्स पर एक खास तरीके से अच्छा दिखने का दबाव बहुत है। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में फीस को लेकर चलने वाला ये भेदभाव एक पुरानी समस्या है। उन्होंने कहा कि जो बहुत लकी लीड एक्ट्रेस भी है उसे, अपने साथी मेल हीरो के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है। उन्होंने कहा 'हम इंडस्ट्री में अपने पुरुष साथियों से ज्यादा नहीं तो उनके बराबर तो मेहनत करते ही हैं, लेकिन अधिकतर महिलाओं को, अगर वो लकी हैं तो, मेल एक्टर की फीस का दसवां हिस्सा ही फीस में मिलता है।' 'ब्यूटी स्टैंडड्र्स' जैसी बहुत सी चीजें बदली भी हैं, जिनसे एक्ट्रेसेज का करियर लंबा हो गया है।



# शरमिन को शादी के लिए किया था प्रपोज

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बनी वेबसीरीज हीरामंडी इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है। इस सीरीज में डायरेक्टर की भांजी शरमिन सहगल ने आलमजेब का अहम किरदार निभाया है। अब एक्ट्रेस ने अपने हाल के इंटरव्यू में सलमान खान से जुड़ी मज़ेदार बातें बताई हैं। इस इंटरव्यू में शरमिन ने फिल्म हम दिल चुक सनम के सेट का एक किस्सा शेयर किया है। एक्ट्रेस ने बताया उस समय सलमान खान ने उन्हें शादी के प्रोपोज किया था। 1999 में आई सलमान खान, अजय देवगन और ऐश्वर्या राय स्टारर फिल्म हम दिल दे चुके सनम को ऑडियंस ने पसंद किया था। इस फिल्म को बनाने वाले डायरेक्टर संजय लीला भंसाली थे। ऐसे में चार साल की शरमिन अक्सर मामा से मिलने सेट पर पहुंच जाया करती थीं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा को स्मृति ईरानी से लेनी चाहिए प्रेरणा...

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'अनुपमा' के जरिए घर-घर में मशहूर अदाकारा रूपाली गांगुली ने राजनीतिक पारी शुरू कर दी है। वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। अभिनेत्री के इस कदम ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर रूपाली को उनके फैंस का खूब प्यार और शुभकामनाएं मिल रही है। अब शो के निर्माता राजन शाही ने भी अभिनेत्री को ढेरों शुभकामनाएं दी है। राजन शाही ने रूपाली गांगुली को अभिनेत्री से नेता बनी स्मृति ईरानी द्वारा अपनाए गए रास्ते से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। राजन शाही ने कहा, 'मुझे इस बात पर बेहद गर्व है कि रूपाली बीजेपी में शामिल हुईं। वह बहुत मेहनती और समर्पित व्यक्ति हैं। वह एक अच्छी इंसान हैं और हमें सक्रिय राजनीति में उनके जैसे लोगों की जरूरत है। वह सच में कड़ी मेहनत करेंगी और अनुपमा के रूप में उनका जो प्रभाव है, वह इसका इस्तेमाल सबके फायदे के लिए करेंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'स्मृति ईरानी ने पहले ही हम सभी को गौरवान्वित कर दिया है। जब वह भाजपा में शामिल हुईं तो उन्हें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। रूपाली अपने काम के प्रति बहुत पाबंद हैं इसलिए मुझे कोई समस्या नहीं दिखती।

## अंजलि को मिला सीता माता का रोल

**मुंबई।** लॉकअप में नज़र आई सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा को उनके करियर की पहली फिल्म मिल गई है। एक्ट्रेस अब स्क्रीन पर सीता के किरदार में नज़र आएंगी। अंजलि को अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बन रही फिल्म श्री रामायण कथा में सीता के रोल के लिए अप्रोच किया गया था। एक्ट्रेस इस रोल को न नहीं कर पाई और अब स्क्रीन पर सीता के किरदार में नज़र आने को तैयार हैं। अंजलि अरोड़ा अपने डांस वीडियो कच्चा बादाम को लेकर मशहूर हुईं थीं। अब उन्हें रामायण में देखा जाएगा। उन्होंने बताया कि वो सीता के रोल को पाकर खुश और खुद को धन्य महसूस करती हैं। सीता एक ऐसा किरदार है जिसे कोई मना नहीं कर सकता है। अंजलि ने आगे बताया कि उन्हें खुद नहीं पता ये रोल उनकी झोली कैसे आ गिरा। इस बारे में जब उन्होंने डायरेक्टर अभिषेक से बात की तो पता चला कि सीता के लिए कुछ और एक्ट्रेसेज को शॉर्टलिस्ट किया गया था।




# नेटफ्लिक्स को कपिल शर्मा ने दिया 25 करोड़ का फटका


**मुंबई।** कपिल शर्मा का जादू ओटीटी पर कतई नहीं चल पाया है। नेटफ्लिक्स ने नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा को पहले एपिसोड के प्रसारण के पांच हफ्तों में ही बंद करने का फैसला किया है। शो के आखिरी एपिसोड की शूटिंग हो चुकी हैं । जानकारी के मुताबिक इन पांच एपिसोड में ही नेटफ्लिक्स ने कपिल शर्मा पर करीब 25 करोड़ रुपए बहा दिए हैं। कपिल शर्मा इन दिनों कलर्स टीवी के एक अंत्याक्षरी कार्यक्रम का मेजबान बनने की कोशिश में भी हैं, लेकिन उनकी घटती ब्रांड वैल्यू को देखते हुए इस कार्यक्रम के लिए प्रायोजक मिलने की बड़ी चुनौती सामने आ रही है। स्टैंडअप कॉमेडियन से शो होस्ट और फिर कार्यक्रम निर्माता बने कपिल शर्मा का ओटीटी गेम प्लान पूरा हो चुका है। उनके नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो'को नेटफ्लिक्स ने बंद करने का फैसला किया। ओटीटी के सूत्रों के मुताबिक इसका आखिरी एपिसोड शूट हो चुका है और उसके बाद ही शो के सेट को हटाना शुरू कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि इस शो के लिए कपिल शर्मा को करीब पांच करोड़ रुपए प्रति शो के हिसाब से भुगतान किया गया है।



## 40 साल में बनी 'मेगालोपोलिस' संकट में



**नई दिल्ली।** फ्रांस के शहर कान में सालाना फिल्म फेस्टिवल की तैयारियों जोरों पर हैं। इसके कंपटीशन सेक्शन में तमाम बड़ी फिल्मों के साथ एक फिल्म 'मेगालोपोलिस'भी है। ये फिल्म पहली बार साल 1979 में चर्चा में आई। फिल्म पर काम शुरू हुआ साल 1983 में और तब से 40 साल से ज्यादा बीतने को हैं। फिल्म पर अब तक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खुद इसके निर्देशक लगा चुके हैं। अब इसे दुनिया भर में वितरित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम की और जरूरत है। और, पूरे मामले का दुखद पहलू ये है कि दुनिया की किसी भी बड़ी फिल्म वितरक कंपनी ने अभी तक इसे हाथ नहीं लगाया है। कालजयी फिल्मों में शुमार 'गॉडफादर' सीरीज और उसके बाद 'एपोकैलिप्लस नाऊ' बनाने वाले निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला को पहले पहल साल 1979 में एक ऐसी कहानी का विचार आया।




# 'भैया जी' 24 मई को होगी रिलीज...

*नई दिल्ली। इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी 'भैया जी' नाम की फिल्म से एक बार फिर दर्शकों को अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता इन दिनों फिल्म की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अपूर्व सिंह कार्की के निर्देशन में बनी इस फिल्म का हाल ही में टीजर रिलीज किया गया था, जिसमें अभिनेता एक्शन अवतार में दिखाई दे रहे थे। पोस्टर में मनोज काफी खूंखार अवतार में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म का नया पोस्टर मनोज बाजपेयी ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'आ रहा है रॉबिन हुड का बाप! मिलिए भैयाजी से, 24 मई से आपकी नजदीकी सिनेमाघरों में।'*

# शशि कपूर की गांववालों ने पकड़ ली थी कॉलर, बेटे को था पीटा

## को-स्टार को दी थी सिर काटने की धमकी



**मुंबई।** शेखर सुमन ने एक पॉडकास्ट में बताया कि कैसे एक बार वो, शशि कपूर और कुछ एक्टर्स बेंगलुरू से वापस आ रहे थे। उस वक्त एक हादसा हो गया था और गांववालों ने शशि कपूर का कॉलर पकड़ लिया था। उन्होंने बताया कि एक बार वो फिल्म उत्सव की कास्ट के कुछ एक्टर्स के साथ बेंगलुरू से वापस आ रहे थे। उस वक्त एक सड़क हादसा हो गया था, जिसके बाद गुस्साए गांववालों ने शशि कपूर का कॉलर पकड़ लिया था, उनके बेटे की पिटाई की थी और कार की विंडशील्ड तोड़ दी थी। उन्होंने बताया, 'शशि कपूर, अनुराधा पटेल, मैं और शशि कपूर के बेटे कुनाल कपूर बेंगलुरू से फ्लाइट पकड़ने के लिए वापस आ रहे थे। हम एम्बेसडर कार में थे। रास्ते में एक जगह हमारी गाड़ी से एक आदमी टकरा गया। वो आदमी उड़ता हुआ गिरा, उसके बाद गांववाले आए और हम सबको मारने लगे। गुस्साए गांववालों ने गाड़ी का विंडशील्ड तोड़ दिया था, शशि कपूर की कॉलर पकड़ ली थी और उनके बेटे को मारने लगे थे।' शेखर सुमन ने बताया हमारे साथ एक और एक्टर थे राजेश, जो अब नहीं रहे, लोगों ने उनकों बालों से पकड़ लिया था और कहा था 'हम तुम्हारा सिर काटने जा रहे हैं।' इसके बाद एक्टर ने बताया कि जो आदमी गाड़ी से टकराया था वो एक पेड़ के नीचे बैठकर चाय पीते हुए मुस्कुरा रहा था। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वो अपनी लोकल भाषा में क्या बड़बड़ा रहा था, लेकिन वो बहुत ही डरावना था।

# 'कृष 4' में सुपरहीरो बनकर वापसी करेंगे ऋतिक रोशन




**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन की फिल्म 'कृष 3' के बाद से ही फैंस 'कृष 4' का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर लगातार अपडेट आते रहते है और फैंस ऋतिक को कृष के रोल में देखने के लिए बेताब हैं। फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म को लेकर खुशखबरी दी है। ऋतिक रोशन 'कृष 4' में सुपरहीरो बनकर वापसी करेंगे। बता दें कि 'कोई मिल गया'सबसे पहले आया था, फिर कृष, कृष 3 सिनेमाघरों में आया था. सारी फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें आ रही थी कि कृष 4 को राकेश रोशन नहीं सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट करने वाले हैं। अब ये बात कन्फर्म हो गई है। सिद्धार्थ के साथ ऋतिक पहले भी काम कर चुके हैं, फाइटर और वॉर में। वहीं, सिद्धार्थ की मूवी पठान ने बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।



दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सोमवार के बाद प्रदेश में बादल गहराने के साथ बारिश, बौछारों का दौर चलेगा इससे पारा गिरने की उम्मीद

# राजधानी सहित 8 जिलों में पारा 42 डिग्री पर नौगांव के बाद सबसे अधिक गर्माया भोपाल

## आज से दक्षिण पूर्वी और उत्तर पूर्वी मप्र के ज्यादातर हिस्सों में बौछारें और बारिश का दौर

भोपाल सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अभी छाए हाई क्लाउड, सोमवार-मंगलवार से लो क्लाउड करेंगे बारिश

प्रदेश का अधिकतम पारा सबसे अधिक नौगांव में 3.1 और भोपाल में 2.7 डिग्री बढ़ा, शेष जिलों में एक से 2 डिग्री तक की बढ़त रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे रहे। राजधानी सहित करीब 8 जिलों में दिन का पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया। इससे दिन में गर्मी का अहसास बढ़ गया। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में बढ़त नौगांव में 3.1 और भोपाल में 2.7 डिग्री की रही। नौगांव में पारा 42.1 और भोपाल में 41.8 डिग्री रहा। सबसे अधिक दिन का पारा खजुराहो में 42.2 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को भी तापमान में कुछ बढ़त होगी। इसके बाद प्रदेश में बारिश का दौर चलेगा।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गए हैं। इससे सोमवार- मंगलवार से प्रदेश में बारिश का सिलसिला शुरू होगा। भोपाल में भी मंगलवार को बादल, बौछारों की उम्मीद है।




### दो डब्ल्यूडी सक्रिय, कल से बारिश

एके शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और इसके आसपास है, जबकि दूसरा अभी ईरान के आगे है, जो रविवार तक ईरान पहुंचेगा। अभी भोपाल सहित कई जिलों में हाई क्लाउड हैं। सोमवार से लो क्लाउड छाने से प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होगा। कल के बाद बादल गहराएंगे और विशेषकर दक्षिण पूर्वी और उत्तर पूर्वी मप्र के ज्यादातर हिस्सों में बौछारें और बारिश का दौर सोमवार रात अथवा मंगलवार से चलेगा। इससे प्रदेश के तापमान में कुछ कमी आने की उम्मीद है।

### कहां-कितनी गर्मी कितना बढ़ा पारा

गुना, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव, सागर, मलाजखंड और भोपाल में दिन का तापमान 42 डिग्री तक रहा। इन जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा। इसके अलावा सभी जिलों में एक से 2 डिग्री तक बढ़त रही। औसत तापमान 41 डिग्री तक दर्ज हुआ है। वहीं रात के तापमान में भी तेजी से बढ़त रही। सबसे अधिक बढ़ोतरी सागर में 3.6, राजगढ़ में 3.5, ग्वालियर, गुना, दतिया में 3 से 3.5 डिग्री के बीच बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इसके अलावा प्रदेश में औसत न्यूनतम तापमान में करीब 1०3 डिग्री की बढ़त के बाद रात में गर्मी का अहसास अपेक्षाकृत बढ़ा है।

**मतदान** प्रतिशत बढ़ाने जिला निर्वाचन की पहल: हर केंद्र पर ठंडे पानी के अलावा मिलेगा मट्ठा-ओआरएस पाउडर

# फर्स्ट टाइम वोटर बैज लगाकर होंगे सम्मानित, हर 3 घंटे के लकी ड्रॉ में निकलेंगे टीवी-फ्रिज समेत कई इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले लोकसभा चुनाव में 65 फीसदी मतदान किया गया था, हालांकि विधानसभा चुनाव में भी मतदान का यही प्रतिशत रहा। इस बार प्रतिशत को बढ़ाने और मतदाताओं को गर्मी में घर से बाहर निकालने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने व्यापारियों की मदद से लकी और बंपर ड्रॉ का आयोजन रखा है।

जबकि प्रत्येक मतदान केंद्र पर आने वाले पहले मतदाता को बैज लगाकर सम्मान किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनके बाद वोटर कार्ड लेकर नहीं पहुंचेंगे, वे अपनी पर्ची और फोटो आईडी दिखाकर मतदान कर सकेंगे। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 2097 मतदान केंद्रों पर गर्मी से बचाव के लिए टेंट लगाए गए हैं, ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके अलावा मठ्ठा, ओआरएस की सुविधा भी केंद्रों पर रहेगी। इसके अलावा लकी ड्रा और बंपर ड्रा के लिए कूपन दिए जाएंगे। जिन्हें तीन-तीन घंटे में खोला जाएगा। जबकि बंपर ड्रॉ दूसरे दिन निकाला जाएगा, जिसमें 5 डायमंड रिंग, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अनेक उपहार दिए जाएंगे।

भरी गर्मी में वोटर को घर से बाहर निकालने कई सुविधाएं

लकी ड्रॉ में व्यापारियों ने किया सहयोग, नोडल अधिकारी को सौंपी सामग्री




### बंपर-लकी ड्रा के लिए व्यापारियों ने सौंपी सामग्री

मतदान के दौरान आयोजित किए जाने वाले बंपर, लकी ड्रा के लिए दिए व्यापारियों ने सामग्री सौंप दी है। महाराणा प्रताप नगर व्यापारी महासंघ, क्रेडाई संघ, बैरागढ़ व्यापारी संघ की ओर से सहयोग दिया गया। कारोबारी रितेश रमतानी ने चार म्यूजिक बाक्स, अमेरिकन आप्टिकल ने 20 गागल धूप से बचाव के लिए दिए गए हैं। ऐसे ही दो एलईडी टीवी, दो वाशिंग मशीन, 20 डिनर सेट, दो गीजर, नितिन अग्रवाल ने फ्रिज, प्रेस इंडक्शन, सराफा व्यवसायी संघ ने दो डेजर्ट कूलर बंपर गिफ्ट लकी ड्रा के लिए सहायक नोडल रितेश शर्मा को सौंपे हैं।

## तीसरे चरण के लिए एक करोड़ 68 लाख से अधिक मतदाता पर्ची वितरित

मप्र में जिन 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है, वहां मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी हैं। इनमें मुरैना, भिण्ड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल (अजजा) संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। यहां पर कुल एक करोड़ 77 लाख 52 हजार 583 मतदाता हैं। इनमें से एक करोड़ 68 लाख 31 हजार 603 को मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी हैं। सीईओ अनुपम राजन ने बताया कि तीसरे व चौथे दोनों चरणों के मतदान वाले लोकसभा क्षेत्रों के सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा रही है।

### वोटर पर्ची नहीं, तो जाएं बीएलओ के पास

यदि किसी मतदाता को वोटर पर्ची नहीं मिली है, तो वह अपना वोटर आईडी कार्ड लेकर अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जाएं। वहां बने मतदाता सहायता केंद्र में वोटर आईडी दिखाएं। यहां बीएलओ आपकी मतदाता सूचना पर्ची दे देंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

## कल सुबह आठ बजे से रवाना होंगे मतदान दल, केंद्र पर पहुंचकर करना पड़ेगी रिपोर्टिंग

मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिसके तहत सोमवार को सुबह आठ बजे से लाल परेड ग्राउंड से मतदान दलों की रवानगी शुरु हो जाएगी। मतदान दलों के केंद्र पर पहुंचने के बाद रिपोर्टिंग करना पड़ेगा। इस बार भोपाल लोकसभा सीट के लिए 2097 मतदान केंद्रों पर 21,15, 397 मतदाता वोटिंग करेंगे। चुनाव कराने के लिए करीब 16 हजार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

2097 मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे दल



चुनाव सामग्री बांटी जाएगी

लोकसभा क्षेत्र भोपाल में सात मई को मतदान होगा। इससे पहले सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को सुबह आठ बजे लाल परेड मैदान से ईवीएम, चुनाव सामग्री बांटी जाएगी। जहां से बसों के माध्यम से मतदान दल सभी 2097 केंद्रों पर पहुंचेंगे।

**दीपक पांडे**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**माशिमं का लोगो लगाकर तैयार करते थे फर्जी प्रश्न-पत्र**

## 10वीं-12वीं के पेपर बेचने और ठगी करने वालों को 2 साल की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

- कमलेश गुर्जर और कौशिक दुबे को दिया दोषी करार

माध्यमिक शिक्षा मण्डल के लोगो का उपयोग कर टेलीग्राम पर फर्जी लिंक तैयार कर उस लिंक के माध्यम से 10वीं और 12वीं की परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये जाने का दावा करते हुए छात्रों से भीम एप के माध्यम से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले कमलेश गुर्जर कौशिक दुबे और बृजेश को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह के कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष के साधारण कारावास और 9 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

मामले के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल में परीक्षा नियंत्रक के पद पर पदस्थ बलवंत वर्मा ने पुलिस आयुक्त अपराध भोपाल को एक लिखित शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि 2 फरवरी 2022 से 4 मार्च 2023 के बीच आरोपीगण के द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल के लोगो का उपयोग कर टेलीग्राम पर फर्जी लिंक तैयार कर उस लिंक के माध्यम से मण्डल परीक्षाओं के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये जाने का दावा करते हुऐ छात्रों से भीम एप के माध्यम से पैसों की अवैध वसूली की तथा अपनी विशिष्ट पहचान को छुपाकर माध्यमिक शिक्षा मण्डल के लोगो का उपयोग कर मण्डल की अनन्य पहचान का उपयोग कपटपूर्वक एवं बेईमानी से किया।

उक्त शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना के पश्चात विवेचना अधिकारी द्वारा जिला अदालत में में आरोपियों के विरूद्व अभियोग पत्र दायर किया था।

## बसपा प्रत्याशी के खिलाफ टिप्पणी पर पटवारी पर दर्ज हुआ केस

**भोपाल।** पूर्व मंत्री इमरती देवी पर दिए बयान को लेकर मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एक और एफआईआर दर्ज कराई गई है। भाजपा नेता शीला जाटव ने अशोकनगर के कोतवाली थाना में पटवारी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। इससे पहले शनिवार को ही भिंड के बसपा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया के खिलाफ बयानबाजी करने के मामले में भिंड के उमरी थाना में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इधर पटवारी ने इसे उन्हें डराने की साजिश बताया है।

## उप मुख्यमंत्री ने बनवाई अपनी आभा आईडी और बोले- यह बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में करेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में खुद का आभा आईडी बनवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) डिजिटल हेल्थ आईडी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रतिदिन बनाई जा रही हैं। इस आईडी से मरीज को दिए गए उपचार के सभी विवरण प्राप्त होंगे।

एक प्रकार से यह आईडी मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड है। जिससे बेहतर उपचार की सेवाएं मरीज को मिल सकेंगी। आभा आईडी सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क बनाई जाती है। इसके लिए आपको अपना आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना आवश्यक है। आभा आईडी ऐप के माध्यम से स्वयं भी



बनाई जा सकती है। आभा आईडी 14 अंकों का यूनिक नंबर है जिसके माध्यम से मरीज अपनी पैथोलॉजी रिपोर्ट, प्रिसक्रिप्शन और उपचार डिजिटल रूप से प्राप्त कर कर सकते हैं। एक प्रकार से यह आईडी मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड है। जिससे बेहतर उपचार की सेवाएं मरीज को प्राप्त हो सकेंगी।

**एक हफ्ते में दो दर्जन से ज्यादा गार्डन सील**

## कांग्रेस नेता शुक्ला के मैरिज गार्डन में निगम ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बगैर अनुमति चल रहे मैरिज गार्डनों के खिलाफ नगर निगम सीलिंग की कार्रवाई कर रहा है। बीते एक हफ्ते में एक दर्जन से ज्यादा मगार्डनों में तालाबंदी की जा चुकी है।

शनिवार को नगर निगम अमले ने पुलिस की मौजूदगी में अयोध्या बायपास (रासलाखेड़ी) स्थित निर्मल मैरिज गार्डन को सील कर दिया। जानकारी के मुताबिक रासलाखेड़ी स्थित जिस मैरिज गार्डन को सील किया गया, वह कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला का बताया जाता है। निगम अधिकारी जब गार्डन को सील करने पहुंचे तो गार्डन कर्मचारियों ने कुछ लोगों को बुला लिया। यह सभी शुक्ला समर्थक बताए जाते हैं। विवाद बढ़ता देख जोन 17 के जोनल अधिकारी ने थाने को सूचना दी। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पुलिस मौजूदगी में ही निगम अधिकारियों ने गार्डन में तालाबंदी की कार्रवाई को अंजाम दिया।

## रावा पहाड़ मोड़ के पास घाट में बेकाबू तेज रफ्तार पिकअप पलटी, दो की मौत, आठ लोग घायल

### रावा पहाड़ में लगने वाले बाजार जा रहे थे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा के कटघोरा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घाट में जा गिरी। पिकअप में एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे।

इस हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई, वही आठ लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस को दी गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि ये घटना जटगा चौकी अंर्तगत रावा और पहाड़ बीच मुख्य मार्ग की है। हर रविवार की तरह बाजार करने रावा पहाड़ पिकअप वाहन में लगभग एक दर्जन से अधिक लोग जा रहे थे। इस दौरान रावा पहाड़ मोड़ के पास घाट में तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई।



### इन लोगों की हुई मौत

बताया जा रहा है कि मृतक ओमप्रकाश जायसवाल और रामकुमार की मौत हो गई, वहीं घायलों का स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

**भोपाल देश का पहला शहर, जहां होंगे चार ह्यूमन मिल्क बैंक**

# अब अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चों को मिल सकेगा 'मां का दूध'

**हमीदिया** और काटजू में हुआ शुरू, जेपी के बाद एम्स में भी मदर मिल्क बैंक होगा शुरू

**मदर मिल्क** बैंक में छह माह तक ताजा रखा रहेगा मां का दूध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल देश का ऐसा पहला शहर होगा जहां एक नहीं,चार-चार मदर मिल्क बैंक होंगे। जेपी के बाद हमीदिया व काटजू अस्पताल में इस बैंक की शुरुआत हो गई है। जुलाई से एम्स में भी मदर मिल्क बैंक शुरू हो जाएगा।

मदर मिल्क बैंक की खासियत यह है कि यहां मां के दूध को छह माह तक ताजा रखा जा सकेगा। इन मिल्क बैंकों में माताएं अपना दूध भी दान कर सकेंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत भोपाल व इंदौर में ह्यूमन मिल्क बैंक खोलने की योजना बनी थी। लेकिन जेपी और काटजू में ही इसकी शुरुआत हो सकी। मिल्क बैंक में पाश्चराइजेशन यूनिट,डीप फ्रीज, आरओ प्लांट जैसे संसाधनों से 6 महीने तक मां का दूध सुरक्षित रहेगा। अभी काटजू में अब लेक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट तैयार की गई है। यह यूनिट अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चों को उनकी मां का दूध उपलब्ध कराने का कार्य करेगी। मदर मिल्क बैंक जिसे मेडिकल भाषा में कामप्रेहेंसिव लेक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर (सीएलएमसी) कहा जाता है। यह सुविधा सिर्फ मेडिकल कालेजों और डिस्ट्रिक्ट अस्पताल में ही शुरू की जाती है।

### जुलाई में शुरू हो जाएगा मदर मिल्क बैंक

एम्स के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह के अनुसार एम्स में मरीजों की सुविधाओं के लिए लगातार मशीनों व दवाईयों की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां अत्याधुनिक सुविधाएं व संसाधनों में इजाफा किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब मदर मिल्क बैंक स्थापित किया जा रहा है।



### क्या है मदर मिल्क बैंक

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मानव दूध बैंक उन शिशुओं के लिए महत्वपूर्ण है। मानव दूध शिशु मां के दूध के बाद सबसे बेहतर आहार है। मां के दूध में शिशुओं के लिए जरूरी पोषक तत्व और एंटीबॉडी होते हैं। शिशुओं को कम से कम छह महीने तक स्तनपान कराया जाना चाहिए।

### फैक्ट फाइल

- अप्रैल 2022-मार्च 2023 के आंकड़ों के अनुसार जेपी मिल्क बैंक में नर्सिंग स्टाफ ने 3824 मरीजो को सेवाएं दी।
- इनमें से 157 माताओं ने दूध दान किया। एक साल में कुल जिसमें 304 लीटर दूध संग्रहित हुआ।
- एसएनसीयू में भर्ती नवजात शिशुओं को 239 लीटर दूध प्रदाय किया गया, काउंसलिंग सहित अन्य सुविधाएं भी दी गईं

मदर मिल्क बैंक यूनिट की शुरू होने के साथ काउंसलिंग और अन्य सुविधाएं शुरू कर दी गई हैं।

**कर्नल प्रवीण सिंह,** अधीक्षक, काटजू अस्पताल

## तेंदुपत्ता तोड़ रहे महिला व युवक भालू के हमले में घायल

**रायगढ़।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गए दो युवकों पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले बरमकेला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम झिलगीटर निवासी फूलबाई जायसवाल पति पुरूषोत्तम जायसवाल एवं घुंचापाली निवासी भरत नायक तेंदुपत्ता तोड़ने बोसला खोलिया तालाब की तरफ गए हुए थे जहां भालू ने दोनों पर अचानक हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने हो हल्ला कर भालू को खदेड़ा गया, तब जाकर दोनों की जान बची। दोनों घायलों को बरमकेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। वन विभाग ने घायलों का हालचाल जानकर उनके परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि दी है।

**आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई**

## पुलिस ने 318 गुंडा-बदमाशों को थानों में बुलाकर कराई परेड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर रायपुर पुलिस एक्शन मोड पर हैं। शहर में शांतिपूर्ण मतदान कराने और अपराधों की रोकथाम के लिए 318 से ज्यादा गुंडा-बदमाशों को संबंधित थानों में हाजिर कर परेड लगाई। रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुंडा-बदमाशों, चाकुबाजों समेत अपराधिक तत्वों को थाना में बुलाकर समझाइश दी गई है।


चार मई को सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों से 318 से अधिक चाकूबाजों सहित अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड लगाई गई। इस कार्रवाई के तहत 14 आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, 08 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट और 140 अपराधिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। दो दिनों में कुल 318 गुण्डा/निगरानी बदमाशों, चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## चिंतन

# भारतीय क्षेत्र को अपना बताने का दुस्साहस नहीं करे नेपाल

नेपाल को कोई भी उकसावे वाले कदम नहीं उठाने चाहिए। चीनी प्रभाव में आकर भारत के प्रति किसी भी प्रकार का दुस्साहस नेपाल को ही भारी पड़ेगा। भारत प्रचीनकाल से नेपाल को सहयोग करता रहा है। दोनों देशों की संस्कृति भी एक है। नेपाल सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक रूप से भारत के बहुत करीब है। नेपाल की समूची अर्थव्यवस्था भारतीय सहयोग पर निर्भर है। इसलिए भारतीय क्षेत्र को अपने नोट में अंकित करना नेपाल की गरिमा के अनुरूप नहीं है। नेपाल ने जो नए नोट जारी किए हैं, जिन पर भारत के कुछ इलाकों को दर्शाया है, यह दुस्साहस ही है। नेपाल ने अपने नए नोटों में भारत के इलाकों-लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दर्शाया है। नेपाल अपनी विदेश नीति तय करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उसे अपनी सामरिक ताकत के हिसाब से ही चीजें करनी चाहिए। भारत के साथ संबंध बिगाड़ कर नेपाल अपना ही नुकसान करेगा। नेपाल के सामने श्रीलंका के हश्र का उदाहरण है, मालदीव की चीनपरस्ती के नतीजे का भी उदाहरण है। चीन का रिकार्ड रहा है, जो भी देश उसके करीब गया, उसके हिस्से आर्थिक तबाही ही आई। पाकिस्तान भी अच्छा उदाहरण है। चीन अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा के चलते छोटे देशों की संप्रभुता का सम्मान कर ही नहीं पाता है। चीन के अपने 13 सीमाई पड़ोसियों से सीमा विवाद है, नेपाल भी चीनी चाल को देख चुका है, दक्षिण चीन सागर में चीनी मनमानी सबके सामने है, फिलिपींस के साथ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चीन केस हार चुका है, ताइवान के साथ चीन का तनाव चरम पर है, शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि क्षेत्रों को चीन ने किस तरीके से अपने में मिलाया, यह उदाहरण भी नेपाल के सामने है, इसके बाद भी अगर नेपाल चीनी प्रभाव में आकर भारतीय क्षेत्र को अपने नोटों पर दिखाया है, तो यह उसके लिए आत्मघाती कदम है। भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा कि नेपाल भारतीय क्षेत्रों को अपना दिखाने की बचकानी हरकत करे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते बनाना जटिल होता है, अक्सर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में राजनीति का भी ध्यान रखना पड़ता है। जयशंकर का इशारा साफ है कि नेपाल किस तरह की राजनीति के तहत ऐसा कर रहा है। नेपाल में जब जब चीन समर्थित कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनती है, भारत के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू हो जाता है। इससे पूर्व में भी नेपाल ने अपने नक्शे में लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दिखाया था। उस वक्त भी चीनी प्रभाव में ऐसा किया था। भारत व नेपाल के बीच हुई संधि के तहत स्पष्ट है कि ये तीनों क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं, नेपाल को समझना चाहिए कि नक्शे में दिखा देने से या नोटों पर अंकित कर देने से भारत के क्षेत्र नेपाल के नहीं हो जाएंगे। भारत ने हमेशा कोशिश की है कि नेपाल को हरसंभव सहायता हमेशा मिलती रहे। नेपाल को अपनी कूटनीति के इतिहास को देखना चाहिए कि वह भारत के साथ किता सहज है, जबकि चीन ने नेपाल को कितना दंश दिया है। हिमालय क्षेत्र में चीन की अभी भी कई नेपाली हिस्से पर गिद्ध दृष्टि है। नेपाल की मंत्रिमंडल की बैठक में गत शुक्रवार को 100 रुपये के नोट पर नेपाल का नया राजनीतिक नक्शा छापने का फैसला किया गया है, जिसमें भारतीय इलाके लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को नेपाल के क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है। भारत को यह कतई मंजूर नहीं है, भारत सरकार इस मसले पर राजयनयिक चर्चा कर रही है, पर नेपाल को संयम से काम लेना चाहिए, किसी के उकसावे में नहीं आना चाहिए। भारत के साथ कटुता नेपाल के लिए ही ठीक नहीं है।

## सारा संसार



भगवान विष्णु को समर्पित और 108 दिव्य देसमों में से एक, उलगलांथर पेरुमल मंदिर, तमिलनाडु के कांचीपुरम शहर में कामाक्षी अम्मन मंदिर के बहुत पास स्थित है। मंदिर महान ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है और दुनिया भर के अनुयायी इस मंदिर के दर्शन करने के लिए आते हैं।

## सियासत

राजेंद्र बज



# जाति आधारित राजनीति चिंताजनक

बहुत ही सुलझी हुई विचारधारा के साथ राष्ट्रनायकों ने समाजवादी परिकल्पना को साकार करने के निमित्त आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु संवैधानिक रूप से विशेष प्रावधान किए। तत्कालीन देश काल और परिस्थिति के संदर्भ में यह कदम सर्वथा स्वागतयोग्य था। कालांतर में समर्पित तथा सुरक्षित मतदाता के रूप में लाभान्वित वर्ग को साधने और साधे रखने का राजनीतिक सिलसिला चल पड़ा। परिणामस्वरूप अल्पकालिक नीति को राजनीतिक स्वार्थसिद्धि के चलते बार बार दोहराया गया। वंचित वर्ग की घुटन, घुटन की अति से विस्फोटक रूप लेने लगी। मामला दो और दो चार की तरह स्पष्ट है। दरअसल सर्वहारा वर्ग के संपूर्ण कल्याण की पवित्र भावनाओं के साथ उठाए गए कदम का कोई विरोध नहीं था, लेकिन सत्ता के लिए की जाने वाली राजनीति के कर्णधारों ने समाज और समाज में अंतर की खाई को गहरा कर दिया। बेहतर होगा यदि राजनीतिक और सामाजिक प्रयासों से इस विषयक विरोधाभासों को दूर किए जाने के प्रयास किए जाएं। अन्यथा वर्ग संघर्ष का दंश विकसित भारत की राह में बाधक सिद्ध हो सकता है। अनेकता में एकता का हमारा सामाजिक तानाबाना, परस्पर सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण से परिपूर्ण रहा है, लेकिन निकृष्ट राजनीति के चलते परस्पर सामाजिक सद्भाव दांव पर लगता जा रहा है। इस संदर्भ में बद से बदतर स्थिति का आलम यह है कि जातिगत तथा वर्गीय आधार पर राजनीतिक संगठन गठित होने लगे हैं। यह निश्चित है कि यह संगठन आम नागरिकों के कल्याणार्थ क्रियाशील नहीं रहेंगे अपितु अपनी जाति या वर्ग के उत्थान को ही प्राथमिकता देंगे। कालांतर में जातिवादी राजनीतिक दलों की राजनीति तथाकथित अनेकता में एकता को तार-तार कर रख देगी। दरअसल समय रहते जाति व वर्गवाद की राजनीति को हतोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से समुदाय विशेष के सर्वांगीण विकास हेतु सामाजिक ध्रुवीकरण के प्रयास स्वागत योग्य होते हैं। किंतु नकारात्मक मानसिकता के आधार पर सामाजिक संगठनों की राजनीति अत्यंत घातक सिद्ध होती है। नीति और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति बीते समय की बात हो गई है। अलग-अलग जाति व वर्ग द्वारा अलग-अलग महापुरुषों को अपनी जाति व वर्ग का महानायक मान लिया गया है। प्रकारांतर से अलग-अलग समूह द्वारा अलग-अलग महापुरुषों का बंटवारा कर लिया गया है। यह स्थिति अत्यंत चिंता का विषय है। बेहतर हो यदि राजनीतिक दलों के आचरण एवं व्यवहार में भारतीय संविधान की मूल अवधारणा के अनुरूप आत्मसात की गई भावना स्पष्ट तौर पर दिखाई दे। इतिहास साक्षी है कि विभाजित समाज सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार सिद्ध नहीं कर सकता। दरअसल सामाजिक ढांचे को कुछ ऐसा गढ़ना होगा कि हर किसी के लिए कुछ कर गुजरने के समान अवसर उपलब्ध हो। निश्चित रूप से ऐसी ही कुछ परिकल्पना उन्होंने भी की होगी जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में तन मन धन से आहुति दी। बदलते संदर्भ में राजनीति के तौर तरीकों में भी आमूलचूल परिवर्तन करना होगा। अंग्रेजों की नीति अपनाने से क्षणिक राजनीतिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसके दूरगामी परिणामों के मद्देनजर सामाजिक एकता और अखंडता के ताने-बाने को छेड़ना नहीं चाहिए। बेहतर हो यदि समय रहते इस विषयक संज्ञान लिया जाए, ताकि अन्यान्य कारणों से देश प्रदेश की प्रगति में कोई बाधा न आ सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# युवा बनें लोकतंत्र की आवाज



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जो युवा आबादी के लिहाज से दुनिया का अव्वल देश है। देश की आधी आबादी 25 साल से कम उम्र की है जबकि 65 फीसदी आबादी 35 साल से कम आयु की है। देश में 18 वर्ष की आयु में मताधिकार और 25 साल की आयु में चुनाव लड़ने का अधिकार प्राप्त है। निर्वाचन आयोग के ताजातरीन आंकड़ों के मुताबिक देश में अब कुल मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ हो गई है जिसमें 66.76 फीसदी मतदाता युवा हैं। आगामी आम चुनाव में 18 साल के 2 करोड़ मतदाता पहली बार वोट डालेंगे वहीं 18 से 29 साल के 21.6 करोड़ मतदाता हैं। चूंकि युवा ही देश और समाज का भविष्य होते हैं इसलिए युवाओं को मतदान जैसे मौलिक अधिकार के प्रति अपना कर्तव्य भी निभाना होगा। विचारणीय है कि 2024 का यह आम चुनाव देश के उन 18 बरस के युवाओं के लिए 2054 के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होने वाला होगा जब वे अपने बच्चों के अभिभावक की भूमिका में होंगे। दरअसल पश्चिमी देशों से इतर आम भारतीय परिवारों की यह सोच होती है कि वह अपने आने वाली पीढ़ी को ऐसा विरासत सौंपे जो उसके जीवन को साधन - संपन्न बनाए। युवाओं को समझना होगा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में कोई भी बदलाव केवल चुनाव और मतदान के जरिए ही संभव है। गौरतलब है कि युवा ही किसी परिवार और समाज के धुरी होते हैं लिहाजा आगामी चुनाव के मद्देनजर युवा मतदाताओं में चुनाव परिणामों के रूख मोड़ने की क्षमता है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में जितने भी राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन हुए हैं उन्हें युवाओं ने ही अंजाम दिया है।अलबत्ता यह आम चुनाव देश और युवाओं के भविष्य के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक सहित तमाम आर्थिक विशेषज्ञ भारत को साल 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के तौर पर देख रहे हैं। इन संभावनाओं के मद्देनजर आने वाला वक्त युवाओं के भविष्य के लिए बेहद संभावनाओं भरा होगा क्योंकि आज देश में सबसे बड़ा वर्कफोर्स युवाओं का ही है।

बहरहाल वर्तमान दौर की बात करें तो मुल्क में युवाओं का इतना बड़ा वोटबैंक होने के बावजूद हमारी तरूणाई अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, नशाखोरी, मानसिक तनाव और अवसाद, अपराध और आत्महत्या जैसे सामाजिक त्रासदियों से जूझ रहा हैं। युवाओं को यह बात अपने जेहन में रखना होगा कि मतदान ही ऐसा साधन है जिसके जरिए लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पारदर्शी प्रशासन और बेहतर रोजगार मुहैया कराया जा सकता है। युवाओं को इस बदलाव के लिए शत - प्रतिशत निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करनी होगी।विडंबना है कि युवा मतदाता अपने भविष्य को ताक में रखकर धार्मिक, जातिवादी और क्षेत्रवादी सियासत का मोहरा बन रहे हैं। धार्मिक और जातिवादी मानसिकता अथवा किसी प्रलोभन के चलते आम युवा मतदाता ऐसे उम्मीदवारों को अपना वोट कर रहे हैं जिन्हें चुनाव के बाद युवाओं के मुद्दों से कोई सरोकार ही नहीं रहता। चुनाव में धनबल, बाहुबल और वंशवाद का बढ़ता दखल हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रदूषित कर रहा है फलस्वरूप युवाओं के मुद्दे संसद से लेकर सड़क तक असरहीन बने हुए हैं। दूसरी ओर हर चुनाव में सभी राजनीतिक दलों द्वारा इस युवा वोटबैंक को अपने पाले में लाने के लिए धार्मिक, जातिगत आरक्षण, क्षेत्रवाद, सरकारी नौकरी और बेरोजगारी भत्ता बांटने जैसे हथकंडे अपनाए जाते हैं लेकिन बाद में ये सभी छलावा ही साबित होते हैं। बहरहाल युवाओं के साथ हो रहे छल के लिए खुद युवा भी जिम्मेदार हैं जो धर्म, जाति या क्षेत्रवाद या किसी मुफ्त चुनावी रेवड़ी के प्रलोभन या रौ में बहकर अनुपयुक्त उम्मीदवार को वोट कर रहे हैं।मतदान को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है लेकिन इस पर्व के प्रति युवाओं में वैसा उत्साह परिलक्षित नहीं हो रहा है जैसा देश को उनसे उम्मीद है। इस तथ्य की पुष्टि चुनाव आयोग के उस आंकड़े से होती है जिसके मुताबिक देश में 18 साल पूरे कर चुके केवल 38 फीसदी मतदाताओं ने ही पंजीकरण कराया है मतलब अभी भी 62 फीसदी युवाओं में अपने पहले मतदान के प्रति उत्सुकता नहीं है।



दरअसल देश के युवा मतदान के मामले में तीन भागों में बंटे हैं, एक वह समूह है जो किसी न किसी राजनीतिक विचारधारा का समर्थक है और वह उस दल के उम्मीदवार को वोट करता है। दूसरा युवाओं का एक ऐसा 'फ्लोटिंग वोटबैंक' है जो किसी दल के विचारधारा से संबद्ध नहीं है बल्कि वह चुनाव या मतदान के वक्त तय करता है कि उसे किस पार्टी या प्रत्याशी को वोट करना है। इस ग्रुप में पहली बार वोट करने वाले अथवा राजनीतिक तौर पर तटस्थ रहने वाले युवा आते हैं। यह फ्लोटिंग वोटर ही किसी पार्टी उम्मीदवार के कम जीत- हार में निर्णायक होते हैं लिहाजा सियासी दल इन्हें हर संभव रिझाने की कोशिश करते हैं। तीसरा समूह ऐसे युवाओं का है जो या तो मतदान दिवस को 'इलेक्शन हॉलिडे' मानकर वोट करने नहीं जाते। इस समूह में देश के राजनीतिक व्यवस्था से असंतुष्ट और निराश युवा भी शामिल हैं जो यह मानते हैं कि नेता या पार्टी कोई भी जीते हालात नहीं बदलने वाला इसलिए वह मतदान के प्रति उदासीन रहता है। युवाओं में मतदान के प्रति उदासीनता और गैर जवाबदेही का ही नतीजा है कि देश के संसद और विधानसभाओं से लेकर सियासत में धनबल, बाहुबल, वंशवाद, धार्मिक और जातिवादी सियासत का दखल लगातार बढ़ते जा रहा है। आज की राजनीति में नैतिकता, बुद्धि, कुशलता जैसे मानवीय गुण अब दुर्लभ होने लगा है।

अलबत्ता किसी समस्या का समाधान उस समस्या से पलायन नहीं है बल्कि चुनौती पर विजय है। उपरोक्त परिस्थितियों में युवाओं को चुनाव में अपना दखल साबित करना होगा और इसके लिए उसे निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के प्रति संकल्पित होना होगा। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सत्ता तभी लोकोन्मुखी हो सकता है जब युवा सरकार से सवाल करें। युवाओं को निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया में बाधक साधनों के प्रति भी समाज को जागरूक करना चाहिए आखिरकार यह उनका नागरिक कर्तव्य भी है। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर में जब सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' किसी देश की राजनीति और चुनाव को प्रभावित करने की पूरी क्षमता रखती हो तब युवाओं को भारत जैसे डिजिटल निरक्षरता वाले देश में सोशल मीडिया और इंटरनेट पर मौजूद भ्रामक खबरों और डीप फेक वीडियो व तस्वीरों के प्रति भी काफी गंभीर और जागरूक रहने की जरूरत है। उक्त के मद्देनजर युवा अपनी भूमिका सिर्फ एक वोटर के तौर पर ही सीमित न रखें बल्कि उन्हें आम मतदाताओं को भी चुनाव में जारी अनुचित तरीकों के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि लोकतंत्र के इस महोत्सव की शुचिता और मर्यादा कायम रहे।युवाओं से यह भी अपेक्षा है कि वे मतदान के पहले धार्मिक और जातिवादी बंधन या किसी प्रलोभन से मुक्त होकर विभिन्न दलों के चुनाव घोषणापत्र और उम्मीदवार के पृष्ठभूमि का भलि भांति आंकलन कर अपना वोट करें आखिरकार यह चुनाव उनके भविष्य और देश को एक नई दिशा और दशा प्रदान करेगा।

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित

## दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं।

# तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित

## प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जिसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री से पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय-जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया। परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### हंसना जरूरी, लेकिन बेवजह नहीं

सारी दुनिया में मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। हास्य योग के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया ने दुनिया, देश और समाज में हास्य की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से ही शायद 11 जनवरी, 1998 को मुंबई में विश्व हास्य दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। इस दिन दुनिया के बहुत से देशों में हास्य व्यंग्य, कविता, चुटकले और हंसने-हंसाने के बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। टीवी, अखबारों और अन्य बहुत से साधनों द्वारा बहुत से हास्य कलाकार प्रोग्राम पेश करते हैं। जिंदगी में अगर हंसने-हंसाने को हम उतना जरूरी बना लें जितना खानपान, अन्य जरूरी कामों को बनाते हैं तो हमारी जिंदगी तनावमुक्त गुजरेगी। हंसना वो औषधि है जो किसी बीमार व्यक्ति को भी तंदुरुस्त करने में मददगार साबित हो सकती है।

*- सोहन वर्मा, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# टाइम्स स्क्वायर पर भिन्न शैली की साड़ियों का प्रदर्शन



न्यूयॉर्क का प्रतिष्ठित 'टाइम्स स्क्वायर' सैकड़ों महिलाओं की भिन्न प्रकार और शैलियों की साड़ियों से सजा दिखायी दिया तथा भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ ही अन्य देशों की सैकड़ों महिलाओं ने यहां एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की शाश्वत सुंदरता, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। 'टाइम्स स्क्वायर' में शनिवार को आयोजित 'साड़ी गोज ग्लोबल' कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ ही कम से कम उन नौ देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जहां नौ गज का यह परिधान लोकप्रिय है तथा उसे पसंद किया जाता है। इन देशों में बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। खादी सहित विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुईं महिलाओं ने गर्व से अपने संग्रह का प्रदर्शन किया, राष्ट्रीय ध्वज लहराए, एक साथ नृत्य किया, तस्वीरें लीं और अपनी साड़ियों, संस्कृति तथा विरासत के बारे में कहानियां साझा कीं। यह कार्यक्रम 'ब्रिटिश वुमेन इन साड़ी' ने उमा संगठन के साथ मिलकर आयोजित किया जिसमें संगीत, नृत्य और साड़ी 'वॉकथन' के जरिए साड़ी की शाश्वत सुंदरता का प्रदर्शन किया गया।

## ऑफ बीट

# हर कोई चाहता है आत्म-सम्मान



भले ही आपकी बात में कितना ही दम क्यों न हो, लेकिन किसी को समझाना-बुझाना यानी 'पर्सुएशन' इतना कठिन क्यों होता है? दर्शनशास्त्री के तौर पर मैं पर्सुएशन में खासतौर पर रुचि रखता हूं। इसमें आपको न केवल यह पता होना चाहिए कि आपको किस तरह किसी को समझाना है, बल्कि यह जानना भी जरूरी है कि इसे बिना किसी हेरफेर के नैतिक रूप से कैसे किया जाए। मैंने इस बारे में सबसे गहरी अंतर्दृष्टि जर्मन दार्शनिक इमैनुअल केंट से पाई है, जिन पर मेरा शोध केंद्रित रहा है। केंट 300 साल पहले 22 अप्रैल 1724 में जन्मे थे। नीतिशास्त्र पर अपनी अंतिम पुस्तक 'द डॉक्टरीन ऑफ वर्च्यु' में केंट लिखते हैं कि जब हम किसी अन्य के विचारों को दुरुस्त करने का प्रयास करते हैं तो हर किसी का एक निश्चित कर्तव्य होता है। यदि हमें लगता है कि वे (विचार) गलत हैं, तो हमें उन्हें 'बेतुकापन' या 'खराब' कहकर खारिज नहीं करना चाहिए, बल्कि यह मानना चाहिए कि उनके विचारों में 'कुछ सच्चाई है।' केंट के कहने का मतलब है कि यह स्वीकार कर लेना कि हम जो नहीं जानते, वह अन्य लोग जानते हैं, एक विनम्रता की तरह लगता है। हालांकि यह इससे भी महत्वपूर्ण होता है।

## ट्रेंड

### सस्ती बिजली का लाभ



हमारा कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परिवर्तन पर्याप्त तेज़ और निष्पक्ष हो - वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना, और 2030 तक सभी को सस्ती स्वच्छ बिजली का लाभ पहुंचाना।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हमारा सामूहिक पाप



हैती मंगल ग्रह पर नहीं है. यह उसी पृथ्वी का एक हिस्सा है। पीड़ित हाईटियन एलियंस नहीं हैं; वे हम में से एक हैं। यह सामूहिक उदासीनता हमारा सामूहिक पाप है। यह एक पुरानी नैतिक ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की कमी है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### आत्मविश्वास से जीवन सिद्धि



ध्येयनिष्ठ एवं पुरुषार्थी साधकों के समक्ष कोई भी चुनौती उनके उत्साह और प्रगति को बाधित नही करती। जिन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित कर लिए हैं, उनके जीवन में मान-सम्मान जैसी अवस्थाएं बाधाएं नहीं बनती। आत्मविश्वास से ही जीवन सिद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### आपने 10 साल में क्या बनाया



वे पूछते हैं कि 70 सालों में क्या किया? हमने आईआईएम बनाए, आईआईटी बनाई, एम्स बनाए, एचएएल, भेल बनाया, राष्ट्रीय महत्व के जिस संस्थान का नाम लीजिए, कांग्रेस ने बनाया। आपने 10 साल में क्या बनाया, ये क्यों नहीं बताते?

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# आगरा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और राहुल को घेरा

# पहले कोट पर जनेऊ पहन मंदिर-मंदिर घूमते थे, आज शहजादे का मंदिर जाना बंद हो गया, वे 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर डाल रहे 'डाका'

एजेंसी ▶▶ आगरा

पीएम नरेंद्र मोदी ने इटावा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे का इस बार मंदिर दर्शन बंद हो गया है। 5 साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। वह भी कोट पर जनेऊ पहनकर। पीएम मोदी ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने पर कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि सपा और कांग्रेस कंपनी एससी और एसटी का आरक्षण छीन कर धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में इन्होंने रातों-रात मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर दिया। वहां ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिला था। उसमें डाका मार लिया। यूपी में भी बड़े खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि आज भी सपा को अपने परिवार के अलावा कोई उम्मीदवार नहीं मिला। भाजपा में कोई भी व्यक्ति बड़े-बड़े पद पर पहुंच सकता है। सपा-कांग्रेस की खोटी नियत का हिसाब बहुत लंबा है।

### कांग्रेस की पूजा भी नौटंकी लग रही

500 साल के बाद एक ऐतिहासिक पल आया, पूरा देश राममंदिर बनने से खुश हुआ, लेकिन इन्होंने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनको पूजा भी नौटंकी लग रही है। मोदी को गाली देते-देते ये लोग भगवान श्रीकृष्ण का अपमान कर रहे हैं।



### सपा की दिल की बात जुबान पर आ ही गई


मोदी ने कहा कि इस इलाके में आकर मुझे 2019 के चुनाव के पहले की बात याद आ रही है जब संसद का सत्र चल रहा था और संसद में स्वर्गीय मुलायम सिंह जी भाषण के लिए खड़े हुए। मुलायम ने संसद में कहा था कि मोदी जी आप तो दोबारा जीतकर आने वाले हैं। नेता जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके सगे भाई भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। 2019 में उनका आशीर्वाद मुझे लगा और दोबारा से प्रधानमंत्री बना। पीएम मोदी ने शिवपाल यादव पर भी तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा, मुलायम सिंह यादव ने संसद में जो कहा था, अब उनके भाई शिवपाल के मन की बात जुबां पर आ गई। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई।

### चाय वाले ने कुप्रथा तोड़ दी

उन्होंने कहा कि हम योगी मोदी क्यों खप रहे हैं? हमारे तो बच्चे हैं नहीं हम खप रहे हैं आपके बच्चे के लिए। भारत एक हजार साल के लिए सशक्त हो, मोदी उसकी नींव तैयार कर रहा है। देश में प्रधानमंत्री होते थे, जो चाय वाले थे, उन्होंने एक कुप्रथा तोड़ दी, जिससे गरीब का बेटा भी मुख्यमंत्री बन सकता है। वोट में सारे पुराने रिकॉर्ड टूटने चाहिए।

## तेलंगाना रैली में राहुल ने कहा

# पीएम मोदी आरक्षण छीनना चाहते हैं...



**हैदराबाद।** भाजपा पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और लोगों से आरक्षण छीनना चाहते हैं। आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि चल रहे आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच हो रहे हैं जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है। भाजपा-आरएसएस गठबंधन इसे और लोगों के अधिकारों को खत्म करना चाहता है। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है। अगर पार्टी केंद्र में सरकार बनाती है, तो वह 50 प्रतिशत की सीमा को तोड़ देगी और कोटा 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी।

# कांग्रेस ने नड्डा और मालवीय के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली।** देशभर में चुनावी माहौल बना हुआ है। सभी राजनीतक दलों ने जीतने के लिए कमर कस ली है। अब कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दी है। उसने आरोप लगाया है कि भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो पोस्ट कर कथित तौर पर अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्यों को एक खास उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लिए धमकाया जा रहा है।






### 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ रहे पीएम मोदी

**धर्मावरम (आंध्र प्रदेश)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए की एक रैली को आंध्र प्रदेश में संबोधित किया। अपने संबोधन में अमित शाह ने विश्वास जताया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे। गृह मंत्री शाह ने यह भी कहा कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीटों की संख्या 100 से अधिक हो जाएगी। रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर आंध्र प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### राहुल देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं

शाह ने कहा कि राहुल गांधी सहित कोई भी भारतीय ब्लॉक नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है। जबकि दूसरी ओर, पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन बनाया है।

## राहुल के अमेठी छोड़ने पर ईरानी का वार

# गांधी फैमिली बदल लेती है परिवार...

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल अमेठी सीट से भजपा की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर एक बार फिर निशाना साधा है। स्मृति ने अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी के इस बार रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने पर तंज कसते हुए कहा कि 'कुछ लोग रंग बदलते हैं, लेकिन गांधी फैमिली परिवार बदल लेती है। इनका इशारा राहुल के उस हालिया बयान पर था, जहां उन्होंने रायबरेली के लोगों को अपना परिवार बताया था ईरानी ने कहा कि हमने अमेठी में पांच साल जो काम किया, वह कांग्रेस के 50 साल में नहीं हुए। राहुल वे काम नहीं कर पाए और यहां से पल्ला झाड़ लिया। इसके साथ ही उन्होंने अमेठी से इस बार फिर जीत का दावा करते हुए कहा कि यहां से गांधी परिवार को जीत की गुंजाइश होती तो कोई न कोई जरूर लड़ता।



## कश्मीर को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का बड़ा दावा

# पीओके के लोग खुद भारत में शामिल होंगे, हमें कुछ करने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर हमेशा ही तनातनी बनी रहती है। अब केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत को पीओके पर बलपूर्वक कब्जा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि कश्मीर के विकास को देखने के बाद वहां के लोग खुद ही इसका हिस्सा बनना चाहेंगे। संपूर्ण राजनीतिक परिदृश्य पर बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने और धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया।



### कांग्रेस केवल हिंदू-मुस्लिम करके सवाल खड़े कर रही

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनावी फायदे के लिए हिंदू-मुस्लिम विभाजन का प्रयास कर रहीं ह। कांग्रेस धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ना चाहती है। वे मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में देखते हैं। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं की जानी चाहिए. राजनीति का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण होना चाहिए।

### नड्डा ने इंडी गठबंधन और घोटालों पर कांग्रेस पर बोला हमला

सूरजपुर। पूर्व सरगुजा लोकसभा के सूरजपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा में मोदी के नेतृत्व में विकास कार्यों का बखान किया, वहीं परिवारवाद को लेकर इंडी गठबंधन तथा घोटालों को लेकर कांग्रेस पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इस बार भी पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग कहते थे कि भाजपा के आने के बाद भी कुछ नहीं बदलेगा, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 साल में भारत में बहुत कुछ बदल गया। 'सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया। यह चुनाव पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।



## उत्तर पूर्व दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी से जनता टीवी के समाचार संपादक वरुण गोयल से बातचीत के प्रमुख अंश

# अब ये कांग्रेस, कांग्रेस नहीं रही...अब ये कम्युनिस्ट हो गई है

**सवाल-** जब ये नारा चलता है कि 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार, तो तीसरी बारी मनोज तिवारी', इस संकल्प में कितनी सिद्धि दिखाई दे रही है?

**जवाब-** सब कुछ सफल होने जा रहा है। भारत के मालिकों की फौज, जिन्हें हम जनता कहते हैं, और नरेंद्र मोदी जिनके प्रधान सेवक हैं, तो पीएम मोदी के प्रति अटूट विश्वास है और हर कोई उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान के दिन की तैयारी कर रहा है। और ये सफल होगा।

**सवाल-** जब हम क्षेत्र की बात करते हैं तो, आप दिल्ली में अकेले हैं जिन पर पार्टी ने तीसरी बार भरोसा जताया है। जिम्मेदारी बढ़ गई है क्या?

**जवाब-** अगर ऐसा फैसला होता है तो जिम्मेदारी बढ़ती ही है। पार्टी को हम धन्यवाद देते हैं, पीएम को धन्यवाद देते हुए आगे बढ़ते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली सीट जीतें और दिल्ली की सातों सीट भी जीतें। और लगभग 100 सीटों पर प्रचार करने का मुझे दायित्व मिला है। ये सारे जीतने में अपना योगदान निभाएंगे।

**सवाल-** आप सिर्फ दिल्ली में सीमित नहीं हैं, आप देशभर में प्रचार कर रहे हैं। आप क्या माहौल समझ पा रहे हैं?

**जवाब-**कुछ लोग कोशिश करते हैं कि चुनाव तक उनका टेंपरेचर बना रहे, तो वो छोटे-छोटे कारण ढूंढते हैं, अपनी खुशी के लिए, जो 4 जून को फुर्र हो जाएगी। जो घमंडिया गठबंधन है। उनको 4 जून तक तो खुश रहने दीजिए। वोटिंग टर्नआउट को देखकर उत्साहित हैं वोटिंग टर्नआउट बहुत अच्छा है। जिनको वो वोट बैंक समझते थे, वो कितना वोट कर रहे हैं। तो चिंता उनको होनी चाहिए, मैं समझता हूं कि इस देश के लोग पीएम मोदी जी में विश्वास कर चुके हैं।

**सवाल-**विपक्ष कहता है कि वो तय कर लेंगे उम्मीदवार?

**जवाब-**तय कर लेंगे? तय कैसे करेंगे, बांटेंगे पहले। इतना हिस्सा तुम्हारा, इतना हिस्सा हमारा। इसमें देश, गरीब, शोषितों का क्या बचेगा? पहले फुसलाएंगे, फिर खाएंगे, बांट के जी भर के... अगर इनको मौका मिला, दस-पंद्रह-बीस साल बाद, तो यही करेंगे।

**सवाल-**तो अभी आप कह रहे हैं कि कोई संभावना नहीं है?

**जवाब-**संभावना तो दी थी देश ने, जब दस साल दिए थे यूपीए को, तो उन 10 सालों में सबसे ज्यादा क्या चर्चा होती थी? कोयला घोटाला, 2जी घोटाला, सेना के हथियारों का घोटाला, जहां खोदा है वहीं घोटाला। हरिभूमि में भी हर चौथे दिन छप जाता था, जो 2004 से 2014 के बीच हुआ है। लेकिन आज दस साल बाद क्या चर्चा कर रही है। पीएम मोदी को गाली दो। पीएम का एक भ्रष्टाचार तो मिला नहीं, और ये सुनना नहीं चाहते कि देश के 13 करोड़ घरों में इज्जत घर बन गए। देश के 12 करोड़ घरों में माता-बहनें धुएं से मुक्ति पा चुकी हैं। 48 करोड़ लोग बैंकों से जुड़ गए हैं। अब उनको पांच सौ रूपए भी सरकार से मिलते हैं, तो बिचौलिया एक पैसा भी नहीं ले सकता। कोई बहन-बेटी गर्भवती हुई तो पचपन सौ रुपए उसके खाते में आ गए। किसानों के खाते में पैसा आ रहा है। इस देश के पचपन करोड़ लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

**सवाल-**वो कहते हैं कि हमारे लिए मुद्दा इलेक्टोरल बॉन्ड है, अग्निवीर योजना है। वैक्सीन तक का मुद्दा बना रखा है। इसका असर पड़ेगा?

**जवाब-**मुद्दा उठाना चाहिए, लेकिन उठ ही नहीं रहा है उनसे। इलेक्टोरल बॉन्ड को मोदी जी लाए। और वो इसीलिए लाया गया है कि कहीं कोई गलत ढंग से किसी को फेवर कर रहा है तो उसकी जांच होनी चाहिए। पीएम का सबसे बड़ा मंत्र है कि दोषी बचना नहीं चाहिए, और निर्दोष फंसना नहीं चाहिए।

**सवाल-**ये कहा जा रहा है कि पहले ईडी की रेड होती है। रेड के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा मिल जाता है। चंदा मिलने के बाद मामला ठंडा पड़ जाता है। दिल्ली के मामले में आप या जिन भी उम्मीदवारों से बात की है, उन सभी ने शरत रेड्डी का नाम लिया है। आपका क्या कहना है?

**जवाब-**मुझे इतनी जानकारी नहीं है, लेकिन मैं साधारण सी चीज चाहता हूं। अगर आपको किसी विषय में लगता है कि गड़बड़ी है। तो इस देश में कोर्ट का रास्ता है कि नहीं। क्यों नहीं जाते हैं ये लोग कोर्ट। केवल इंटरव्यू में बोलेंगे, कोर्ट नहीं जाएंगे ये लोग। अगर हमको भी किसी ने चंदा दिया हो, और वो आदमी गलत है तो जांच उसकी भी हो रही है। आप तो जांच के ही विरोधी हो जाते हैं। मनोज तिवारी तो चाह करके अरविंद केजरीवाल को जेल नहीं दे सकता। हम ये कह सकते हैं कि आप ये कहते थे कि- हम बच्चों की कसम खाकर कहते हैं कि किसी पार्टी से हाथ नहीं मिलाएंगे। वे दूसरे के ही चरणों में गिरे पड़े हैं।

**सवाल-**वो आपको वॉशिंग मशीन बोलते हैं कि आपके यहां जो आता है वो धुल जाता है?

**जवाब-**वो ये बताएं कि कांग्रेस के पास ऐसी कौन सी वॉशिंग मशीन है, जिसमें भ्रष्टाचारियों को धोने की कोशिश हो रही है। कहने के लिए तो कुछ भी कह सकते हैं, मगर सच्चाई ये है कि भाजपा के अंदर भी कोई भ्रष्टाचार करेगा ना तो उसको पांच मिनट नहीं लगेगा उसको सजा मिलने में। हम क्या सजा देंगे, पद और पार्टी से ही हटा देंगे। जेल या बेल कोर्ट तय करेगी। ये बार-बार बोलेंगे कि भाजपा ने जेल कर दी। अरे भाई! भाजपा जेल नहीं करती है। वे लोगों को बेवकूफ बनाने में लगे हुए हैं।

**सवाल-**तीसरी बार आप चुनाव लड़ रहे हैं। एक बार आपके सामने जय प्रकाश अग्रवाल थे, जो 10वां चुनाव लड़ने जा रहे हैं। आपके सामने शीला दीक्षित रहीं, जो 3 बार की मुख्यमंत्री थीं। इस बार आपके सामने कन्हैया कुमार हैं। कौन-सा चुनाव आपको लगता है कि मुकाबले का था?



**जवाब-**चर्चित है, दिलचस्प नहीं। पहले वाले दिलचस्प थे। देखिए, शीला दीक्षित जैसी शख्सियत मेरे खिलाफ चुनाव लड़ी। मैं सोचता हूं तो थोड़ी देर में मेरी आंखों से आंसू निकलने लगेंगे। मैं उनको हरा करके दुखी हुआ था। और मैंने जाकर कहा था, जब उन्होंने पूछा था कि- 'कितने वोटों से हराया मनोज?' हमने कहा शीला दीक्षित को कोई नहीं हरा सकता, ये कांग्रेस की हार है। ये राहुल गांधी की हार है, सोनिया जी की हार है। जय प्रकाश अग्रवाल थे, आज भी कहीं मिल जाएं, तो दोनों गाड़ी रोकेंगे और नमस्ते करेंगे। ये हैं संस्कार हम लोगों के। जिस समय टिकट मिला, उसके साथ खड़ा होकर पीएम मोदी की माताजी को गाली दे रहा है। केस भी हुआ, गिरफ्तार भी हुआ। और ये हंस रहे थे। इनके विचार सुनिएगा 'कितने आतंकी, मारोगे हर घर से आतंकी निकलेगा'। अफज़ल का मतलब आतंकवादी। सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा दी है। और उसी को आपने टिकट दे दिया है। सुनीता केजरीवाल उसके साथ फोटो खिंचवा रही हैं। वर्तमान में राहुल गांधी की जो कांग्रेस है, वो तो कन्हैया कुमार- टुकड़े-टुकड़े गैंग की कांग्रेस हो गई है। अब ये कांग्रेस कम्युनिस्ट हो गई है, अब ये कांग्रेस, कांग्रेस नहीं रही।

**सवाल-**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के बाद चर्चित चेहरा रहा है, तो कन्हैया कुमार रहे हैं।

**जवाब-**देखिए प्रख्यात भी होते हैं लोग और कुख्यात भी होते हैं। लेकिन कन्हैया कुमार जैसे लोगों को, जो जहां के हैं उस घर (बेगुसराय) ने ही उनको सपोर्ट नहीं किया। इसका इशारा समझना होगा, लेकिन ये इशारा राहुल गांधी को कैसे समझ में आएगा। उनके दिमाग में वायनाड की चिप है।

**सवाल-**वायनाड में तो हो गया है न इलेक्शन?

**जवाब-**तो हारने वाले हैं न। इसका मतलब क्या हुआ कि अब ये गए। यहां से भी गए और वहां से भी गए। रायबरेली में तो कोई चांस ही नहीं रहा।

**सवाल-** क्या कांग्रेस ने इस सीट पर जो दांव चला है क्या पूर्वांचली बनाम पूर्वांचली का मुकाबला खड़ा कर पाए हैं वो?

**जवाब-**क्यों पूर्वांचलियों की बेइज्जती करते हैं? पूर्वांचली टुकड़े-टुकड़े गैंग का नहीं होता है। पूर्वांचली भारत माता की जय वाला होता है।

**सवाल-**कन्हैया कुमार की राजनीति दिल्ली में ही चमकी थी ना। चर्चित भी यहीं हुए थे वो।

**जवाब-**चर्चित नहीं हुए थे, वो नफरत का बीज बोते हुए पाए गए थे। ऐसे तो ताहिर हुसैन भी चर्चित थे।

**सवाल-**आप कह रहे हैं कि कांग्रेस की ओर से ये टिकट सेलेक्शन इसीलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस पर उसकी कम्युनिस्ट विचारधारा हावी हो गई है?

**जवाब-**100 फीसदी। ये मुख्य कारण है कि अब कांग्रेस, कांग्रेस नहीं है, अब कांग्रेस कम्युनिस्ट हो चुकी है। क्योंकि राहुल गांधी को कम्युनिस्ट विचारधारा के लोग चला रहे हैं। वर्तमान में जो कांग्रेस है, वो तो बस अपने भ्रष्टचार को बचाना चाहती है। वो अपने कन्हैया कुमार को बचाना चाहती है। और भारत तेरे टुकड़े होंगे, ये कहना और आतंकवादियों का समर्थन देना, कांग्रेस कोई नई बात तो कर नहीं रही है। इसी देश में भगवा आतंकवाद कहा गया, राहुल गांधी की पार्टी से।

**सवाल-**आपने कम्युनिस्ट विचारधारा के बारे में बताया। समाजवादी विचारधारा के बारे में कुछ बता पाएंगे आप?

**जवाब-**देखिए, समाजवादी विचारधारा बहुत अच्छी होती है। लोहिया जिसके जनक हैं। भाजपा और मोदी भी लोहिया की तारीफ करते हैं। लेकिन लोहिया के जो शिष्य लोग हैं। वो समाजवादी थोड़ी रहे, वो तो परिवारवादी हो गए। अगर समाजवाद कहीं जिंदा है तो भाजपा में जिंदा है। भाजपा में समाजवाद है। सपा में समाजवाद नहीं है। वहां वंशवाद है, परिवारवाद है।

**सवाल-**इसीलिए आपका मोहभंग हो गया था?

**जवाब-**हमारा इतना लंबा संपर्क थोड़ी था। हमारा तो बस चुनाव का संपर्क था, तीन महीने का। वो भी अनमने ढंग से।

**सवाल-**आपका जो क्षेत्र है वो दिल्ली की सबसे घनी आबादी वाला लोकसभा क्षेत्र है। केंद्र सरकार की जिन उपलब्धियों का जिक्र कर रहे हैं, साथ ही बतौर सांसद आपकी जो यहां पर उपलब्धियां रहीं, जिनको लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं?

**जवाब-**हमारे क्षेत्र में हमारे सांसद बनने से पहले मेट्रो नहीं आती थी। हम पहले फेज-3 की मेट्रो लेकर आए, शिव विहार तक, और अब मौजपुर से निकाल के पूरा यमुनाविहार, भजनपुरा, खजूरी, सोनिया विहार, बुराड़ी होते हुए, पूरी दिल्ली के मुख्य एयरपोर्ट से मिला दे रहे हैं। जब हम 2014 में राष्ट्रपति शासन था, तब सांसद बने तो सिग्नेचर ब्रिज बनवाया।

**सवाल-**इस पर झगड़ा तो तभी हुआ था?

**जवाब-**झगड़ा तो उद्घाटन के लिए था, बनाने के लिए नहीं हुआ था। अरविंद केजरीवाल को था कि वो दूसरे के पुल का उद्घाटन करेंगे। तब भी हमने क्या कहा। हमने कहा कि भई मुख्यमंत्री हो करो।

**सवाल-**आपको बुलाया भी नहीं?

**जवाब-**नहीं, पहली बार तो प्रोटोकॉल ब्रीच हुआ। उसके कारण तो हमने भी उन्हें कहीं बुलाना छोड़ दिया।

**सवाल-**इसीलिए इतनी अदावत है आप में?

**जवाब-**नहीं, हमारी कोई अदावत क्या, दावत भी नहीं है। देखिए, हम व्यक्तिगत कभी अदावत नहीं रखते। हमें तो क्षेत्र में शास्त्री पार्क का चौराहा बनाना था। हमने कहां बनेगा? मंत्री थे सत्येंद्र जैन बोले- मनोज तिवारी की औकात हो तो बनाकर दिखाएं। वे बोलते हैं कि बनने ही नहीं देंगे। तो मैं आमरण अनशन पर बैठ गया। हम पुल बनाकर उद्घाटन कर रहे थे और वो जेल में सत्येंद्र जैन बैठे हुए थे। तो जैसी करनी वैसी भरनी।

**सवाल-**आपको पता है लोगों ने वोट नहीं दिया?

**जवाब-**नहीं, उन्होंने हमको वोट नहीं दिया न। वहां पर विधायक आप के हैं। लेकिन अभी तो हम अपने काम बताए नहीं हैं। स्टेशन हम बनवाए, आज हमने उस सड़क से एलिवेटिड रोड निकाल दिया। और ठीक उसी यमुना पर उसी जगह मेट्रो का ब्रिज हम 18 महीने में पूरा करने जा रहे हैं। ये होता है सरकार-सरकार का अंतर। सिग्नेचर ब्रिज के दाईं तरफ मेट्रो का ब्रिज बन रहा है। दूसरी ओर सिग्नेचर ब्रिज है, 465 करोड़ दिए, कांग्रेस की सरकार ने रोके रखा, फिर मनोज तिवारी आया तो राष्ट्रपति शासन में बनाया। कितना अंतर है विजन का।

**सवाल-**जब आपने कहा 26 साल का वनवास, आप प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। वजह क्या है, दिल्ली भाजपा का इतना लंबा वनवास क्यों है?

**जवाब-**अभी भी हम जाते हैं वोट मांगने तो लोग कहते हैं, मनोज देखो ये नाला ठीक नहीं हो रहा है। लोगों ने समझा नहीं कि दिल्ली में काम बंटा हुआ है। मतलब देश वाली चाबी और दिल्ली वाली चाबी।

**सवाल-**ये आरोप तो आप पर लगता है कि धर्म की राजनीति आप करते हैं, मुद्दे नहीं है आपके पास?

**जवाब-**प्रत्यक्षम किम प्रमाणं। मैं मुस्लिम भाइयों की बात करता हूं। 26 सालों से आपने या तो कांग्रेस को जिताया, या आप को। जो सुविधाएं मिल रही हैं उससे पांच गुना ज्यादा सुविधाएं हम इन्हें दिल्ली में दे सकते हैं।

**सवाल-**ये तो आपने कहा था चुनाव में लेकिन जनता ने सुना नहीं?

**जवाब-**अब नहीं सुना तो हम क्या कर सकते हैं? मुझे लगता है कि जनता अब ये महसूस कर रही है।

**सवाल-**2025 के चुनाव में आपको लगता है कि कुछ बदलेगा?

**जवाब-**सौ फीसदी बदलेगा। आज दिल्ली की महिलाएं सड़कों पर रोती-चिल्लाती रहीं कि शराब की दुकानें नहीं खोलें। और देखिए शराब घोटाले में मुख्यमंत्री जेल में!'कर्म किए जा फल की चिंता मत कर ओ इंसान...जैसा कर्म करेगा वैसा फल देगा भगवान...ये है गीता का ज्ञान..ये है गीता का ज्ञान'ऐसे में क्यों आरोप लगा रहे हैं केजरीवाल?

**सवाल-**वो कहते हैं कि जेल का जवाब वोट से देंगे, और कहा जा रहा है कि केजरीवाल को जेल में डाला है तो जनता सहानुभूति वोट देगी।

**जवाब-**सहानुभूति किस बात की होगी? अगर बुजुर्गों की पेंशन बंद किए उससे सहानुभूति होगी?

**सवाल-**फ्री बिजली, महिलाओं के लिए बस में फ्री यात्रा, आने वाले समय में महिलाओं को हजार रुपए फ्री। इसकी काट है आपके पास?

**जवाब-**हम तो पहले से ही राज्यों में हजार रुपए दे रहे हैं। ये तो 10 साल से दिया क्यों नहीं अरविंद केजरीवाल ने। छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश में लाडली योजना आपने सुनी ही होगी। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सालाना 12 हजार मिल रहे हैं। और बात बिजली की, तो पीएम मोदी ने तो प्रधानमंत्री सूर्य ऊर्जा शुरू कर दी है। आप 200 यूनिट बोल रहे हैं, हमने कहा आप 100 यूनिट लगाओ, आपको जीरो बिल आएगा। ये लोग तो बेवकूफ बना रहे हैं। यहां दिल्ली में जो दुकान का 8 रुपए यूनिट रेट था, अब वो 24 रुपए रेट हो गया है।

**सवाल-**आप तो फ्री-बिज के विरोधी हैं?

**जवाब-**हम फ्री-बिज के विरोधी नहीं हैं। हम फ्री-बिज के चक्कर में जल बोर्ड घाटे में चला जाए, इसके विरोधी हैं। अगर आप यहां फ्री दे रहे हैं, तो इसको यहां कैसे मैनेज करेंगे। हमने देश के 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया। हम अगले पांच साल तक राशन फ्री में दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एनएसई के शुद्ध लाभ में 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 2,488 करोड़ रुपये रहा। एनएसई ने बयान में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय मार्च तिमाही में 34 प्रतिशत बढ़कर 4,625 करोड़ रुपये रही।

### टाइटन का शुद्ध लाभ 5% बढ़कर 771 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 771 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 736 करोड़ रुपये रहा था।

### एडीबी में पांच अरब डॉलर डाले जाएंगे

**त्बिलीसी (जॉर्जिया)।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे कमजोर वर्गों की मदद के लिए एशियाई विकास कोष में पांच अरब अमेरिकी डॉलर डाले जाएंगे। एशियाई विकास बैंक की 57वीं वार्षिक बैठक के दौरान दानदाताओं और मनीला स्थित बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी ने एडीएफ और 'तकनीकी सहायता विशेष कोष' में यह राशि डालने पर सहमति जताई।

### गो फैशन की 150 नए स्टोर खोलने की योजना

**चेन्नई।** गो फैशन (इंडिया) लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 120-150 नए स्टोर खोलने की योजना बनाई है। कंपनी के सीईओ गौतम सरावगी ने यह जानकारी दी। गो फैशन के पास महिलाओं के लोकप्रिय ब्रांड 'गो कलर्स' का स्वामित्व है। कंपनी ने पिछले वर्ष में कुल 94 स्टोर जोड़े, जिससे हमारे कुल स्टोर की संख्या संख्या 714 हो गई है। गो फैशन विभिन्न शहरों में उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही है।

# रोज खुल रही देश में 500 से ज्यादा कंपनियां, बन रही अर्थव्यवस्था का हिस्सा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत सरकार भी देश में इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की हरसंभव कोशिश कर रही है ताकि लोग रोजगार मांगने के बजाय नौकरियां पैदा करने वाले बनें। इन कोशिशों का नतीजा लगभग हर मोर्चे पर दिखाई दे रहा है।

- इनमें से 64 प्रतिशत अर्थात 16 लाख से अधिक कंपनियां सक्रिय है

देश की आर्थिक तरक्की का हिस्सा बनने के लिए भारतीयों में भी जबरदस्त उत्साह है। यही वजह है कि देश में कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। रोजाना देश में 500 से ज्यादा कंपनियां खुल रही हैं। वित्त वर्ष 2024 में अब तक देश में कुल 26 लाख से ज्यादा कंपनियां खुल चुकी हैं।

### वित्त वर्ष 2024 में अब तक 26 लाख से ज्यादा कंपनियां खुल चुकी

#### महाराष्ट्र में रजिस्टर हुईं सबसे ज्यादा कंपनियां

सबसे ज्यादा 17.6 फीसदी नई कंपनियां महाराष्ट्र में रजिस्टर हुई हैं। 31 मार्च, 2024 तक देश में 5,164 विदेशी कंपनियां भी रजिस्टर थीं। इनमें से 3,288 कंपनियां (64 फीसदी) एक्टिव थीं। मार्च, 2024 में भारत में 67 फीसदी डायरेक्टर्स पुरुष और 33 फीसदी महिलाएं थीं। नए डायरेक्टर्स में से 43 फीसदी 31 से 45 उम्र के बीच हैं।



#### 9 लाख से ज्यादा कंपनियां हुईं बंद

कॉरपोरेट मिनिस्ट्री के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के अंत तक देश में कम से कम 9,31,644 कंपनियां बंद हो गईं। इसके अलावा 2,470 निष्क्रिय थीं और 10,385 कंपनियां दिवालिया होने की प्रक्रिया में जा चुकी हैं। इसके साथ ही 27,022 कंपनियों को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाए जाने की प्रक्रिया चालू थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रजिस्टर हुईं 1,85,312 कंपनियों की कुल पूंजी 30,927.40 करोड़ रुपए थी। इनमें से 71 फीसदी सर्विस सेक्टर, 23 फीसदी इंडस्ट्रियल सेगमेंट और 6 फीसदी एग्रीकल्चर सेक्टर में शुरू हुई हैं।

#### देश में 26 लाख से ज्यादा कंपनियां

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 के अंत तक देश में 26,63,016 कंपनियां खुल चुकी थीं। इनमें से 16,91,495 कंपनियां (64 फीसदी) सक्रिय भी हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश में 1.85 लाख से अधिक कंपनियां रजिस्टर्ड हुईं। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में काफी ज्यादा है। इस साल मार्च में ही लगभग 16,600 कंपनियां रजिस्टर हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में 1,59,524 कंपनियां रजिस्टर हुई थीं। इनकी पेड अप कैपिटल 18,132.16 करोड़ रुपए थी।

## आईएमएफ में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक भल्ला ने किया दावा

# युवाओं के नई नौकरी तलाशने की वजह से बेरोजगारी अधिक बढ़ी : अर्थशास्त्री


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक सुरजीत भल्ला ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत आधार पर रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले सात-आठ साल में यह आंकड़ा करीब एक करोड़ तक पहुंच गया है।

भल्ला ने कहा कि 2004-13 (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल) के दौरान सबसे कम नौकरियां पैदा हुईं और तभी 'रोजगार रहित वृद्धि' शब्द आया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत रोजगार सृजन ऊंचे स्तर पर रहा है।

#### वाजपेयी व मोदी के कार्यकाल में अधिक नौकरियां

भल्ला ने एक वीडियो साक्षात्कार में कहा, 'भारतीय इतिहास में पहले कभी औसत आधार पर इतनी अधिक नौकरियां पैदा नहीं हुईं। पिछले 7-8 वर्षों में लगभग एक करोड़ नौकरियां पैदा हुईं।' प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के पूर्व सदस्य भल्ला ने जोर देकर कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और मोदी के कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक नौकरियां पैदा हुईं।





#### भाजपा को मिल सकती है 330 से 350 सीटें

भल्ला ने अनुमान जताया कि सत्ताधारी भाजपा इन लोकसभा चुनावों में अकेले 330 से 350 सीटें प्राप्त कर सकती है। देश के सात चरण के लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 19 अप्रैल से शुरू हुआ है। मतगणना चार जून को होगी।

- मोदी सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन
- पिछले सात-आठ साल में यह आंकड़ा करीब एक करोड़ तक पहुंचा
- 2022 में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी

#### एफडीआई में गिरावट का कारण सरकार की नई नीति

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 2014 में सत्ता में आई और 2019 के आम चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ इसने फिर वापसी की। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की गति धीमी होने पर भल्ला ने कहा कि भारत में एफडीआई में गिरावट का एक महत्वपूर्ण कारण सरकार की नई नीति को माना जा सकता है, जिसमें कहा गया है कि यदि निवेश से संबंधित कोई विवाद है, तो उसे भारत में ही सुलझाना होगा।

#### विदेशी निवेशक प्रत्यक्ष निवेश नहीं बढ़ा रहे

भल्ला ने कहा, 'अब, अगर मैं एक विदेशी निवेशक हूं, तो मुझे यह जोखिम क्यों लेना चाहिए? और मुझे नहीं लगता कि दुनिया में कहीं और ऐसा है।' उनके मुताबिक, विदेशी निवेशक अपना प्रत्यक्ष निवेश नहीं बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपना पोर्टफोलियो निवेश बढ़ा रहे हैं।

#### शुद्ध एफडीआई प्रवाह में आई कमी

भल्ला ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि नई सरकार जो भी होगी वह इस नीति पर दोबारा विचार करेगी। हालांकि, मुझे विश्वास है कि नई सरकार भाजपा की होगी।' पिछले साल, अप्रैल-जनवरी, 2023-24 में कुल एफडीआई प्रवाह एक साल पहले के 61.7 अरब डॉलर से थोड़ा कम घटकर 59.9 अरब डॉलर रहा है। वहीं शुद्ध एफडीआई प्रवाह 25 अरब डॉलर से घटकर 14.2 अरब डॉलर पर आ गया है।

# दो साल में आवास ऋण बकाया 10 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- आरबीआई ने मार्च 2024 के लिए जारी किए आंकड़े
- दबी मांग सामने आने की वजह से आवास ऋण बकाय में वृद्धि

आवास क्षेत्र के लिए बकाया ऋण पिछले दो वित्त वर्षों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आरबीआई के 'बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण' आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

बैंकिंग और रियल एस्टेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवासीय संपत्ति बाजार में दबी मांग सामने आने के चलते आवास ऋण बकाया में वृद्धि हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च, 2024 के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण पर आंकड़ों के अनुसार आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) के लिए बकाया ऋण मार्च, 2024 में 27,22,720 करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च, 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये था। आंकड़ों से यह भी पता चला कि वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए बकाया ऋण मार्च 2024 में 4,48,145 करोड़ रुपये था। यह मार्च, 2022 में 2,97,231 करोड़ रुपये था। विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वित्त वर्षों में घरों की बिक्री और कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण में उच्च वृद्धि आवासीय क्षेत्र के सभी खंडों में तेजी के चलते है। सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार के कारण यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह सकती है।

#### आवास ऋण खंड में वृद्धि बनी रहेगी

जसूजा ने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 से पहली श्रेणी के शहरों में 50-100 प्रतिशत के बीच मूल्य वृद्धि देखी गई है। इसके चलते प्रति संपत्ति औसत ऋण आकार में वृद्धि हुई। जसूजा को उम्मीद है कि आवास ऋण खंड में तेजी बनी रहेगी, क्योंकि आवासीय रियल एस्टेट की मांग मजबूत बनी हुई है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारत ने कीटनाशक अवशेषों के लिए कड़े मानदंड अपनाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- खादय नियामक ने मसालों में कीटनाशक अवशेषों की रिपोर्ट की खारिज

सरकार ने रविवार को कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों के लिए सबसे कड़े मानदंड हैं। इसके साथ ही खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मसालों और जड़ी-बूटियों में उच्चस्तर के कीटनाशक अवशेषों की अनुमति है। इससे पहले हांगकांग के खाद्य नियामक ने दो प्रमुख भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड की कथित उपस्थिति के कारण प्रतिबंध लगा दिया था। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) घरेलू बाजारों में बेचे जाने वाले एमडीएच और एवरेस्ट सहित ब्रांडेड मसालों के नमूने ले रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे इसके गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन करते हैं। प्राधिकरण निर्यात किए जाने वाले मसालों की गुणवत्ता निर्धारित नहीं करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जोखिम मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों की अधिकतम मात्रा अलग-अलग होती है।



# वारेन बफेट को भारत में दिख रहे हैं निवेश के बड़े अवसर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वारेन बफेट की गिनती दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में की जाती है। दुनियाभर के निवेशक उम्मीद से उनकी ओर देखते रहते हैं। उन्होंने कई निवेश को मल्टीबैगर बनाकर दिखाया है। हर साल वह बर्कशायर हेथवे की सालाना मीटिंग को संबोधित करते हैं। वित्तीय जगत को इस इवेंट का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दौरान वारेन बफेट कंपनी के फ्यूचर प्लान, इनवेस्टमेंट, कॉरपोरेट गवर्नेंस और इकोनॉमी जैसे कई मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। इस साल उन्होंने भारत में निवेश के संकेत दिए हैं। वारेन बफेट ने कहा कि भारत में जबरदस्त अवसर हैं। हालांकि, उन्होंने भारत में निवेश का फैसला कंपनी के अगले मैनेजमेंट पर छोड़ दिया है।

**PAPER PUBLICATION**

Pro. No. 6919 Dt. 16-04-24 (U/o 5 Rule 20 CPC)

**SUMMONS TO DEFENDANT**

**IN THE COURT OF 4th Jt. CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 506**

**R.C.S. No. 730/2023 Fixed For 08/07/2024**

Plaintiff : Saroj Ramcharitra Singh

-Versus-

Defendants : Priyadarshani Gopal Singh @ Priyadarshani Ranvijay Pratap Singh.

To,

Priyadarshani Gopal Singh @ Priyadarshani Ranvijay Pratap Singh, Address- Plot No. 11, Extension 54, Uttam Nagar, Mohan Gardan, Dwarka, Delhi.

Whereas plaintiff has instituted a suit against you **Suit For Defermation, Declartion, Damages, Permanent & Mandatory Injunction** to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed and able to answer all material questions relating to the suit, or who shall be accompanied by some person, able to answer all such questions, on the **Dt. 08/07/2024, at 11-00 O'clock** in the forenoon, to answer the claim and further you are hereby directed to file on that day (or within 30 days from the date of service of this summons) a written statement of your defence and to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter- claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off or counter-claim, you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement. Take notice that in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court this day of **16th day of April, 2024.**

Seal

By order of the Court
Asstt. Supdt.
Court of Civil Judge Sr.Dn., Nagpur

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### सरकार रैंकिंग बढ़ाने के लिए कर रही है वैश्विक कारोबार पर काम


**नई दिल्ली।** विश्व बैंक अपनी पहली बिजनेस रेडी रिपोर्ट इसी साल सितंबर में जारी करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने भारत की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कारोबार विषय पर काम शुरू कर दिया है। बिजनेस रेडी विश्व बैंक की नई प्रमुख रिपोर्ट है जो दुनियाभर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में कारोबारी माहौल और निवेश माहौल का मापन करती है।रिपोर्ट कंपनियों पर निर्देशित नियामकीय ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को मापने का काम करती है। पहली बी-रेडी रिपोर्ट 25 सितंबर, 2024 को जारी की जाएगी। बिजनेस रेडी रिपोर्ट विश्व बैंक समूह के पूर्व के 'डूइंग बिजनेस इंडेक्स' की जगह लेगी। विश्व बैंक ने पिछली रिपोर्टों में आंकड़ों में बदलाव के संबंध में कई अनियमितताओं के बाद 2020 में अपनी 'डूइंग बिजनेस रिपोर्ट' के प्रकाशन को रोकने का फैसला किया था।

# वीआईटीईई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित हुए। बी.टेक में प्रवेश के लिए वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई) की परीक्षा 19 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक भारत के 125 शहरों और विदेश के छह शहरों (दुबई, कुवैत, मस्कट, कतर, कुआलालंपुर और सिंगापुर) में कंप्यूटर आधारित प्रॉक्टर्ड परीक्षा के रूप में आयोजित किया गया था। वीआईटीईईई-2024 में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदकों ने भाग लिया। परिणाम पोर्टल https:/ugresults.vit.ac.in/viteee पर उपलब्ध हैं, जिन्हें वीआईटी वेबसाइट www.vit.ac.in के माध्यम से भी देखा जा सकता है। प्रथम रैंक हरियाणा के रूपिंदर सिंह को, दूसरी रैंक राजस्थान के भानु महेश चेकुरी को, तीसरी रैंक आंध्र प्रदेश के ए.वेदान्थ को, चौथी रैंक असम की सुश्री आयुषी बैद को, पांचवीं रैंक उत्तरप्रदेश की सुश्री सानवी सिंह को प्राप्त हुई। महाराष्ट्र के अभिराज रमाकांत यादव को छठी रैंक, उत्तराखंड के चैतन्य रमेश बोचरे को सातवीं रैंक, उत्तर प्रदेश के विक्की कुमार सिंह को आठवाँ रैंक, हिमाचल प्रदेश के सोहन हाजरा को नौवाँ रैंक और दसवां रैंक बिहार के साहिल को मिला। बी.टेक में प्रवेश के लिए एक लाख रैंक के भीतर के आवेदक वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, वीआईटी-वेल्लोर, वीआईटी-चेन्नई, वीआईटी-एपी एवं वीआईटी-भोपाल के संस्थानों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र हैं। रैंक वार काउंसलिंग का कार्यक्रम इस प्रकार हैः रैंक 1-20,000 के लिए चरण 1, 7 से 10 मई, 2024 तक है; 18 से 21 मई, 2024 तक 20,001-45,000 रैंक के लिए चरण 2; चरण 3-29 मई से जून, 2024 तक रैंक 45,001-10,000 के लिए और चरण 4 रैंक 70,001-1,00,000 के लिए 9 से 12 जन, 2024 तक।



## शब्द पहेली - 5502




**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -5501 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

# रियल मैड्रिड ने जीता रिकॉर्ड 36वां ला लिगा खिताब

- 4 मैच शेष रहते बना चैंपियन
- 3-0 से केडिज को दी मात
- 34 मैच में मैड्रिड के 87 अंक




**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार रात को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लिगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

## खबर संक्षेप



### पुजारा के शतक से ससेक्स मजबूत

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नाबाद 104 रन की मदद से ससेक्स ने डर्बीशर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मैच में पहली पारी में 111 रन की बढ़त बना ली है। पुजारा ने अपनी नाबाद पारी में 167 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके मारे हैं। उन्होंने काउंटी सत्र के अपने तीसरे मैच में सत्र का पहला शतक जड़ा। शनिवार को डर्बी के काउंटी ग्राउंड में खेले गए मैच में डर्बीशर के पहली पारी के 246 रन के जवाब में ससेक्स ने पुजारा के शतक से पांच विकेट पर 357 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की।

### विवान शूट ऑफ में हारे ट्रैप निशानेबाज फेल



**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूट ऑफ में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूट ऑफ का हिस्सा थे।

### बुंदेसलिगा में स्टुटगार्ट से हारा बायर्न म्यूनिख



**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले से पहले बुंदेसलिगा फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में स्टुटगार्ट के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान बायर्न के राफेल गुरेइरो चोटिल भी हो गए। गुरेइरो संभवतः मांसपेशियों में चोट के कारण मुकाबले के बीच से बाहर हो गए और बुधवार को मैड्रिड के खिलाफ होने वाले निर्णायक मैच में भी उनका खेलना संदिग्ध है। बायर्न की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी पर हैरी केन ने 37वें मिनट में दागा जबकि स्टुटगार्ट की ओर से लियोनिडास स्टरगियो (29वें मिनट), जियोंग वू यिओंग (83वें मिनट) और सिलास (90 प्लस तीन मिनट) ने गोल किए। बोरूसिया डोर्टमंड ने ऑग्सबर्ग को 5-1 से रौंदकर मंगलवार को पेरिस सेंट जर्मन के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल की तैयारी की। कोलोन ने फ्राइबर्ग से गोल रहित ड्रॉ खेला जिससे उस पर रेलिगेशन (निचली लीग में खिसकना) का खतरा बढ़ गया है।

**आईपीएल**
**जडेजा 43 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर बने मैच के हीरो**

# चेन्नई की जीत से शीर्ष चार में वापसी
# पंजाब से बदला पूरा, 28 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

जडेजा ने 26 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की।जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।




### नंबर-3 बनी सीएसके

इस जीत के साथ चेन्नई की टीम अंक तालिका में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके लखनऊ और हैदराबाद के समान अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट में बाकी दोनों टीमों से आगे है। इस जीत ने सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। चेन्नई का अगला मैच 10 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ है। वहीं, पंजाब की टीम नौ मई को धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम से भिड़ेगी।

### मुंबई के खिलाफ जीत से मजबूत होगा हैदराबाद

*मुंबई। आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और*



*विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी। पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (16 अंक), कोलकाता नाइट राइडर्स (14 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (12 अंक) के साथ शीर्ष चार में शामिल है।*

### शशांक ने बनाए 27 रन

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। टीम के लिए राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 09 | 07 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4 | 1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2 | 0 |
| जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3 | 2 |
| सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1 | 0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2 | 1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 167/9
गेंदबाजी : रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सिंह का स्था. रिजवी बो जडेजा | 30 | 23 | 2 | 2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 07 | 06 | 1 | 0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 00 | 03 | 0 | 0 |
| शशांक का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4 | 0 |
| कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 07 | 11 | 0 | 0 |
| जितेश का धोनी बो सिमरजीत | 00 | 01 | 0 | 0 |
| आशुतोष का सिमरजीत बो जडेजा | 03 | 10 | 0 | 0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 17 | 13 | 2 | 0 |
| हर्षल का स्था. रिजवी बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1 | 1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2 | 0 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 139/9
गेंदबाजी : सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शार्दुल 2-0-12-1

**एलएसजी को 98 रन से हराकर केकेआर तालिका में शीर्ष पर**



# कोलकाता ने लखनऊ को सीजन में दूसरी बार हराया

### नरेन ने बनाए 81 रन, राणा-चक्रवर्ती को 3-3 विकेट

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण के अर्धशतक और शानदार गेंदबाजी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मेजबान लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) को 98 रन से हरा दिया। एलएसजी के लिए टॉस जीतकर गेंदबाजी करने की योजना कारगर नहीं रही और केकेआर इकाना स्टेडियम में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गयी। बल्ले से फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए वेस्टइंडीज के नारायण ने 38 गेंद में 81 रन बनाये जिसमें सात छक्के और छह चौके जड़े थे। इससे केकेआर छह विकेट पर 235 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी के बल्लेबाजों को शुरू से ही तेजी बरतनी पड़ी। लेकिन मेजबानों को बड़े शॉट लगाने में परेशानी हुई और टीम 16.1 ओवर में 137 रन पर सिमट गयी। पहले 10 ओवर में एलएसजी की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी जिसमें कप्तान केएल राहुल (25), अर्शिन कुलकर्णी (09), दीपक हुडा (05) और 'बिग हिटर' मार्कस स्टोइनिस (36) और निकोलस पूरन (10) शामिल थे। एशटन टर्नर ने कुछ तेज शॉट लगाये और अपनी बल्लेबाजी कौशल दिखाने के मूड में दिख रहे थे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका और यह आस्ट्रेलियाई वरूण चक्रवर्ती की गेंद पर उन्हें कैच दे बैठा। इस जीत से केकेआर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी। उसके राजस्थान रॉयल्स के समान 16 अंक हैं लेकिन उन्होंने एक मैच ज्यादा खेला है।

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल की घोषणा, भारत ग्रुप ए में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई




भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा घोषित नौवें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।' मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

### श्रीलंका लौटे सीएसके के तेज गेंदबाज पाथिराना

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्सके तेज गेंदबाज मथीशा पाथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बचे हुए इस चरण से बाहर हो गए और वह जल्द ही चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे। पाथिराना ने अभी तक आईपीएल के इस चरण में छह मैच खेलकर 13 विकेट झटके हैं। सीएसके ने रविवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'चेन्नई सुपर किंग्स पाथिराना के जल्द ठीक होने की कामना करती है।' पाथिराना सीएसके के लिए अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था जिसमें टीम 78 रन से जीती थी।



### स्वियाटेक ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब



**मैड्रिड।** इगा स्वियाटेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार देर रात को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियाटेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियाटेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियाटेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

# भारत और बांग्लादेश के बीच चौथा टी-20 आज

**सिलहट।** श्रृंखला में पहले ही विजयी बढ़त बना चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी कमियों का हल ढूंढने की कोशिश करेगी, विशेषकर बल्लेबाजी में। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली है लेकिन इस नतीजे से भारत की बल्लेबाजी की कमियां जाहिर नहीं होती।

इन तीन मैच में भारत की ओर से सिर्फ एक अर्धशतक लगा जब शेफाली ने तीसरे मैच में 51 रन की पारी खेली।

### शुभमन को बहुत कुछ सीखना है : मिलर



**बेंगलुरु।** शुभमन गिल को गुजरात टाइटंस की कप्तानी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस भूमिका के साथ तेजी से 'सामंजस्य' बैठा रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में पिछले साल की उपविजेता और 2022 की चैंपियन टाइटंस की टीम गिल की कप्तानी में अंक तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।

# चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप



**चेंगडू।** चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक में दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद चेन किंग चेन और जिया यि फान की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने सिटी फादिया सिल्वा रामाधंती और रिब्का सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर बढ़त 2-0 कर दी। युवा एस्टर नुरुमी ने इंडोनेशिया के लिए कड़ी चुनौती पेश की लेकिन चीन की ही बिंग जियाओ ने उबरते हुए 10-21, 21-15, 21-17 से जीत हासिल ली। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

# भारत की रिले टीम हीट पूरा करने में नाकाम

एजेंसी ▶▶| नासाउ



दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश के पैर में जकड़न के कारण बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट पूरी करने में विफल रही।


मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी। अनस पहले चरण की दौड़ पूरी कर चुके थे। भारत के पास सोमवार को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के दौरान एक और मौका होगा जहां रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो से बाहर रहने वाली अन्य सभी टीमें पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगी।






## नासा ने शेयर की सौरमंडल के ग्रहों की अद्भुत तस्वीरें

# शनि के साथ पेरिडिया को बताया 'छल्ले वाला ग्रह'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया पर सौरमंडल के ग्रहों की नई तस्वीरें पोस्ट की हैं। नासा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर पेरिडिया ग्रह की एक छवि के साथ शनि ग्रह की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसे नासा ने रिंग वाले ग्रह के समान बताया। नासा ने कहा कि हमारा सौर मंडल बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था। हालांकि, हमारे सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं हैं।

*पेरिडिया हमारे शनि की तरह भव्य दिख रहा*

*हमारे सौरमंडल में बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था*

*सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं*




### मंगल ग्रह पर टीले, पहाड़ और लाल रंग की जमीन

नासा ने पेरिडिया के बारे में आगे जानकारी दी और कहा कि यह एक्स्ट्रागैलेक्टिक ग्रह है जहां एज्रा ब्रिजर और ग्रैंड एडमिरल थ्रॉन को गायब कर दिया गया था, जिसे बाद में अहसोका तानो और सबाइन व्रेन ने पाया। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा, मंगल ग्रह में टीलों, पहाड़ों और मैदानों के साथ सूखी लाल रंग की जमीन दिख रही है।

### शनि ग्रह के इर्द-गिर्द भूरे रंग के छल्ले, जो काले स्थान से घिरे

नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पेरिडिया हमारे सौर मंडल के सबसे भव्य दिखने वाले ग्रह शनि की तरह दिख रहा है। शनि का रंग भूरा दिखाई दे रहा है। इसके इर्द-गिर्द छल्ले भूरे रंग के हैं और काले स्थान से घिरे हुए हैं।





## भारतीय वायुसेना के काफिले पर घात लगाकर किया था आतंकी हमला, मामले में हुआ बड़ा खुलासा

# लश्कर के 4 आतंकवादियों ने किया था वायुसेना के काफिले पर हमला, साजिद जट ने दी थी ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरकोट में शनिवार को एयरफोर्स के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में भारतीय वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले में एक जवान की मौत हो गई थी। 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। आईएएफ के काफिले पर हमला साजिद जट द्वारा प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 4 आतंकवादियों का काम था। पिछले हमलों के बाद एक मानक संचालन प्रक्रिया विकसित की गई थी। जैसे ही बलों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की आतंकवादी भाग गए। हमलावर आतंकवदियों की तलाश जारी है। वायुसेना के काफिले पर हमले की घटना शनिवार शाम करीब 6 बजे हुई, जब कॉनवॉय जारनवाली से वायुसेना स्टेशन लौट रहा था। भारतीय वायुसेना का मूवमेंट संभवतः राडार ऑपरेशन के लिए था। दो लोगों की हालत गंभीर है। इस क्षेत्र में लगभग 17 आतंकवादी साजिद जट्ट समूह से हैं।

**हमलावर आतंकवदियों की तलाश जारी**

**17** आतंकवादी साजिद जट्ट समूह क्षेत्र में से सक्रिय

**25** मई को पुंछ में छठे चरण में मतदान

### बलों ने की जोरदार जवाबी कार्रवाई


कॉर्पोरल विक्की पहाड़े



### इलाज के दौरान जवान ने तोड़ दिया दम

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान से 3 सप्ताह पहले आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें एक सैनिक (कॉर्पोरल विक्की पहाड़े) की मौत हो गई और 4 अन्य जवान घायल हो गए। पुंछ में 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है। अधिकारियों ने कहा कि शाम को पुंछ के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर जा रहे भारतीय वायुसेना के वाहनों पर 4 आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 5 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। 2 की हालत गंभीर थी। एक ने बाद में इलाज के दौरान एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### तलाशी अभियान, जंगल में छिपे होने का संदेह

पुंछ जिले में शाहसितार के पास स्थानीय सैन्य इकाइयों द्वारा फिलहाल घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सैन्य अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिन्होंने पिछले साल 21 दिसंबर को बुफ़लियाज में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें 4 सैनिक मारे गए थे और 3 घायल हो गए थे। भारतीय वायुसेना के काफिले में शामिल ट्रकों में से एक को हमले का सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ा, जिसमें कई गोलियां उसकी विंडस्क्रीन और साइड में लगी हैं। अधिकारियों ने संदेह है कि हमले को अंजाम देने के बाद आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए।

### आतंकवादियों खाना खिलाने वाले 6 हिरासत में, पूछताछ

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हुए हमले के संबंध में पूछताछ के लिए सुरक्षाबलों ने 6 स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया है। इन स्थानीय लोगों पर हमले में आतंकियों की मदद करने का संदेह है। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक की पहचान मोहम्मद रजाक के रूप में की गई है। जिसके बारे में माना जाता है कि उसने आतंकवादियों को भोजन और रसद सहायता दी थी। हमले में 5 जवान घायल हुए थे, जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई।

## 'टाइम्स स्क्वायर' पर भारतीय साड़ियों का प्रदर्शन



साड़ी को वैश्विक पहचान

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वायर पर साड़ियों में सजी सैकड़ों महिलाओं ने साड़ी की वैश्विक पहचान को प्रदर्शित करने के मकसद से एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की खूबसूरती, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। 'टाइम्स स्क्वायर' पर बीते शनिवार को आयोजित 'साड़ी गोज ग्लोबल' कार्यक्रम में भारतीय समुदाय सहित उन 9 देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जहां साड़ी लोकप्रिय परिधान है। इन देशों में भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुईं महिलाओं ने अपने संग्रह का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय ध्वज लहराए, एक साथ नृत्य किया और इसकी तस्वीरें विभिन्न सोशल मीडिया पर साझा कर साड़ी की खूबसूरती और उसकी सांस्कृतिक पहचान की बातें कीं।

## कोलंबिया विवि में बढ़ता जा छात्रों का रहा विरोध-प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में 130 से ज्यादा कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र गाजा के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। 2,000 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को



गिरफ्तार किया गया है। हैमिल्टन हॉल पर जमा छात्रों पर न्यूयॉर्क पुलिस ने कार्रवाई की। यह प्रदर्शन फिलहाल खत्म नहीं हुए हैं। कोलंबिया विवि के छात्रों ने गाजा पर इजराइल के हमलों के खिलाफ यह प्रदर्शन शुरू किए थे।

## एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से भरेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू करेगी। उड़ानों का संचालन हफ्ते में 4 दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा। इस उड़ान के लिए बोइंग 787 विमान का उपयोग किया जाएगा। इसमें 'इकोनोमी' और 'बिजनेस' श्रेणी होंगी।

## खालिस्तान के मुद्दे पर कनाडा पीएम ट्रूडो को लगाई फटकार

*देश अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर फैला रहा अतिवाद*

# ट्रूडो बोले- 3 गिरफ्तारी पर रुकने वाली नहीं जांच, विदेश मंत्री एस जयशंकर का पलटवार- पहले सबूत तो दिखाओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित रूप से शामिल 3 भारतीय नागरिकों की गिरफ्तार पर भी जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा में जो कुछ हो रहा है, वह ज्यादातर उनकी आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडा सरकार की आलोचना की। उन्होंने संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा सरकार वीजा दे रही है। उन्होंने कहा कि देश अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अतिवाद, अलगाववाद और हिंसा के पैरोकारों को वैधता दे रहा है।

उन्होंने कहा कि कनाडा इस समय भारत के लिए बड़ी समस्या है। खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित रूप से शामिल 3 भारतीय नागरिकों की गिरफ्तार पर भी जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। जस्टिन ट्रूडो के बयान पर पलटवार करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि कनाडा ने कोई सबूत नहीं दिया। वे न तो कोई सबूत देते हैं और न ही उनकी पुलिस एजेंसियां हमारे साथ सहयोग करती हैं।

### संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा दे रहा वीजा





### कुछ देशों में एक संगठित राजनीतिक लॉबी

जयशंकर ने कहा कि कुछ देशों में इस तरह के लोगों ने खुद को राजनीतिक रूप से संगठित किया है और एक राजनीतिक लॉबी बन गए हैं। इनमें से कुछ लोकतांत्रिक देशों में, वहां के राजनेताओं को यह विश्वास दिलाया जाता है कि अगर वे इन लोगों लोगों का सम्मान करते हैं या इन लोगों का समर्थन करते हैं तो इन उनके पास एक समुदाय को अपना समर्थन देने की क्षमता है।

**भारत के लिए बड़ी समस्या है कनाडाः जयशंकर**

उन्होंने कहा कि अभी हमारी सबसे बड़ी समस्या कनाडा है, क्योंकि कनाडा में आज जो सरकार है, वह उग्रवाद, अलगाववाद और हिंसा की वकालत करने वालों को आजादी के नाम पर एक निश्चित वैधता दे दी है।

### लगाए गंभीर आरोप

एस जयशंकर ने पंजाब में संगठित अपराधों से जुड़े क्रिमिनल को वीजा देने के लिए कनाडा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि पंजाब के संगठित अपराध से जुड़े कई लोगों का कनाडा में स्वागत किया गया है। हमने कनाडा से कहा है कि ये भारत के वांछित अपराधी हैं, आपने उन्हें वीजा क्यों दिया है। इनमें से कई लोग झूठे दस्तावेजों पर कनाडा जाते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109